RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 109
फरीदाबाद, शुक्रवार, 26 मई, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




मुंबई इंडियंस को मिलेगी गुजरात टाइटंस से कड़ी चुनौती

पेज - 12

## वृद्धा पेंशन घोटाले की सीबीआइ करेगी जांच, 2011 में हुआ था खुलासा

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**प्रदेश** में 13 साल पहले हुए पेंशन घोटाले की जांच अब सीबीआइ करेगी। पंजाब हरियाणा हाइकोर्ट ने इस मामले की सुनवाई के दौरान यह आदेश जारी किए हैं। राज्य के इस पेंशन घोटाले का खुलासा 2011 में सीएजी की रिपोर्ट में हो चुका है। कैग की रिपोर्ट में कहा गया था कि यह करोड़ों रुपये का घोटाला है।

इस घोटाले में कई ऐसे जनप्रतिनिधि भी शामिल थे, जो अंडर ऐज होने के बाद भी वृद्धावस्था पेंशन ले रहे थे। हाइकोर्ट ने अपने आदेश में सीबीआई को जांच के लिए दो महीने का समय दिया है। हरियाणा में यह घोटाला 2011 के दौरान हुआ है। उस समय कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरकार थी। यदि इस मामले में सीबीआई जांच के दौरान घोटाले की बात सामने आती है तो पूर्व सीएम की मुश्किलें बढ़ जाएंगी। हाइकोर्ट के इस फैसले के बाद राज्य की सियासत में हलचल तेज हो गई है।

इस मामले की जांच के लिए कुरुक्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने हाइकोर्ट में सुनवाई के लिए याचिका लगाई है। याचिकाकर्ता के एडवोकेट प्रदीप कुमार ने बताया कि इस मामले में दो प्रकार के लोगों को गलत तरीके से बेनिफिट दिया गया। एक वे लोग थे, जिनकी

### हाइकोर्ट ने दिए आदेश, 60 से कम उम्र के लोग ले रहे थे लाभ

### सीबीआइ जांच के कारण कसेगा पूर्व सीएम हुड्डा पर शिकंजा

मृत्यु हो चुकी थी, लेकिन उसके बावजूद भी उनके नाम से बुढ़ापा पेंशन जाती रही। दूसरा जो अंडर ऐज होने के बावजूद भी यह पेंशन का लाभ ले रहे थे। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाए हैं कि इस पेंशन का लाभ सूबे में 40 और 50 साल के उम्र के लोग ले रहे थे। इसके अलावा वह लोग भी पेंशन का लाभ ले रहे थे, जो इसके हकदार ही नहीं थे। सरकार ऐसे लोगों को पहले से ही दूसरे मद में पेंशन दे रही थी। यह भी बताया जा रहा है कि इस मद में कई पूर्व सरपंच और पंच भी शामिल हैं।

इस मामले में कुरुक्षेत्र के एक व्यक्ति ने ईडी-सीबीआइ और हरियाणा सरकार को पत्र लिखकर जांच कराने की मांग की थी। मामले में कैग की रिपोर्ट भी सामने आई थी, कैग ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि यह बहुत बड़ा घोटाला है। बावजूद, मौजूदा सरकार ने इस मामले में कोई संज्ञान नहीं लिया। एडवोकेट ने कहा कि मामले में कोई कार्रवाई न होने के चलते 2017 में हाइकोर्ट में सीबीआइ जांच के लिए याचिका दायर की गई थी। पिछले डेढ़ साल के दौरान हाइकोर्ट द्वारा एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) के महानिदेशक और सोशल वेलफेयर डिपार्टमेंट के प्रिंसिपल सेक्रेटरी से हलफनामा मांगा गया था, इस मामले में अब तक क्या कार्रवाई हुई है। कोर्ट ने पूछा था कि 2011-2023 तक इस मामले में क्या कार्रवाई हुई।



विस्तृत खबर पेज-8 पर

## कुरुक्षेत्र में पेट्रोल पंप पर रुके राहुल गांधी, स्थानीय नेताओं से रहे दूर

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



**कांग्रेस** के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी गुरुवार को दिल्ली जाते समय अचानक से कुरुक्षेत्र के शाहाबाद में एक पेट्रोल पंप पर रुके। पेट्रोल पंप से गाड़ियों में तेल भरवा कर उनका काफिला दिल्ली के लिए रवाना हो गया। राहुल गांधी के शाहाबाद पंप पर होने की सूचना मिलते ही स्थानीय नेता भी उनसे मिलने पहुंचे, मगर उनकी किसी से मुलाकात नहीं हो पाई। बता दें कि राहुल गांधी शिमला जाते समय दिल्ली में ट्रक से चंडीगढ़ पहुंचे थे।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी हिमाचल प्रदेश के शिमला से दिल्ली की ओर रवाना हुए थे। इस दौरान वह नेशनल हाइवे पर स्थित शाहाबाद के एक पेट्रोल पंप पर अपने काफिले के साथ रुक गए।

यहां गाड़ियों में पेट्रोल भरवाने के बाद उनका काफिला दिल्ली की ओर रवाना हो गया। बता दें, कुछ दिन पहले राहुल गांधी अंबाला से ट्रक में बैठकर हिमाचल प्रदेश की ओर गए थे। इस दौरान उन्होंने ट्रक चालकों से बातचीत भी की थी।

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,872 | 98.98 |
| निफ्टी | 18,321 | 35.75 |
| सोना | 60,250 | 430 /10 gm |
| चांदी | 72,450 | 750 /kg |

### मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 35.00°C
न्यूनतम 24.00°C

### क्विक न्यूज

### स्टालिन ने किया अमूल कंपनी का विरोध, शाह को शिकायत



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने गुरुवार को गृहमंत्री अमित शाह को दूध ब्रांड अमूल को लेकर पत्र लिखा है। उन्होंने शाह से अमूल को प्रदेश की को-ऑपरेटिव आविन से तुरंत दूध लेना बंद करने के निर्देश देने की अपील की है। इससे पहले कर्नाटक में अमूल और राज्य के नंदिनी ब्रांड को लेकर टकराव के हालात बने थे। स्टालिन ने पत्र में लिखा कि अब तक अमूल राज्य में अपने केंद्रों से दूध बेचता था, लेकिन अब आविन से दूध खरीदने लगा है। हमें जानकारी मिली है कि हाल में अमूल ने अपने मल्टी स्टेट को ऑपरेटिव लाइसेंस का इस्तेमाल करके राज्य के कृष्णागिरि जिले में चिलिंग सेंटर और प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित किया है।


विज्ञापन के लिए करें संपर्क
Rakesh Kapoor 9582468441


# नये संसद भवन का राष्ट्रपति से उद्घाटन कराने को याचिका दायर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



### सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई है जनहित याचिका

### समारोह का 20 विपक्षी पार्टियों ने बहिष्कार किया केवल 17 दल होंगे शामिल

**संसद** के नए भवन के उद्घाटन को लेकर शुरू हुआ राजनैतिक विवाद थम नहीं रहा है। 40 पार्टियों में से कांग्रेस समेत 20 विपक्षी पार्टियों ने इसके बहिष्कार का ऐलान किया है। उधर, भाजपा समेत 17 पार्टियों ने सरकार के न्योते को स्वीकार कर लिया है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट में राष्ट्रपति से नए संसद भवन का उद्घाटन कराने का निर्देश देने वाली याचिका दायर की गई है। याचिकाकर्ता का कहना है कि लोकसभा सचिवालय ने राष्ट्रपति को उद्घाटन के लिए आमंत्रित नहीं करके संविधान का उल्लंघन किया है। विपक्ष का कहना है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को दरकिनार कर प्रधानमंत्री से इसका इनॉग्रेशन कराने का निर्णय न केवल गंभीर अपमान है, बल्कि यह लोकतंत्र पर भी सीधा हमला है।



बुधवार को विपक्षी दलों के संयुक्त बयान में कहा गया था कि इस सरकार ने संसद से लोकतंत्र की आत्मा को निकाल दिया गया है। ऐसे में नए भवन का कोई मतलब नहीं है। बता दें, नए संसद भवन का 28 मई यानी रविवार सुबह हवन के साथ पूजा होगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोपहर 12 बजे भवन का उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर संसद भवन के निर्माण में योगदान देने वाले श्रमयोगियों का सम्मान भी किया जाएगा। यह भी पता रहे कि इस मसले पर कांग्रेस नेता जयराम नरेश ने कहा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रांची में देश के सबसे बड़े न्यायिक परिसर का उद्घाटन किया। यह एक व्यक्ति के अहंकार और आत्म-प्रचार की इच्छा है, जिसने पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति को 28 मई को नए संसद भवन का उद्घाटन करने के संवैधानिक विशेषाधिकार से वंचित कर दिया है। गुलाम नबी आजाद ने कहा कि जहां तक नया संसद भवन बनाने की बात है तो यह नई बात नहीं है। यह 32 साल पहले कांग्रेस की सोच थी। अब कोई इसका बहिष्कार करता है या उद्घाटन समारोह में नहीं जाता है तो इस पर उन्हें कोई टिप्पणी नहीं करनी है। नए भवन का निर्माण जरूरी था और यह अच्छा है कि अब यह बन गया है।

### भाजपा समेत 18 पार्टियां शामिल होंगी

भाजपा, शिवसेना (शिंदे गुट), शिरोमणी अकाली दल, बसपा, एनपीपी, एनडीपीपी, एसकेएम, जजपा, आरएलजेपी, आरपी (अठावले), अपना दल (एस), तमिल मनीला कांग्रेस, एआइएडीएमके, बीजेडी, तेलुगुदेशम पार्टी, वाइएसआर कांग्रेस, आइएमकेएमके और एजेएसयू एमएनएफ संसद भवन उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे। शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जाए तो इनका लोकसभा में 60.82 फीसद (सदस्य 328) और राज्यसभा में 42.86 फीसद (102 सदस्य) प्रतिनिधित्व है।

### 20 पार्टियां विरोध कर रहीं

कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके, आम आदमी पार्टी, शिवसेना (उद्धव गुट), समाजवादी पार्टी, राजद, सीपीआइ, जेएमएम, केरल कांग्रेस (मणि), वीसीके, रालोद, राकांपा, जेडीयू, सीपीआइ (एम), आइयूएमएल, नेशनल कॉन्फ्रेंस, आरएसपी, एआइएमआइएम और एमडीएमके संसद भवन उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होंगे। शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जाए तो इनका लोकसभा में 26.38 फीसद (कुल 143 सदस्य) और राज्यसभा में 38.23 फीसद (91 सदस्य) प्रतिनिधित्व है।

## दिल्ली-पानीपत मेट्रो प्रोजेक्ट पर दिल्ली ने ही लगाया अड़ंगा, एनओसी से इंकार

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



### एनर्जी डिपार्टमेंट-रेलवे स्टेंडिंग कमेटी की मीटिंग में उठा मुद्दा

**दिल्ली** से पानीपत तक मेट्रो प्रोजेक्ट विस्तार को लेकर दिल्ली सरकार ने अड़ंगा लगा दिया है। प्रोजेक्ट विस्तार को लेकर हुई केंद्रीय पावर एनर्जी डिपार्टमेंट और रेलवे स्टेंडिंग कमेटी मीटिंग में चर्चा हुई। प्रोजेक्ट विस्तार को लेकर दिल्ली द्वारा एनओसी नहीं दिए जाने का मुद्दा उठा। मीटिंग के बाद राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार ने केजरीवाल सरकार पर बड़ा बयान देते हुए कहा कि दिल्ली-पानीपत के बीच मेट्रो में दिल्ली की केजरीवाल सरकार बाधा बनी हुई है।

केंद्रीय पावर एनर्जी डिपार्टमेंट और रेलवे स्टेंडिंग कमेटी की मीटिंग में राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार ने बतौर कमेटी मेंबर हिस्सा लिया। बैठक में रेलवे और एनर्जी डिपार्टमेंट के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रेलवे और मेट्रो के मुद्दे को लेकर चर्चा हुई।

दिल्ली से पानीपत मेट्रो विस्तार पर हरियाणा सरकार ने तो सहमति दी, लेकिन दिल्ली की केजरीवाल सरकार द्वारा एनओसी नहीं दिए जाने की जानकारी दी गई। दिल्ली-पानीपत कॉरिडोर का उद्देश्य राष्ट्रीय राजधानी को हरियाणा के मुरथल, गन्नौर, समालखा और पानीपत से जोड़ना है। एनसीआरटीसी के एक अधिकारी ने बताया कि इससे इंडस्ट्री, एजुकेशन, स्पोर्ट्स, ऑफिस, रेजिडेंशियल समेत हर तरह के विकास कार्यों में तेजी आएगी। 103 किमी की कुल लंबाई के साथ कॉरिडोर में मुरथल डिपो सहित 17 स्टेशन होंगे।

### कूनो में दो और चीता शावकों ने तोड़ा दम

**श्योपुर।** कूनो नेशनल पार्क में मादा चीता ज्वाला के दो और शावकों ने दम तोड़ दिया। इससे पहले मंगलवार को एक शावक की मौत हुई थी। चीता ज्वाला ने 27 मार्च को चार शावकों को जन्म दिया था। इनमें से अब एक ही बचा है। कूनो में दो महीने में छह चीतों की मौत हो चुकी है।

पार्क में एक शावक की मौत के बाद तीन अन्य शावकों की स्थिति भी ठीक नहीं लग रही थी, इसे ध्यान में रखते हुए कूनो वन्य प्राणी चिकित्सकों की देखरेख में तीनों शावकों को रखा गया था। अधिक तापमान होने और लू के चलते इनकी तबीयत खराब होने की बात सामने आई है। गुरुवार को इलाज के दौरान इनमें से दो की मौत हो गई है। एक की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। पहली खेप में नामीबिया से आठ चीतों को कूनो नेशनल पार्क लाया गया था। पहले तीन चीतों और फिर एक-एक कर तीन चीता शावकों की मौत हो गई। अब कूनो में 18 चीते ही रह गए हैं।

## एनआरआइ सेल का होगा गठन, प्रवासियों को मिलेगा शिकायतों का समाधान

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**प्रदेश** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज की चिट्ठी पर राज्य के अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। विदेशों में रहने वाले हरियाणा के मूल निवासियों की शिकायतों को दूर करने और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए स्पेशल नॉन रेजिडेंट इंडियन (एनआरआइ) सेल गठन का काम शुरू हो गया है। इसका खुलासा हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने फॉरेन मिनिस्ट्री और विदेश सहयोग विभाग द्वारा आयोजित विदेश संपर्क प्रोग्राम के दौरान दी।

सीएस ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रवासियों से संबंधित मुद्दों से निपटने के लिए प्रवासियों और राज्य सरकारों के साथ साझेदारी को बढ़ावा देना है।

हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज ने विदेशों में रहने वाले हरियाणवियों के हितों को लेकर 13 दिन पहले चिंता जताई थी। उन्होंने इस दौरान मुख्य सचिव संजीव कौशल को लेटर भी लिखा था। लेटर में विज ने हरियाणा वासियों के हितों को ध्यान में रखते हुए राज्य में एनआरआइ शिकायत निवारण प्रकोष्ठ के गठन करने को कहा था। इससे पहले भी विज ने एक लेटर लिखा था, जिसको लेकर काफी कंट्रोवर्सी हुई थी।



गृहमंत्री अनिल विज के पत्र से एक्टिव हुए अधिकारी

## प्रवीण सूद ने सीबीआइ डायरेक्टर का पदभार संभाला

एजेंसी। नई दिल्ली




**कर्नाटक** के पूर्व डीजीपी प्रवीण सूद ने गुरुवार को सीबीआइ के डायरेक्टर का पदभार संभाल लिया है। 14 मई को उन्हें डायरेक्टर नियुक्त किया गया था। 1986 बैच के आइपीएस अधिकारी सूद दो साल तक इस पद पर रहेंगे। वे मई 2024 में रिटायर हो रहे हैं, लेकिन इस नियुक्ति के साथ ही उनका कार्यकाल मई 2025 तक बढ़ गया है। सीबीआइ के मौजूदा डायरेक्टर सुबोध कुमार जायसवाल का कार्यकाल शुक्रवार समाप्त हो चुका है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले 14 मार्च को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने उन्हें नालायक कहा था। शिवकुमार ने कहा था कि हमारे डीजीपी इस पद के लायक नहीं हैं। वह तीन साल से डीजीपी हैं, लेकिन भाजपा कार्यकर्ता की तरह काम करते हैं।

## जीएसटी इंस्पेक्टर और सहायक 15 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

### एसीबी की डीएसपी मीना कुमारी के नेतृत्व में हुई कार्रवाई



**जीएसटी** इंस्पेक्टर और उसके सहायक को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी इंस्पेक्टर का नाम विक्रम और सहायक का नाम विनय है। जीएसटी भरने को लेकर विभाग में अभियान चलाया हुआ है। इसके तहत एक फर्म मालिक इंस्पेक्टर विक्रम के पास गया और अपना जीएसटी नंबर रद्द करने के लिए आवेदन किया। इसकी एवज में इंस्पेक्टर ने उससे 15 हजार रुपये रिश्वत की मांग की।

फर्म मालिक ने इसकी शिकायत एसीबी को कर दी। डीएसपी मीना कुमारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। फर्म मालिक ने शुक्रवार शाम को सेक्टर-12 स्थित कराधान भवन के बाहर बुलाकर जैसे ही इंस्पेक्टर को रिश्वत की रकम पकड़ाई, एसीबी की टीम ने इंस्पेक्टर और उसके सहायक को दबोच लिया।

उनके पास से रिश्वत की रकम भी बरामद हो गई। आरोपियों को शुक्रवार को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा।

## 30 बच्चों से कुकर्म के बाद हत्या करने वाले को उम्रकैद

**नई दिल्ली।** दिल्ली की रोहिणी कोर्ट ने छह साल की लड़की से दुष्कर्म और हत्या से जुड़े केस के दोषी रविंदर कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। रविंदर 2008 से 2015 के बीच 30 बच्चों के अपहरण और हत्या में शामिल था। अभी केवल तीन मामलों की सुनवाई हुई है। रविंदर एक सीरियल रेपिस्ट और किलर है। वह दिल्ली में मजदूरी करता था और नशे का आदी था। रविंदर ने सात साल में 30 बच्चों का रेप किया और उन्हें मार दिया था। उसने ज्यादातर रेप दिल्ली एनसीआर और पश्चिमी यूपी के इलाकों में किए थे। रविंदर ने खुद अपना गुनाह कबूल किया था।

## पहलवानों के समर्थन में हुई महापंचायत

## बेटियों का शोषण करने वाला बृजभूषण श्रीराम हो गया: विनेश फौगाट

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

### बजरंग पूनिया ने कहा सिर झुका सकते हैं तो सिर काट भी सकते हैं



**भारतीय** कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पहलवान जंतर-मंतर पर लगातार 32 दिन से धरने पर बैठे हैं। इस बीच गुरुवार को खटकड़ टोल पर महापंचायत हुई, जिसमें जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक, बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट भी पहुंचे। इस मौके पर बजरंग पूनिया ने कहा कि ये लड़ाई हम जरूर जीतेंगे। बृजभूषण कहते हैं कि उनका कोई कुछ नहीं कर सकता, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि हम सिर झुका सकते हैं तो फिर हमें शर्मसार करने वाले का सिर काट भी सकते हैं।

विनेश फोगाट ने कहा, महिला खिलाड़ी अपने साथ हो रहे शोषण के कारण पिछले 12 साल से तिल-तिल मर रही थी। बृजभूषण दरिंदा नोच-नोच कर खा रहा था। वह अपने घर वालों को भी नहीं बता पा रही थी। अब अपनी जान हथेली पर रखकर उन्होंने अन्याय के खिलाफ सड़क पर बैठना पड़ा है। विनेश ने इसके बाद ट्वीट करते हुए लिखा- देश की बेटियों का शोषण करने वाला बृजभूषण आज श्री राम हो गया, मेरे भारत देश में खेल रत्न बेटियों का मंथरा नाम हो गया।

विनेश फोगाट ने कहा कि जब वह मेडल लेकर आए थे तो लगा था कि यहां बेटियों की बहुत इज्जत होती है, लेकिन अब यह हाल है कि वह सड़कों पर बैठी हैं और कोई सुध नहीं ले रहा है। यह तिरंगे की आन-बान की लड़ाई है। जान चली जाएगी लेकिन शान नहीं जाने देंगे। कुश्ती ही नहीं, सभी खेलों में बृजभूषण जैसे दरिंदे बैठे हैं, अब सभी को उखाड़ फेंकेंगे, लेकिन इसके लिए सभी पीढ़ियों को आगे आना होगा। पहलवानों के खिलाफ दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में याचिका दायर की गई है।

याचिकाकर्ता बम-बम महाराज की तरफ से अधिवक्ता एपी सिंह ने कोर्ट में याचिका दायर की है। इस याचिका में कहा गया है कि पहलवान विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक सहित अन्य पहलवानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह पर झूठे आरोप लगाए हैं। उन्होंने जंतर-मंतर से भड़काऊ भाषण दिए। कहा गया है कि बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ लगाए गए सभी आरोप झूठे हैं। इस तरह का आरोप किसी के दबाव में व्यक्तिगत लाभ के लिए लगाए गए हैं। आगे कहा है कि आरोपी पहलवान अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट भी खेलते हैं। इनमें कोई भी कथित अपराध का विरोध करने में शारीरिक या दूसरे तरीकों से कमजोर नहीं है। इसलिए इस बात पर भरोसा करना मुश्किल है कि उन्हें एक 66 साल के व्यक्ति ने परेशान किया था।

याचिका में कहा गया है कि इनमें से किसी भी पहलवान ने पहले न तो कथित उत्पीड़न का विरोध किया और न ही पुलिस स्टेशन, महिला हेल्पलाइन या राज्य महिला आयोग में कोई लिखित या मौखिक शिकायत दी या मुकदमा दर्ज कराया। जंतर-मंतर पर पहलवानों का विरोध प्रदर्शन महज पुलिस और अदालत पर अनावश्यक दबाव बनाने के लिए बनाया जा रहा है।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर न हो जलभराव, कराई जा रही नालों की सफाई

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

### बरसात से पहले एनएचएआई द्वारा किया जा रहा है इंतजाम

**राष्ट्रीय** राजमार्ग पर बारिश के दिनों में जलभराव की समस्या नहीं होगी। इसके लिए एनएचएआई और नगर निगम तैयारियों में जुट गए हैं। हाईवे पर जलभराव की समस्या को दूर करने पर करीब 29 करोड़ रुपये खर्च होंगे। हाईवे पर ट्रेंचलेस तकनीक (बिना सड़क की खुदाई किए) से पाइप डाले जाएंगे।

स्मार्ट सिटी फरीदाबाद में बारिश के दिनों में जलभराव की गंभीर समस्या रहती है। हल्की बारिश में कॉलोनियों, सेक्टरों और हाईवे पर जलभराव हो जाता है। इससे लोगों को परेशानी होती है। दूसरी ओर हाईवे पर जलभराव होने से दिल्ली-मथुरा हाईवे पर लंबा जाम लग जाता है और लोगों को परेशानी होती है। इससे प्रशासन की किरकिरी होती है। दूसरा यातायात पुलिस को भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। ऐसे में हाईवे पर इस साल मानसून सीजन में जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए प्रशासन अभी से तैयारी में जुट गया है। इसके लिए पुलिस विभाग, नगर निगम और एनएचएआई ने जलभराव वाली जगहों की पहचान की हुई है। अब नगर निगम और एनएचएआई बारिश के पानी की निकासी के इंतजाम में जुट गए हैं। हाईवे पर पानी निकासी के लिए पाइप लाइन



डालने के लिए खुदाई कराने से यातायात प्रभावित होगा। लिहाजा इसके लिए ट्रेंचलेस विधि का उपयोग किया जाएगा, यानि बिना सड़क की खोदाई किए मशीन से पानी निकासी के लिए पाइप डाले जाएंगे। हाईवे पर जलभराव वाली जगहों पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) पाइप लाइन डालेगा। इन पाइप को नगर निगम के डिस्पोजलों से जोड़ा जाएगा। इस पर करीब 29 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह कार्य एनएचएआई द्वारा कराया जाएगा। हाईवे पर अजरौंदा चौक, बाटा चौक, बल्लभगढ़, ओल्ड फरीदाबाद समेत अन्य जगहों जलभराव होता है। दूसरी ओर शहर के प्रमुख नालों को नगर निगम साफ कराएगा। इसके लिए अलग से निगम कदम उठाने जा रहा है। इसमें छह प्रमुख नालों की सफाई कराई जानी है।

हाईवे का पानी नगर निगम के डिस्पोजल सेंटरों पर जाने से वहां पानी का दबाव बढ़ जाएगा। ऐसे में निगम डिस्पोजल सेंटरों पर मोटरों की संख्या, बिजली के ट्रांसफार्मर और अतिरिक्त जेनसेट लगाए जाएंगे। निगम के अनुसार जहां पर तीन मोटर हैं, वहां पांच मोटर लगाई जाएंगी। उसी अनुसार तीन माह के लिए अतिरिक्त जेनसेट का इंतजाम कराया जा रहा है। बिजली सप्लाई बेहतर करने के लिए ट्रांसफार्मर बदले जाएंगे। इस पर जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। इससे जुलाई से पहले पूरा करने का लक्ष्य है। नौ डिस्पोजल सेंटरों को बेहतर किया जाएगा।

हाईवे से ग्रेटर फरीदाबाद जाने के लिए बीच में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के साथ गुरुग्राम नहर व आगरा नहर है। बारिश का पानी गुरुग्राम नहर में डाला जाना है। इसके लिए बदरपुर बॉर्डर से बल्लभगढ़ के बीच गुरुग्राम नहर में पानी डालने के लिए एक्सप्रेसवे पर पांच जगहों पर 1200 एमएम की पाइप की लाइनें डाली जाएंगी। इसके लिए एनएचएआई को काम करना है।

# डॉक्टरों के ट्रांसफर के विरोध में ईएसआईसी के छात्रों ने किया प्रदर्शन

### छात्र बोले, सत्र के मध्य में न किया जाए ट्रांसफर, नई फैकल्टी को समझने में लगेगा समय

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**ईएसआईसी** मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में डॉक्टर व एकेडमिक स्टाफ के ट्रांसफर को लेकर विद्यार्थियों ने काली पट्टी बांध प्रदर्शन किया। ईएसआईसी प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि फैकल्टी के ट्रांसफर होने से उनकी पढ़ाई बाधित होगी। मरीजों की परेशानी बढ़ जाएगी। इसलिए आदेश को तुरंत प्रभाव से रद् किया जाए।

छात्रों ने बताया कि एनआईटी-3 स्थित ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल से साढ़े छह लाख ईएसआई कार्ड धारक जुड़े है।



ट्रांसफर के विरोध में प्रदर्शन करते विद्यार्थी।

फरीदाबाद समेत गुरुग्राम, होडल, पलवल, हथीन, सोनीपत, पानीपत, रेवाड़ी और देश के अनेक राज्यों से करीब 4500 मरीज रोजाना इलाज के लिए पहुंचते हैं। कॉलेज में मेडिकल की 100 सीटें हैं। कॉलेज में कुछ विद्यार्थी द्वितीय, तृतीय वर्ष की पढ़ाई कर रहे हैं। वहीं कई विद्यार्थियों का इस साल अंतिम सत्र चल रहा है। कॉलेज में विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए 20 वरिष्ठ डॉक्टरों का फैकल्टी स्टाफ है। ये विद्यार्थियों को पढ़ाने के साथ अपने अपने विभागाध्यक्ष है। मरीजों को भी देखते है। गंभीर मरीजों के इलाज के संबंध में शुरुआत से उन्हें पूरी जानकारी दी है। ट्रांसफर होने से नए डॉक्टर आएंगे और शुरुआत से मरीजों का फिर इलाज शुरू करेंगे। इससे मरीजों की परेशानी बढ़ सकती है। वहीं कई विद्यार्थी एमडी (डॉक्टर ऑफ मेडिसिन) और एमएस (मास्टर ऑफ सर्जरी) कर रहे हैं। ये प्रोफेसर विद्यार्थियों के गाइडर (सलाहकार) भी हैं। एकेडमिक सत्र एक बार ही सलाहकार बनते हैं। यदि वे बीच में चले जाएं या ट्रांसफर हो जाए तो बीच सत्र में उनकी जगह दूसरा कोई नहीं बन सकता है। इससे विद्यार्थी की रिचर्स पर असर पड़ेगा। गाइड न होने से उसकी एमडी, एमएस रद्द भी होने का भी खतरा बढ़ गया है। इससे लेकर विद्यार्थियों में काफी रोष है। बृहस्पतिवार को विद्यार्थियों ने कॉलेज में काली पट्टी बांध कर रैली निकाली। सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उनकी वरिष्ठ फैकल्टी के ट्रांसफर को रद् करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने आदेश वापस नहीं लिया तो वह किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार हैं। प्रदर्शन में विक्की, हैप्पी डागर, कुलदीप, गौरव गुर्जर, दीपिका, सोनिया, मोनिका, दीप्ति, दीपाली, प्रियंका सहित सैकड़ों विद्यार्थी मौजूद रहे।

# युवाओं व किसानों को प्रशिक्षण दिलाकर बनाया जाएगा ड्रोन पायलट

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**डीसी** विक्रम सिंह ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बजट घोषणा के समय राज्य के 500 बेरोजगार युवाओं व किसानों को ड्रोन पायलट प्रशिक्षण देने की घोषणा की थी। जिसकी अनुपालना में अब हरियाणा सरकार ने कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा के माध्यम से ड्रोन प्रशिक्षण प्रक्रिया की शुरुआत कर दी है।

उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण किसानों को पूर्णतया नि:शुल्क प्रदान किया जाएगा। जिसमें प्रशिक्षण के साथ-साथ रहने व खाने का खर्च भी विभाग द्वारा ही वहन किया जाएगा। डीसी ने योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 18 से 45 वर्ष की



आयु तक के किसान व बेरोजगार युवा इस ड्रोन पायलट प्रशिक्षण के लिए आवेदन कर सकते हैं। यह प्रशिक्षण दो चरणों में कुल आठ दिन में पूर्ण करवाया जाएगा। आवेदक कम से कम 10वीं परीक्षा पास व उसके पास वैध पासपोर्ट हो और वह किसी किसान उत्पादक संगठन या कस्टम हायरिंग सेंटर का सदस्य होना अनिवार्य है। ये सभी योग्यताएं रखने वाले इच्छुक किसान व बेरोजगार युवा ड्रोन पायलट बनने के लिए 19 मई से 13 मई तक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। सहायक कृषि अभियंता इंजीनियरिंग विजय कुमार ने बताया कि आवेदक का मूलभूत विवरण परिवार पहचान पत्र के अनुसार माना जाएगा व आवेदन करते समय पासपोर्ट व उप कृषि निदेशक द्वारा जारी संबंधित किसान उत्पादक संगठन या कस्टम हायरिंग सेंटर द्वारा किए गए कार्य का प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा। अंतिम तिथि तक पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदनों की जांच संबंधित सहायक कृषि अभियंता व उप कृषि निदेशक द्वारा की जाएगी।

# आम आदमी पार्टी फरीदाबाद के लोक सभा क्षेत्र के अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा बने

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**फरीदाबाद** लोकसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी एवं आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता पंडित राजेंद्र शर्मा को आम आदमी पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए उन्हें फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र का अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी इस नियुक्ति से जिले के आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है।

अपनी नियुक्ति पर पंडित राजेंद्र शर्मा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, संगठन महामंत्री संदीप पाठक, हरियाणा संगठन कंपेनिंग कमेटी के चेयरमैन डॉ. अशोक तंवर, प्रदेशाध्यक्ष सुशील कुमार गुप्ता, सीनियर वाइस प्रेसीडेंट अनुराग ढांडा सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी पार्टी से उन्हें सौंपी है,



उसे वह पूरी तत्परता से निभाएंगे और फरीदाबाद में पार्टी संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। पंडित राजेंद्र शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर है, इस सरकार ने केवल कागजों में विकास किया है, जबकि जमीनी स्तर पर लोग जनसुविधाओं के लिए त्राहि-त्राहि करने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश की जनता अब आम आदमी पार्टी की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है और आने वाले समय में देश सहित हरियाणा में आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी। उसके बाद सही मायनों में क्षेत्र का विकास किया जाएगा।

# अलायंस क्लब ने स्कूल में बच्चों को कपड़े व फल बांटे



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सरकार** के शिक्षा एक अभियान को बढावा देते हुए अलायंस क्लब इंटरनेशनल की बैंक शाखा ने शिक्षा एक अभियान ट्रस्ट नहरपार सेक्टर के एक स्कूल को अपनाया है।


यह क्लब समय समय पर इस स्कूल के बच्चों की पढ़ाई लिखाई संबंधित जरूरत पूरी करता है। इस स्कूल में सौ से अधिक बच्चे पढ़ रहे हैं, जोकि झुग्गी झोंपडी में रहते हैं। जहां अलायंस क्लब के सचिव राकेश गांधी अपनी टीम के साथ पहुंचे। अलाय अनिल गोयल, केजी अग्रवाल, वीके गोयल भी उनके साथ थे।

उन्होंने बच्चों के लिए कपड़े व फलों का प्रबंध किया। स्कूल के बच्चों ने अतिथियों के स्वागत में गीत प्रस्तुत किए तथा कुछ बच्चों ने डांस कर सभी को मोहित किया।

# एनआईटी क्षेत्र की समस्याओं को लेकर निगमायुक्त से मिले नगेंद्र भड़ाना

### ज्ञापन सौंप पानी की सप्लाई, सीवरेज लाईनें ठीक करवाने की मांग उठाई

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**एनआईटी** क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नगेंद्र भड़ाना ने क्षेत्र में व्याप्त पानी की किल्लत, ओवरफ्लो सीवरेज, टूटी सड़कों को बनवाने सहित अनेक मुद्दों को लेकर नगर निगम आयुक्त जितेंद्र यादव से मुलाकात कर उन्हें समस्याओं से अवगत करवाया।

नगेंद्र भड़ाना ने बताया कि बरसाती मौसम आने वाले समय में शुरू होने वाला है, इसलिए क्षेत्र में ओवरफ्लो सीवरेज, नाली-नालों की सफाई आदि का कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए, जिससे कि क्षेत्र की सड़कों पर जलभराव की समस्याओं का सामना न करना पड़े। वहीं उन्होंने बताया कि क्षेत्र में डबुआ कॉलोनी सहित विभिन्न कॉलोनियों में ओवरफ्लो सीवरेज की समस्या बनी हुई है, जिसके चलते लोगों को परेशानियां आती हैं। इसलिए सीवरेज की सफाई का कार्य युद्धस्तर पर करवाया जाए। इस दौरान वार्ड नंबर 10 के निवर्तमान पार्षद मनवीर भड़ाना ने बताया कि डबुआ कॉलोनी सूर्य देव नारायण बूस्टिंग टैंक से एरिया में जो पानी सप्लाई चालू की गई है, वहां पर कई जगह पानी की लाईनें लीकेज हैं। कई प्वाइंटों पर मिलान किए जाने हैं, जिससे जनता को पीने का पानी मिल सके। इन लीकेज व मिलानों का विस्तार किया जाए। उन्होंने बताया कि डबुआ कॉलोनी वार्ड नंबर 10 में जो गैस पाइन लाइन डाली जा रही है, इसके कारण पानी की लाईनें, सीवरेज की लाईनें टूट गई हैं, जिसकी वजह से क्षेत्र में गंदा पानी आ रहा है, इन सभी को रिपेयर करके ठीक करवाया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। जितेंद्र दहिया ने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कार्यो को जल्द से जल्द पूरा करने को कहा।


## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103


## नज़रिया



दिनेश रघुवंशी, कवि

**इबारत वक़्त ने लिक्खी व्यवस्था पढ़ नहीं पाई**
**नया इतिहास गढ़ना था मगर वो गढ़ नहीं पाई**
**कोई कुछ तर्क दे लेकिन ये सच है रहनुमाई भी**
**शिखर पर तो चढ़ी लेकिन नज़र में चढ़ नहीं पाई**

# इंडियन बैंक में ग्राहक मीट का आयोजन

**फरीदाबाद।** इंडियन बैंक मंडलीय कार्यालय, गुडगांव के तत्वावधान में शहर फरीदाबाद में सूक्ष्म, लघु और मध्यम इकाइयों में ग्राहकों के लिए ग्राहक मीट का आयोजन किया गया।



बैठक की अध्यक्षता इंडियन बैंक के कॉर्पोरेट ऑफिस के एमएसएमई विभाग के उप महाप्रबंधक अरबिंद किशोर सिंह एवं गुडगांव मंडल के मंडलीय प्रबंधक संजीव दुआ द्वारा संयुक्त रूप से की गई। बैठक में आये सभी गणमान्य ग्राहकों ने अपने-अपने सुझाव दिये। बैठक में बैंक द्वारा अपने उत्थान 3.0 स्कीम की विशेषताओं का वर्णन किया गया। जिसमें ब्याज में रियायत, एक प्रोसेसिंग फीस में रियायत के फायदे बताये गये। सभा का समापन संजीव दुआ के संबोधन से हुआ।

# दुर्घटना से बचने के लिए स्थान चिह्नित कर ग्रिल व जेबरा क्रॉसिंग लगाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**अतिरिक्त** उपायुक्त अपराजिता ने कहा कि जिला फरीदाबाद में सड़क सुरक्षा के नियमों की पालना करनवाने के लिए विद्यार्थियों और ड्राइविंग करने वाले लोगों को जागरूक करें।

सड़क सुरक्षा नियमों की पालना करने के लिए जिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी को जो भी दायित्व मिला है, उस विभाग के अधिकारी उसे पूरी निष्ठा के साथ सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार निर्धारित समय पर पूरा करें। अपराजिता वीरवार को आजादी के




एडीसी अपराजिता समीक्षा बैठक में सड़क सुरक्षा के नियमों के सही क्रियान्वयन के निर्देश देते हुए।

अमृत महोत्सव की श्रृंखला में जिला फरीदाबाद में सड़क सुरक्षा के नियमों सही पालना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर उपस्थित अधिकारियों और सड़क सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े गणमान्य लोगों को संबोधित कर रहीं थीं। सड़क सुरक्षा के नियमों की पालना करने के लिए पुलिस प्रशासन और हाईवे के तकनीकी अधिकारी आपसी तालमेल करके कार्य को बेहतर तरीके से क्रियान्वित करें।

सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सड़क सुरक्षा के नियमों अनुसार हैं। सड़क पर लगाई जाने वाली पट्टियां, जेबरा क्रॉसिंग प्वाइंट और ग्रिल लगाने, टूटने पर ठीक करवाने सहित बरसाती पानी या गंदा पानी इकट्ठा होता है, वहां उन स्थानों को चिन्हित करके वहां पर सभी समस्याओं को दूर करें। समीक्षा बैठक में प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारी, हरियाणा रोडवेज, ट्रांसपोर्ट, पुलिस एवं रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन के प्रतिनिधियों सहित बैठक से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। एडीसी ने कहा कि अगर कही कोई सड़क दुर्घटना होती है तो उस दुर्घटना के कारणों की सही तरीके से जांच हो और दुर्घटना में जिसकी लापरवाही हो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाए।


## गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा रामबेटी पत्नी शिव धान अपनी बेटी काव्या पुत्री शिव धान के साथ दिनांक 09.05.23 को समय रात्री करीब 3.00 बजे झुग्गी से बिना बताये कहीं चली गया है, जो अब तक वापिस घर पर नही आया है, रामबेटी का हुलिया रंग गोरा, लम्बुतरा चेहरा, पतला शरीर, 5 फुट 1 इंच बा उम्र 25 साल है, काव्या का हुलिया रंग सांवला, पतला शरीर, कद 2 फुट बा उम्र करीब 4 साल है, मुकदमा नम्बर 211 धारा 346 दिनांक 18.05.2023 अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा लड़की के बारे में पता चले तो निमन्लिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**प्रबन्धक अफसर थाना सेन्ट्रल सेक्टर-12 फरीदाबाद :- 9582200120**
**अनुसंधान अधिकारी :- 8700655454**
**मुदई :- 9910591125**


## मृतक की पहचान



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि कैन्हया पुत्र श्री जिले सिंह निवासी तिकोना पार्क दिनांक 15.05.23 को बीमार होने के कारण ईलाज के लिए बीके हस्पताल दाखिल हुआ था जिसको दिनांक 20.05.23 को डाक्टर साहब द्वारा सफदरजंग दिल्ली रेफर कर दिया गया था, जो ईलाज के दौराने दिनांक 22.05.23 कैन्हया कि बिमारी के कारण मौत हो गई है, जिसका हुलिया रंग सावला, लम्बुतरा चेहरा, दुबला पतला शरीर व ऊपर के दो दाँत टुटे हुये है, कद 5 फुट 5 इंच बा उम्र करीब 31 साल है, जिसने हरी टी शर्ट व लाल रंग का लोवर व दाएं हाथ पर एस.डी.पी व पी.एन हरदिल गुदा हुआ है, मुकदमा नम्बर 12 धारा 174 दिनांक 23.05.2023 जिस पर उपरोक्त रपट दर्ज रोजनामचा कि गई है, अगर किसी को कैन्हया पुत्र श्री जिले सिंह एमएलआर बीके हस्पताल फरीदाबाद के वारसान बारे कोई जानकारी हो तो नीचे दर्शाए गये नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**प्रभारी पुलिस चौकी नम्बर-2 :- 9582200126**
**प्रबन्धक अफसर थाना कोतवाली :- 9582200152**

## मृतक की पहचान



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि दिनांक 23.05.2023 को पुलिस चौकी हजा के टेलिफोन पर सुचना प्राप्त हुई थी, कि बीके हस्पताल में एक नामपता नामालुम व्यक्ति की ईलाज के दौराने मौत हो गई है, नाश बीके हस्पताल में रखी हुई है, नामपता नामालुम व्यक्ति की नाश शिनाख्त हेतु बीके मोर्चरी में रखी हुई है, जिसका हुलिया रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा, दुबला पतला शरीर, कोई चोट का निशान नही है, कद फुट 5 इंच 7 बा उम्र करीब 60-65 साल है, जिसने उपर सलेटी वा सफेद रंग की धारीदार शर्ट व निचे सफेद वा लाल चैकदार चादर लपेटे हुए है, मुकदमा नम्बर 32 धारा 174 दिनांक 24.05.2023 अगर किसी व्यक्ति को नामपता नामालुम नाश के बारें में पता चले तो निमन्लिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**प्रबन्धक अफसर थाना एस.जी.एम नगर :- 9582200130**
**पुलिस चौकी इन्चार्ज टाउन नम्बर-3 :- 9582200160**
**अनुसंधान अधिकारी :- 9868984242**

# मैरिंगो अस्पताल में फिजियोथैरेपी की भूमिका पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**मैरिंगो** एशिया अस्पताल फरीदाबाद ने क्रिटिकल केयर में मरीजों के लिए फिजियोथैरेपी की भूमिका के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एक सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) का आयोजन किया। जिसका विषय क्रिटिकल केयर यूनिट से मरीजों के परिणामों में सुधार के लिए फिजियोथैरेपी के महत्व ज्ञान, कार्रवाई और जवाबदेही पर आधारित था।

सीएमई का उद्देश्य आईसीयू मरीजों पर लंबे समय तक बेड रेस्ट और मैकेनिकल वेंटिलेशन (मरीज को सांस लेने में मदद करने वाली मशीन) के नकारात्मक प्रभाव को रोकने के लिए फिजियोथैरेपी को एक अत्यावश्यक हस्तक्षेप के रूप में पेश करना है। सीएमई का नेतृत्व डॉ. हिमांशु दीवान, एसोसिएट डायरेक्टर और एचओडी, क्रिटिकल केयर मैरिंगो एशिया अस्पताल फरीदाबाद



और डॉ. कपिल चौहान, क्रिटिकल केयर रिहैबिलिटेशन, मैरिंगो एशिया अस्पताल फरीदाबाद ने किया।

इस कार्यक्रम में मानव रचना विश्वविद्यालय, एसजीटी विश्वविद्यालय, केआर मंगलम विश्वविद्यालय और एमवीएन विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों से लगभग 80 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान कार्डियो रेस्पिरेटरी फिजियोथैरेपी का मुख्य उद्देश्य, क्रिटिकल केयर मानदंड, केस चर्चा और इंटेंसिविस्ट का दृष्टिकोण और फिजियोथेरेपी पर उनके विचार आदि विषयों पर चर्चा की गई। उहोंने बताया कि क्रिटिकल केयर उन मरीजों के लिए बेहतरीन देखभाल है, जो बहुत ही जोखिम भरी स्थिति में आते हैं। इसलिए उन्हें आईसीयू में निरंतर निगरानी के साथ अधिक व्यापक देखभाल की आवश्यकता होती है। इन मरीजों को लंबे समय तक शारीरिक और मानसिक जटिलताओं का सामना करना पड़ता है। उन्हें आमतौर पर वेंटिलेशन पर रखा जाता है, जो आमतौर पर उन्हें कमजोर कर देता है। मरीजों को अधिक शारीरिक कमजोरी के साथ जीवन की खराब गुणवत्ता, मांसपेशियों की कार्य क्षमता में गिरावट, बीमारी की दर में वृद्धि, मृत्यु दर और अस्पतालों में लंबे समय तक रहने जैसी समस्याएं आती हैं।

डॉ. कपिल चौहान क्रिटिकल केयर रिहैबिलिटेशन ने कहा कि कार्डियो-रेस्पिरेटरी फिजियोथैरेपी सुपर स्पेशियलिटी शाखाओं में से एक है और यह क्रिटिकल केयर (विभिन्न श्वसन या हृदय रोगों से पीड़ित या ठीक हो रहे आईसीयू मरीज) के प्रबंधन व उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। चेस्ट फिजियोथैरेपी का उद्देश्य रोगी की सांस लेने की क्षमता में सुधार करना, सांस की तकलीफ को नियंत्रित करना और सामान्य कंडीशनिंग में सुधार करना, श्वसन मार्ग से थूक की निकासी के साथ फेफड़ों की स्वच्छता बनाए रखना, जल्दी मोबिलाइजेशन (चलना) और आईसीयू में कम रहना और हॉस्पिटल से जल्दी छुट्टी दिलाना है।

अस्पताल के रीजनल डायरेक्टर डॉ. अजय डोगरा ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा कोविड के दौरान फेफड़ों की कार्यप्रणाली को बहाल करने के लिए फिजियोथैरेपी की महत्वपूर्ण भूमिका की गवाह है। जिन मरीजों ने फिजियोथैरेपी के लिए अच्छी प्रतिक्रिया दी, वे बच गए। हमने क्रिटिकल केयर में रोगियों के इलाज में योगदान देने में फिजियोथैरेपिस्ट की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचाना। मरीजों के व्यापक रिहैबिलिटेशन के लिए चिकित्सा के एक महत्वपूर्ण और सहायक हिस्से के रूप में महामारी के बाद से रिहैबिलिटेशन की यह शाखा तेजी से उभरी है।

# आपदा के समय बरती जाने वाली सावधानियों की होनी चाहिए जानकारी

## जिला सचिवालय में किया गया मॉक ड्रिल, अग्निशमन, स्वास्थ्य विभाग व रेडक्रॉस की भागीदारी जांची

## कार्यालयों के अधिकारी व कर्मचारियों ने रेस्क्यू ऑपरेशन को लाइव देखकर ली जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



मॉक ड्रिल के बाद कर्मचारियों से जानकारी लेते हुए एसडीएम शशि वसुंधरा व अन्य

**जिला** सचिवालय में सायरन बजने के साथ ही रेस्क्यू करने का कार्य शुरू किया गया। एनडीआरएफ की टीम ने लघु सचिवालय पलवल में गुरूवार को मॉक ड्रिल अभ्यास किया। जिसमें सभी संबंधित विभागों ने अपनी-अपनी जिम्मेदारियों के साथ भाग लिया। इनमें अग्निशमन, पुलिस, जिला रेडक्रॉस सोसायटी, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों की टीम ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। मॉक ड्रिल अभ्यास के दौरान एडीसी डॉ. आनंद शर्मा, एसडीएम शशि वसुंधरा, नगराधीश द्विजा, डीएसपी शाकिर हुसैन, जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल, जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव वाजिद अली, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता नरेंद्र यादव सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों ने मौजूद रहकर आपदा के समय जानमाल की सुरक्षा के लिए बरती जाने वाली सावधानियों और रेस्क्यू में अपनाई जाने वाली तकनीक का अवलोकन किया।

एनडीआरएफ, पुलिस, अग्निशमन विभाग और रेडक्रॉस की टीम द्वारा जिला सचिवालय की बिल्डिंग के तीनों फ्लोर पर मिलने वाले विक्टिम्स को स्टेबलाइज किया गया। रेस्क्यू के दौरान टीम के सदस्यों ने विक्टिम को स्ट्रेचर के माध्यम से रेडक्रॉस प्राथमिक उपचार टीम के पास ले जाकर प्राथमिक उपचार देने के बाद रिस्पॉन्स टाइम के अंदर पहुंची एंबुलेंस द्वारा उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। एनडीआरएफ टीम ने ग्राउंड फ्लोर का डोर काट कर सदस्यों को भवन के अंदर भेजा और सीढ़ियों की सहायता से दूसरी व तृतीय फ्लोर से विक्टिम्स को स्ट्रेचर पर सही तरीके से बांधकर बाहर निकाला। इस दौरान एनडीआरएफ, पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम ने आपस में निरंतर वॉकीटॉकी द्वारा समन्वय बनाकर बिल्डिंग में फंसे सभी विक्टिम्स को बाहर निकाला। इसके उपरांत रेस्क्यू टीम ने आपदाग्रस्त बिल्डिंग में फाइनल सर्च रेस्क्यू किया, ताकि कोई विक्टिम भवन में फंसा हुआ न रह गया हो। आपदा प्रबंधन की इस पूरी प्रक्रिया को सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने लाइव देखा और भविष्य में प्राकृतिक आपदा के समय स्वयं के साथ-साथ दूसरों की जानमाल की सुरक्षा करने में सहायक समस्त तरीकों की जानकारी ली।

एडीसी डॉ. आनंद शर्मा ने कहा कि सभी आमजन को प्राकृतिक आपदा के समय बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी अवश्य होनी चाहिए, ताकि समय रहते भूकंप, बाढ़, आगजनी जैसे प्रकोप से जान-माल की सुरक्षा की जा सके।

एसडीएम शशि वसुंधरा, नगराधीश द्विजा ने संयुक्त रूप से एनडीआरएफ की टीम के निरीक्षक चंदन सिंह से आपदा के दौरान रेस्क्यू करने में इस्तेमाल किए जाने वाले कटिंग इक्विपमेंट, जेनरेटर, जीपिंग, आरा, ड्रील, लकडी व लोहा को काटने में इस्तेमाल होने वाली कटर, कंटीमिनेशन मॉनिटर, रेडिएशन सर्वे मीटर, रेमसेट सहित सभी उपकरणों व मशीनों के बारे में जानकारी ली।

एसडीएम शशि वसुंधरा ने रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद जिला सचिवालय में स्थित अपने कार्यालय में रेस्क्यू टीम के सभी सदस्यों के साथ बैठक कर धन्यवाद किया। सभी से आपदा के समय किए जाने वाले कार्यों के सुझाव भी साझे किए। उन्होंने एनडीआरएफ टीम द्वारा सभी लघु सचिवालय के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के समक्ष रेस्क्यू ऑपरेशन कर उन्हें जागरूकता व सजग रहने के लिए प्रेरित करने के लिए विशेषकर धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर होते रहने चाहिए ताकि लोगों में और अधिक जागरूकता आएं और आमजन आपदा से निपटने में सक्षम बने।

# विधायक नरेंद्र गुप्ता ने ली 26 सरकारी स्कूलों के प्रधानाचार्यों की बैठक



प्रधानाचार्यों व शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में चर्चा करते विधायक नरेंद्र गुप्ता।

## सरकारी स्कूलों के इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूती, परीक्षा परिणाम सहित कई मुद्दों पर हुई चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**फरीदाबाद** विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक नरेंद्र गुप्ता ने विधानसभा के अंतर्गत आने वाले 26 सरकारी स्कूलों के प्रधानाचार्यों के साथ अपने कार्यालय पर बैठक ली। इस दौरान जिला शिक्षा विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। विधायक ने सरकारी स्कूलों में इंफ्रास्ट्रक्चर की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी ली।

इस दौरान कई स्कूलों के प्रधानाचार्यों ने विधायक को अवगत कराया कि स्कूल में कमरों का निर्माण कार्य काफी अर्से से अधूरा पड़ा है। इसके अलावा कई स्कूलों में इमारतों की हालत खराब है। ऐसे में विधायक ने इस मामले में स्कूलों का निरीक्षण कर इसका समाधान निकालने का आश्वासन दिया और इस बावत जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए। इसके अलावा उनकी विधानसभा क्षेत्र में आने वाले सरकारी स्कूलों में जिन स्कूलों को वार्षिक परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहेगा, उनके प्रिंसिपल व अध्यापकों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे स्कूल के प्रिंसिपल व अध्यापकों को प्रोत्साहन मिलेगा। विधायक ने स्कूलों में अधूरे पड़े निर्माण कार्यों को लेकर भी निगमायुक्त से इस बारे में बात करने तथा अधूरे पड़े कार्यों को पूरा करवाने की बात कही। इसके अलावा सेक्टर-7 के सरकारी स्कूल के आसपास असामाजिक तत्वों द्वारा परेशान करने की शिकायत पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने तुरंत संज्ञान लेते हुए स्थानीय पुलिस को इस मामले में एफआईआर कर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि सभी सरकारी स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारें। इसके लिए वे हर संभव सहयोग के लिए तैयार हैं तथा इसी कड़ी में सरकारी स्कूलों के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए भी वे कार्य कर रहे हैं।

# संक्षिप्त समाचार

### मसूरी में दोस्तों के साथ घूमने गए पलवल के युवक की मौत

**पलवल।** पलवल जिले का एक युवक दोस्तों के साथ मसूरी घूमने गया और कैंपटी फॉल में गिर गया। हादसे में घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। होडल थाना पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर धारा 174 की कार्रवाई की है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। गांव बेढा पट्टी निवासी प्रताप ने होडल थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि उसका छोटा भाई 35 वर्षीय प्रदीप अपने चार दोस्तों के साथ मसूरी घूमने गया था। बुधवार शाम करीब साढ़े चार बजे कैंपटी फॉल में नहाते समय प्रदीप का पैर फिसल गया और वह नीचे गिर गया। हादसे में प्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रदीप के दोस्त उसे तुंरत उपचार के लिए निजी अस्पताल में ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रताप ने बताया कि प्रदीप शादीशुदा था तथा उसके दो बच्चे हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार्रवाई करके शव का पोस्टमार्टम करा दिया है। शव परिजनों को भी दे दिया गया है।

### जींद रैली में शामिल होंगे पीडब्ल्यूडी यूनियन के कर्मचारी

**पलवल।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्ज यूनियन ने सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के तत्वावधान में जींद में आयोजित होने वाली चेतवानी रैली के लिए वीरवार को पीडब्ल्यूडी के तीनों विभागों में संपर्क अभियान चलाया। अभियान में यूनियन के राज्य उप प्रधान राकेश तंवर, जिला प्रधान रमेश डागर, विपिन शर्मा, भूदेव शर्मा, हरकेश सौरोत, सतपाल करहाना व रुपचंद डागर शामिल रहे। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए राकेश तंवर ने बताया कि यूनियनों ने पूर्ववर्ती हुड्डा सरकार से 2014 में संघर्ष करके कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने, पंजाब के सामान वेतनमान देने और कैशलैस चिकित्सा सुविधा आदि मांगों को लेकर यूनियनों ने बड़े संघर्ष के बाद नीति बनवाई थी, लेकिन वर्तमान सरकार ने समीक्षा के नाम पर दबाए रखा है। मेडिकल चिकित्सा भत्ता 1000 रुपये से बढ़ा कर 3000 रुपये मासिक किया जाए। उन्होंने आगे बताया कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में कौशल रोजगार निगम में कर्मचारियों का नाम गलत दर्ज किया जा रहा है, ना ही पोर्टल पर कर्मचारियों का अनुभव दर्ज किया जा रहा है। सिंचाई विभाग, भवन एवम सड़क निर्माण व जन स्वास्थ्य विभाग से सैकड़ों कर्मचारी जींद रैली में शामिल होंगे।

### जूट बैग प्रशिक्षण का समापन एवं मूल्यांकन किया



**पलवल।** पीएनबी आरसेटी पलवल परिसर में 13 दिवसीय जूट बैग उद्यमी बैच का समापन हुआ। जिसमें गांव अल्लीका कि 33 महिलाओं ने हिस्सा लिया। श्रीराम संजीवन ईडीपी एसेसर एवं कोमल ने सभी प्रशिक्षणार्थियों का मूल्यांकन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ओम प्रकाश एंडले एलडीएम एवं संतराम डागर पलवल रहे। उन्होंने सभी महिलाओं को रोजगार स्थापित करने के लिए बैंकों से लोन दिलवाने का भरोसा दिया। रवि शर्मा, निदेशक, पीएनबी आरसेटी ने बताया कि यह संस्थान वर्ष 2011 से बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए स्वरोजगार की ट्रेनिंग प्रदान कर रहा है। पलवल जिले का कोई भी बेरोजगार युवक या युवती निशुल्क ट्रेनिंग लेकर के अपना रोजगार स्थापित कर सकता है। छोटे-छोटे कार्य से ही बड़ा बिजनेस स्थापित होता है। इस अवसर पर मेमबती, कोमल, काजल, ममता, तन्नू, पूनम, भारती इत्यादि महिलाओं ने भाग लिया।

### महिला से घर में घुसकर छेड़छाड़ कर मारपीट की

**पलवल।** मायके गई महिला से कुछ लोगों ने घर में घुसकर छेड़कर की व विरोध करने पर मारपीट पर जख्मी कर दिया। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चांदहट थाना प्रभारी कैलाशचंद के अनुसार, थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने दी शिकायत में कहा है कि वह होडल थाना स्थित अपनी ससुराल से अपने मायके मां व भाभियों से मिलने के लिए आई थी। शाम के समय वह अपने बड़े भाई के घर पर अकेली थी। उसी दौरान बल्लभगढ़ के जवां गांव निवासी पवन अपने एक अन्य साथी के साथ वहां पहुंचा। पवन के साथी ने उनके घर का दरवाजा अंदर से बंद कर दिया। उसका आरोप है कि पवन ने आते ही उसे बैड पर गिरा कर उसके कपड़े फाड़ दिए। उसने विरोध किया और जोर-जोर से चिल्लाई तो पवन ने उसके सिर, पेट व छाती में लात-घूंसे मारे और जान से मारने की नीयत से उसका गला दबा दिया। शोर सुनकर उसकी भाभी व मां वहां पहुंची और अंदर से बंद दरवाजे को खुलवाने के लिए पीटने लगी। इसके बाद पवन इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर दरवाजा खोल कर भागने लगा। दरवाजे पर उसकी मां व भाभी खड़े हुए थे, लेकिन आरोपी उन्हें धक्का देकर अपने साथी के साथ भाग गया। उसने पूरी घटना के बारे में अपनी मां व भाभी को बताया, तो उन्हें उसके भाई को बुला लिया। भाई उसको इलाज के लिए नागरिक अस्पताल ले गया। डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। विवाहिता अपने साथ हुई घटना औा धमकियों से डरी व सहमी हुई है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया।

### राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में कराया योग अभ्यास



**पलवल।** जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन पलवल व हरियाणा योग संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में 21 जून को होने वाला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में तैयारी के लिए छात्रों ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाल आगरा चौक में योगाचार्य गुरमेश सिंह के सानिध्य में सामान्य योग अभ्यास का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह रावत ने की तथा संयोजन राजेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर गुरमेश सिंह ने सबसे पहले प्रार्थना के उपरांत ग्रीवा चालन, स्कंद संचालन, कटी चालन, घुटना संचालन के साथ ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, चक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, स्वशकासन, दंडासन, पवनमुक्तासन के अलावा प्राणायाम में कपालभाति, अनुलोम विलोम, शीतली, भ्रमरी, ध्यान योग का अभ्यास कराया गया।

### राजकीय स्कूल में छात्राओं के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर लगा



**फरीदाबाद।** राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद में शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबलेंस ब्रिगेड के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविरि का आयोजित किया गया। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने बताया कि विद्यालय की कक्षाओं में अध्ययनरत छात्राओं की स्वास्थ्य की जांच एआईआईएमएस से आई टीम द्वारा की गई। सर्जन तथा उनकी टीम के सहयोगियों द्वारा सभी छात्राओं का ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, हाइट, वेट तथा बीएमआई आदि की जांच की गई। चिकित्सकों के दल ने सभी को हृदय आघात, मधुमेह, ब्लड प्रेशर, नशे से दूर रहने तथा बॉडी मास इंडेक्स से संबंधित जानकारी सांझा कर बताई। प्राचार्य ने ताजी सब्जियां, फल, अंकुरित अन्न, व्यायाम, सिटरस फ्रूट्स, हरी पत्तेदार सब्जियों का अधिक से अधिक सेवन करने का परामर्श दिया।

# डीसीपी व एसडीएम ने किया सरल सेवा केंद्र का निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसीपी** ट्रैफिक अमित यशवर्धन और एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल ने सेक्टर-12 लघु सचिवालय में स्थित सरल सेवा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सरल सेवा केंद्र में कार्यरत कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आमजन को सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में ऑनलाइन सुविधा है, उसे निर्धारित समय जरूर पूरा करना सुनिश्चित करें। आम जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आनी चाहिए।

डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन ने ड्राइविंग लाइसेंस के लिए ले रहे प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि ड्राइविंग के दौरान सड़क सुरक्षा नियमों की पालना सुनिश्चित करें। अमित यशवर्धन ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा की नियमों के अनुसार पालना करोगे तो निश्चित तौर पर ड्राइविंग करते समय आप



स्वयं को दुर्घटना से बचाव करके अन्य लोगों को भी जागरूकता करेंगे। सड़क सुरक्षा नियमों की पालना करके ड्राइविंग के दौरान स्वयं और अपने परिवार को सुरक्षित रखेंगे। एसडीएम ने सड़क सुरक्षा का उल्लंघन करने पर लोगों में कितना कितना जुर्माना सड़क सुरक्षा की हिदायतों के अनुसार लगाया जाता है, इसके बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने ट्रैफिक नियमों के बारे में प्रशिक्षुओं को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने लोगों से अपील कर कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय दोनों सवारियां हेलमेट अवश्य लगाएं।

# राजन मुथरेजा के नेतृत्व में वरिष्ठ समाजसेवियों ने थामा भाजपा का दामन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

## राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से काम करने वाले लोगों का भाजपा में स्वागत : मूलचंद मित्तल

**भाजपा** जिला कार्यालय अटल कमल पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राजन मुथरेजा ने जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा और जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल की उपस्थिति में फरीदाबाद के कुछ वरिष्ठ समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों को भाजपा ज्वाइन कराई।

गोपाल शर्मा ने उनको पटका पहनकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका पार्टी में स्वागत किया व पार्टी की सदस्यता दिलवाई। इस अवसर पर राकेश सचदेव, उमीशा सचदेव, अरुण शर्मा, प्रियंका शर्मा, उपकार सिंह, भूपिंद्र श्योराण, गुरमीत सिंह, बलवीर सिंह, शेखर गोयल, राजीव भाटिया, मंजू देशवाल, मोनिका भाटिया, शाजिया, रमेश दुआ आदि लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली। गोपाल शर्मा ने इस उपलक्ष्य में कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच और कुशल नेतृत्व में देश हर मोर्चे पर आगे बढ़ रहा है। मोदी के नौ वर्षों में चीन, नेपाल और पड़ोसी देशों से सीमा विवाद को दूर किया गया और भारत का विश्व में मान बढ़ा है। मूलचंद मित्तल ने कहा कि भाजपा मिशन 2024 को लक्ष्य मानकर जिले में अपने संगठन को मजबूत कर रही है।

बूथ को मजबूत करने के लिए फरीदाबाद जिले के सभी बूथों पर पन्ना प्रमुख तय किये जा रहे हैं। राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से काम करने वाले लोगों का भाजपा में स्वागत है और समाज के प्रतिष्ठित समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों के जुड़ने से संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। राजन मुथरेजा ने सभी वरिष्ठ लोगों का भाजपा कार्यकर्ता के रूप में जुड़ने पर स्वागत किया।

# बेटी की मौत से आहत मां ने अस्पताल में दम तोड़ा

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ में युवती की मौत के बाद उसकी मां की भी बुधवार की रात मौत हो गई। पुलिस के अनुसार बेटी की मौत को मां सहन नहीं कर सकी और उसकी मौत हो गई। आदर्श नगर थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बीके अस्पताल में रखवा दिया है। हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

थाना आदर्श नगर प्रभारी कुलदीप ने बताया कि बिहार निवासी जितेंद्र सिंह गुजरात में नौकरी करता है। पत्नी जयमाला देवी दो बच्चों के साथ आदर्श नगर में किराए पर रहती थी। मंगलवार को उसकी बेटी शालू कुमारी की हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने आनंद कुमार पर केस दर्ज कर लिया है।

# हरेंद्र भाटी बने आम आदमी पार्टी फरीदाबाद के शहरी जिलाध्यक्ष

**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता हरेंद्र भाटी को फरीदाबाद शहरी क्षेत्र का अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी यह नियुक्ति पार्टी के नेशनल जनरल सचिव आर्गेनाजेशन डॉ. संदीप पाठक द्वारा की गई है।

अपनी नियुक्ति पर हरेंद्र भाटी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री संदीप पाठक, प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार गुप्ता और हरियाणा के कैंपेन के चेयरमैन डॉ. अशोक तंवर, अनुराग ढांडा सहित अन्य शीर्ष नेताओं का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसे वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी निभाते हुए शहरी क्षेत्र में पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। हरेंद्र भाटी ने कहा कि मौजूदा समय में भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार की जनविरोधी नीतियों से



जनता त्रस्त हो चुकी है, शहरी क्षेत्रों में भाजपा ने विकास के वायदे तो बड़े-बड़े किए, लेकिन जमीनी स्तर पर कुछ नहीं किया। यही कारण है कि आज लोगों का रूझान आम आदमी पार्टी की ओर निरंतर बढ़ रहा है। श्रीभाटी ने कहा कि आम आदमी पार्टी द्वारा चलाए गए सदस्यता अभियान की सफलता यह साबित करती है कि जनता हरियाणा में बदलाव चाहती है। हरेंद्र भाटी ने कहा कि वह जल्द ही अपनी कार्यकारिणी गठित करेंगे और उसके बाद भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार की वायदा खिलाफी के खिलाफ अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का काम करेंगे।

# देवी अहिलबाई होल्कर के जन्मदिवस पर शोभायात्रा निकलेगी

**पलवल।** देवी अहिल्याबाई होल्कर के 298वें जन्मदिवस के उपलक्ष में 31 मई को विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। सतीश बघेल ने बताया कि समस्त बघेल समाज द्वारा देवी अहिल्याबाई होल्कर के जन्मदिवस के अवसर पर शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

यह शोभायात्रा हुडा सेक्टर-2 से शुरू होकर कमेटी चौक, मीनार गेट, आगरा चौक होते हुए देवी अहिल्याबाई होल्कर बघेल धर्मशाला गांव कुसलीपुर तक जाएगी। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को लेकर युवाओं में काफी जोश और उत्साह भरा हुआ है। कार्यक्रम को लेकर समाज के लोगों को अलग अलग जिम्मेदारी दी गई है।

# राकेश भड़ाना बने आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बड़खल** विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता राकेश भड़ाना को पार्टी ने प्रदेश संयुक्त सचिव नियुक्त किया है। उनकी यह नियुक्ति पार्टी के नेशनल जनरल सचिव आर्गेनाजेशन डॉ. संदीप पाठक द्वारा की गई है।

अपनी नियुक्ति पर राकेश भड़ाना ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार गुप्ता, वरिष्ठ नेता डॉ. अशोक तंवर सहित अन्य शीर्ष नेताओं का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसे वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी निभाते हुए पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। राकेश भड़ाना ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार की



नीतियों से जनता परेशान हो चुकी है, इसलिए अब वह आम आदमी पार्टी की तरफ उम्मीद भरी नजरों से देख रही है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जिस प्रकार दिल्ली में शिक्षा-चिकित्सा के क्षेत्र में काम करके आम आदमी पार्टी को राहत पहुंचाई है, उसी के चलते अब हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी का संगठन मजबूत हो रहा है और लोग निरंतर पार्टी में अपनी आस्था जता रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली और पंजाब की तर्ज पर हरियाणा में भी आगामी चुनावों में बहुमत से आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी।

# आईएएस बनी फरीदाबाद की बिटिया महिमा कसाना को दी बधाई



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद की रहने वाली महिमा कसाना ने यूपीएससी की परीक्षा में 141वीं रैंक पाकर फतेह हासिल कर न सिर्फ जिले का नाम रोशन किया है, बल्कि पूरे प्रदेश में अपने नाम डंका बजा दिया है।

देश की सर्वोच्च कठिनतम परीक्षा यूपीएससी में एक अच्छी रैंक हासिल कर उन्होंने अपने मां-बाप का भी सर गर्व से उंचा कर दिया है। महिमा कसाना के आईएएस बनने की खबर से प्रफुल्लित होकर बधाई देने पहुंचे आम आदमी पार्टी के नेता धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि बिटिया ने जो मुकाम हासिल किया है, उससे पूरे जिले के लोग खुश है और हमें महिमा कसाना पर गर्व है। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के नेता तेजवंत सिंह बिट्टू और हंसराज दायमा ने कहा कि महिमा कसाना के आईएएस बनने से क्षेत्र के सभी 36 बिरादरी के लोग खुश हैं और अपनी इस बेटी पर गर्व कर रहे हैं।

इस मौके पर महिमा की माता गीता आर्य, पिता कृष्णपाल कसाना, मामा केपी सिंह, जितेंद्र सिंह आदि ने बेटी की परफॉर्मेंस को लेकर खुशी जताई। कहा कि हमारा परिवार बेटी महिमा की परफॉर्मेंस से बेहद उत्साहित हैं। उम्मीद है कि महिमा भविष्य में देश सेवा में समर्पित होकर अपनी जिम्मेदारी निभाएंगी।

# नशीले पदार्थों के बेचने और नशा करने वालों की गंभीरता से हो निगरानी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एडीसी** अपराजिता ने कहा कि फरीदाबाद जिला में नशा करने वालों और नशीले पदार्थों के बेचने वालों की गंभीरता से निगरानी हो। एडीसी वीरवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ नशा तस्करी तथा नशाखोरी के खिलाफ बेहतर क्रियान्वयन के लिए सख्त कार्रवाई करने के बारे में समीक्षा बैठक में मंत्रणा कर रहीं थीं।

एडीसी ने कहा कि युवाओं को नशे से बचाने के लिए सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त रूप से गुप्त कार्रवाई शुरू कर रखी है। जिला फरीदाबाद में नशे की सप्लाई बेधड़क जारी न हो, ऐसे हालात को देखते हुए सरकार ने अब नशे को काबू करने



के लिए गंभीरता से कार्यक्रम चला रही है।

समीक्षा बैठक में डीसीपी हेडक्वार्टर हरेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि नशे को हम समाज के किसी एक वर्ग से नहीं जोड़ सकते। समाज में सभी वर्गों में हमें नशा करने वाला व्यक्ति मिल जायेगा। उन्होंने बताया कि स्टेट एक्शन प्लान का मकसद समाज को नशे पर एकत्रित करना है, इसको हमें आंदोलन की तरह लेना है। सरकार हॉक सॉफ्टवेयर के माध्यम से डाटा एकत्रित कर नशा मुक्ति अभियान में तेजी ला रही है। इस कार्य के बेहतर क्रियान्वयन में आशा वर्कर अपने अपने क्षेत्र में नशा करने वालों का डाटा फॉर्म के माध्यम से क्षेत्र के पुलिस बीट इंचार्ज को देंगे, उसके बाद बीट इंचार्ज थाना प्रभारी से हॉक सॉफ्टवेयर पर यह डाटा अपलोड करेंगे।

बता दें कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार धाकड़ प्रोग्राम के तहत 1700 लोगों की टीम बनाई गई है। यह टीमें जिला फरीदाबाद ग्रामीण क्षेत्रों और शहर में वार्ड स्तर पर तथा स्कूल और कॉलेजों में निगरानी कर रहीं हैं।

# चांटे का बदला लेने के लिए दोस्त ने मारा चाकू

**फरीदाबाद।** अगवानपुर इलाके में चांटे का बदला लेने के लिए युवक ने अपने दोस्त पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए। घायल दीपक को बादशाह खान सिविल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। उसके शरीर पर 4-5 जगह पर चाकू लगने के निशान हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घायल दीपक ने बताया कि 3-4 दिन पहले अख्तर ने लूडो खेलते समय उसके दोस्त नीरज का फोन चोरी कर लिया था। इसी बात को लेकर दीपक ने अख्तर को चांटा मार दिया था। अख्तर ने उसे देख लेने की धमकी भी दी थी। दीपक के मुताबिक वह बुधवार की शाम को घर से मार्केट के लिए निकला था। तभी पीछे से आए अख्तर ने उस पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए। दीपक ने बचाव करना चाहा तो उससे अख्तर ने दांत से काट लिया। दीपक ने बताया कि इसी दौरान उसका दोस्त धनीराम उसे बचाने के लिए पहुंचा।

# तालाबों के सौंदर्यीकरण का काम 30 जून से पहले हो पूरा : निशांत यादव

### डीसी ने जिला के विभिन्न गांवों के तालाबों के सौंदर्यीकरण कार्यों का लिया जायजा

### कहा, अमृत सरोवर में बन रहे तालाबों पर और अधिक मजदूर लगाकर तेजी से कार्य कराएं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के गांवों में तालाबों का निरीक्षण करने पहुंचे डीसी निशांत कुमार यादव।

**जिला** के विभिन्न गांवों में अमृत सरोवर अभियान के तहत बन रहे तालाबों का गुरुवार को जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी सबंधित अधिकारियों तथा कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अमृत सरोवर के तहत बन रहे तालाबों पर और अधिक मजदूर लगाकर तेजी से कार्य कराएं। तालाबों पर नरेगा के तहत कायज़ कराकर पौधारोपण व सौंदर्यीकरण कराया जाए।

डीसी ने सबसे पहले गांव खेड़ा खुर्रमपुर व जराउ में नरेगा के तहत किए जा रहे तालाब के सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान खंड एवं विकास पंचायत अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि इन दोनों तालाबों के सौंदर्यीकरण का कार्य अभी प्रगति पर है। दोनों तालाबों पर ट्रैक का काम पूरा करने के लिए कुछ और फण्ड की आवश्यकता है। डीसी यादव ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि तालाबों का जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए।

उन्होंने कहा कि जिला में अमृत सरोवर अभियान के सफल क्रियान्वयन में फंड की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। तालाबों के सौंदर्यीकरण को लेकर जो भी आवश्यकता है उसका एस्टीमेट तैयार करवाकर उनके कार्यालय भिजवाया जाए।

डीसी यादव ने अपने निरीक्षण दौरे में गांव महचाना में एक एनजीओ के माध्यम से विकसित किए जा रहे तालाब का भी निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने डीसी को बताया कि गांव में विकसित किए जा रहे तालाब में यदि गांव के नजदीक से गुजरने वाली नहर से पानी की सप्लाई मिल जाए तो गांव के जल स्तर में सुधार हो सकता है। डीसी ने सिचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीणों की मांग के आधार पर सिंचाई विभाग, नहर से तालाब तक पाइपलाइन बिछवाने का एस्टीमेट तैयार करवाना सुनिश्चित करे। निरीक्षण दौरे में डीसी ने गांव बासुन्डा में हरियाणा तालाब और अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा विकसित किए जा रहे तालाब का भी निरीक्षण किया।

## अतुल कटारिया फ्लाईओवर भार परीक्षण के लिए 31 तक बंद

**गुरुग्राम।** सुरक्षा संबंधी मानकों के अवलोकन के लिए लेफ्टीनेंट अतुल कटारिया चैक फ्लाईओवर पर अगले एक सप्ताह तक यातायात प्रभावित रहेगा। 25 मई से

27 मई तक कापसहेड़ा से बस अड्डे की ओर तथा 28 से 31 मई तक बस अड्डे से कापसहेड़ा की ओर जाने वाली लेन पर यातायात बंद रखा जाएगा। इस अवधि में फ्लाईओवर तक भार परीक्षण संबंधी कार्य किए जाने हैं। डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि नियमित परीक्षण व सुरक्षा संबंधी मानकों के अवलोकन का कार्य लेफ्टिनेंट अतुल कटारिया चैक फ्लाईओवर पर किया जाना है। इसलिए फ्लाईओवर तक सामान्य यातायात प्रभावित रहेगा। फ्लाईओवर के नीचे के मार्ग पर चलने वाले यातायात पर इस कार्य का प्रभाव नहीं पड़ेगा और यातायात सुचारू रूप से चलेगा। उन्होंने बताया कि इस अवधि में फ्लाईओवर पर भार परीक्षण सहित दूसरे परीक्षण पीडब्ल्यूडी-बीएंडआर के अधिकारियों की निगरानी में किए जाएंगे। यह कार्य निजी एजेंसी द्वारा संपन्न किया जाना है।

# वॉयस चेंजर पर लड़की की आवाज निकाल पुरुषों को बनाता था शिकार, गिरफ्तार

### आरोपी ने सेक्सटॉर्शन में व्यक्ति को आत्महत्या करने के लिए किया था मजबूर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


पुलिस गिरफ्त में खड़ा ब्लैकमेल करने का आरोपी।

**जिला** के गांव धनकोट में 38 वर्षीय एक व्यक्ति के आत्महत्या के मामले में परिजनों की शिकायत पर तह तक जाकर पुलिस ने खुलासा किया कि मृतक ने दबाव में आत्महत्या की। यह खुलासा मृतक के मोबाइल से हुआ। पुलिस ने इस मामले के आरोपी को दबोच लिया।

मृतक का मोबाइल फोन चेक करने पर पता चला कि उस व्यक्ति को ब्लैकमेल करके उसे आत्महत्या करने पर मजबूर किया गया। मृतक में मोबाइल फोन पर आए मैसेज/वीडियो कॉल व यूट्यूब पर आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने के नाम पर पैसे मांगने की रिकॉर्डिंग व 72800 रुपये की ट्रांजेक्शन की डिटेल भी मिली। इस सम्बन्ध में मृतक की पत्नी की शिकायत पुलिस थाना राजेंद्रा पार्क में केस दर्ज किया गया था। इन्चार्ज पुलिस चौकी धनकोट उप-निरीक्षक प्रदीप कुमार ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए मृतक पर मानसिक दबाव बनाकर उसे आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने वाले एक आरोपी को दबोच लिया। उसे नूंह से काबू करके गिरफ्तार किया गया। आरोपी की पहचान शकील उर्फ शौकीन उम्र 26 वर्ष के रूप में हुई है।

आरोपी से पुलिस पूछताछ में पता चला है कि आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर वॉइस चेंजर ब्लूटूथ हैंडसेट के माध्यम से अपनी आवाज को लड़की की आवाज में बदल लेता था। लड़की बनकर लोगों से बात करता। वीडियो कॉल करते समय ये पीछे स्क्रीन पर एक न्यूड वीडियो चलाता। जिसके पास कॉल करता उससे लड़की की आवाज में बात करते हुए स्क्रीन पर चल रही न्यूड वीडियो दिखाता। सामने वाले व्यक्ति को वह न्यूड वीडियो और लड़की की आवाज के साथ चलने पर ऐसा लगता था जैसे कोई लड़की के द्वारा निवस्त्र होकर कॉल की गई है। वह जिस व्यक्ति को कॉल करता था, उसे भी कपड़े उतारने के लिए कहता और उस कॉल को रिकॉर्ड कर लेता।

# नप चेयरपर्सन का मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा, ललिता ने खटखटाया दरवाजा

**सोहना।** नगर परिषद चेयरपर्सन का विवादित मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी रही ललिता ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करते हुए नप चेयरपर्सन समेत आठ प्रतिवादी बनाये गए हैं। अदालत ने सुनवाई के बाद सभी प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर दिए हैं। अगली सुनवाई के लिए 10 जुलाई होगी। नोटिस जारी होने से अधिकारियों में हड़कंप व बेचैनी व्याप्त है।

नगरपरिषद चेयरपर्सन अंजू देवी की कुर्सी पर खतरे के बादल मंडराने लगे हैं। अंजू देवी ने बीते दिनों चेयरपर्सन पद की शपथ लेकर कार्यभार संभाला था। किंतु इसके विपरीत उनकी मुश्किलें दिनों दिन बढ़ती ही जा रही हैं। नगर परिषद चुनाव में आम आदमी पार्टी की तरफ से प्रत्याशी रही ललिता ने अब सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। ललिता ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करके स्टे आदेशों को गलत ठहराया है। याचिका में हरियाणा स्टेट, डायरेक्टर शहरी स्थानीय निकाय विभाग, राज्य चुनाव आयोग, उपायुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त, नगरपरिषद सोहना, चैयरमेन बोर्ड ऑफ



स्कूल भिवानी को प्रतिवादी बनाया है। जिस पर सुनवाई करने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने सभी प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर दिए हैं।

**कुर्सी पर छाए खतरे के बादल :** नगर परिषद चेयरपर्सन अंजू देवी की कुर्सी पर खतरे के बादल मंडराने लगे हैं। जिसके खिलाफ आपराधिक मामला भी दर्ज हो चुका है। जिसमें आज तक भी जमानत नहीं मिल सकी है। जो अपनी कुर्सी को बचाने के लिए इधर उधर भाग रही है। वहीं नोटिस जारी होने से अधिकारियों में भी बेचैनी व्याप्त है।

**क्या है मामला :** जून 2022 में भाजपा उम्मीदवार अंजू देवी ने चेयरपर्सन पद के चुनाव में आप उम्मीदवार ललिता की करीब 1800 मतों से शिकस्त दी थी। आप उम्मीदवार ललिता ने विजयी उम्मीदवार की शैक्षिणिक मार्कशीट को फर्जी करार दिलवा दिया था।

# ट्रांसफार्मर जलने या फटने पर नहीं होगी बत्ती गुल

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शहरी** के किसी भी मोहल्ले, वार्ड और कॉलोनी के उपभोक्ताओं को बिजली ट्रांसफार्मर जलने या खराब होने घंटों ठप विद्युत आपूर्ति से परेशान नहीं होना पड़ेगा। स्थानीय बिजली निगम ने आपातकाल ट्रॉली ट्रांसफार्मर की सेवा शुरू की हैं। जिससे उपभोक्ताओं के सूचना देने के मात्र 30 मिनट बाद ही बिजली आपूर्ति चालू हो सकेगी।

स्थानीय बिजली निगम ने गर्मी के मौसम में लाइनों पर लगे ट्रांसफार्मर अधिक लोड पड़ने या लाइन में अन्य किसी कारण से ट्रांसफार्मर में आग लगने या फटने से सप्लाई कट से निपटने की नई पहल शुरू की है। नवनियुक्त एसडीओ मुकेश कुमार, जेई सुमित गर्ग व मुस्तकलिन ने मिलकर


बिजली निगम द्वारा तैयार किया गया ट्रॉली ट्रांसफार्मर।

ट्राली ट्रांसफार्मर तैयार किया है। योजना के अनुसार एक विशेष ट्राली तैयार की गई है। जिसमें 200 केवीए का ट्रांसफार्मर रखा गया। यह ट्रॉली ट्रांसफार्मर शहरी क्षेत्र के किसी भी मोहल्ले, वार्ड और कॉलोनी में ट्रांसफोर्मर जलने पर उस क्षेत्र की बिजली आपूर्ति 10 से 12 घंटा या इससे भी अधिक समय तक उपभोक्ताओं को कट का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस ट्रॉली ट्रांसफार्मर को तुरन्त मौके पर ले जाकर स्थापित किया जाएगा। तुरन्त प्रभाव से बिजली की ठप सप्लाई को चालू किया जाएगा। उसके बाद खराब ट्रांसफार्मर को बदला जाएगा।

> **गर्मी** के मौसम में लाइनों पर विद्युत लोड अधिक हो जाता है। बारिश होने पर लोड कम हो जाएगा, लेकिन उपभोक्ताओं को निगम के द्वारा बिना कट बिजली आपूर्ति की जाएगी।
>
> **मुकेश कुमार**
> **( एसडीओ बिजली निगम )**

**रात्रि सेवा के लिए टीम गठित:** उपभोक्ता बिजली लाइन पर हुई खराब या किसी भी प्रकार के पावर कट की सूचना निगम द्वारा जारी मोबाइल नंबर 8059888472 पर तुरन्त सूचना देनी होगी।

# राव इंद्रजीत ने स्वतंत्रता सेनानी महाशय परमानंद यादव को दी श्रद्धांजलि

**गुरुग्राम।** केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने बुधवार को फरूखनगर ब्लॉक के गांव फजिलपुर बादली पहुंचकर स्वतंत्रता सेनानी महाशय परमानंद यादव के निधन पर अपनी शोक संवेदनाए अर्पित की। स्वतंत्रता सेनानी महाशय परमानंद यादव का 21 मई को 104 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। गांव महाशय परमानंद यादव गुरुग्राम जिला के एकमात्र जीवित स्वतंत्रता सेनानी थे। देश सेवा में उनके योगदान के लिए भारत सरकार ने वर्ष 2018 के गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन में उन्हें राजपथ पर स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में निकाली गई झांकी में भी शामिल किया था। राव ने महाशय परमानंद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की। उन्होंने दिवंगत महाशय परमानंद के परिजनों से मुलाकात करके शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों का देश की आजादी के इतिहास सहित समाज में भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। हमारे बुजुर्ग हमारी धरोहर और पथ प्रदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि हमारा यह कर्तव्य है कि हम सभी महाशय परमानंद यादव द्वारा दिखाए गए देश प्रेम के पथ पर आगे बढ़ते हुए देश को विकास एवं आत्मनिर्भरता के शिखर पर ले जाए। इस अवसर पर आसपास के क्षेत्र से आए विभिन्न गणमान्य उपस्थित रहे।

# ग्रंथों के पहले व अंतिम शब्दों में होता है उन ग्रंथों का राज

### युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाने की हनुमान चालीसा पाठ की मुहिम हुई मजबूत

**गुरुग्राम।** श्रीगणेश मंदिर दशहरा ग्राउंड न्यू कॉलोनी की ओर से हनुमान चालीसा के पाठ का संगीतमय तरीके से आयोजन किया गया। इस दौरान 250 से अधिक श्रद्धालुओं ने भक्तिरस का आनंद लिया। युवा और नन्हें बच्चे भी इसमें शामिल रहे।

गजेंद्र गोसाईं ने गणेश वंदन कर गायकी के माध्यम से पहले बोधराज सीकरी की मुहिम का संक्षेप में वर्णन किया। उन्होंने बताया कि 1,80,600 पाठ तीन माह में 27 कार्यक्रमों में अभी तक हो चुके हैं। आने वाले महीनों की बुकिंग विभिन्न स्थानों में हो चुकी है। समापन अवसर पर बोधराज सीकरी ने तुलसीदास जी द्वारा लिखित राम चरित मानस, श्रीगीता, श्रीहनुमान चालीसा और गुरु ग्रंथ साहिब के प्रथम और अंतिम शब्द की व्याख्या भी की। उन्होंने कहा कि ग्रंथों के पहले और अंतिम शब्द में ग्रंथों का राज छिपा होता है। लगभग 5100 हनुमान चालीसा के पाठ श्रीगणेश मंदिर में पूर्ण हुए। इसके अतिरिक्त सुशांत लोक, सी-ब्लॉक में सुबह 20 लोगों ने सात बार पाठ किया। जिसका संचालन सुरेश सीकरी ने किया। जामपुर शिव मंदिर, ईस्ट आफ कैलाश में 30 लोगों ने दस-दस बार पाठ किया। मुहिम के तहत अभी तक 30 स्थानों में 186140 पाठ हो चुके हैं। मंदिर की कमेटी ने खूब भाव से पगड़ी बांधकर बोधराज सीकरी का स्वागत किया।

इस अवसर पर मंदिर के राजेश चानना, विनोद, मदन सतीजा, सुभाष ग्रोवर, दलीप लूथरा (प्रधान आरडबल्यूए), सतीश आहूजा, केंद्रीय सनातन धर्म सभा के प्रधान एसके खुल्लर, राम लाल ग्रोवर, अश्वनी वर्मा, धर्मेंद्र बजाज, रमेश कामरा, ओपी छाबडा, सरदार गुरिन्दर साहनी, नरिंदर कथूरिया, सतपाल नासा, तिलक चानना, रणधीर टन्डन समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# मांगों को लेकर 28 मई को बिजली मंत्री के आवास पर धरना देंगे कर्मचारी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


गुरुवार को अपनी मांगों को लेकर 33केवीए पावर हाउस पर गेट मीटिंग करते बिजली कर्मी।

**प्रदेश** के बिजली निगम कर्मचारी 28 मई को राज्य सरकार में विद्युत मंत्री के आवास का घेराव करेंगे। पुरानी पेंशन बहाली को लेकर 18 सूत्री मांगों को पूरा करा करने की मांग की जाएगी। प्रदेश में बनी प्रत्येक यूनियन से सैकड़ों की संख्या में बिजली कर्मी धरना पर पहुंचेंगे।

गुरुवार को स्थानीय 33केवीए पावर हाउस परिसर में बिजली कर्मचारियों ने ऑल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्कर्स यूनियन के तत्वावधान में गेट मीटिंग की। जिसकी अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान प्रेमपाल ने की। मंच का संचालन सुशील कुमार छौंकर ने किया। इस गेट मीटिंग में प्रवक्ता के रूप में विशेष रूप से वरिष्ठ पदाधिकारी विजय पाल को बुलाया गया। इन सबके अलावा सतबीर यादव, पवन कुमार, सुरेन्द्र, अशोक, रामलाल आदि मौजूद थे। बैठक में विशेष प्रवक्ता के रूप में पहुंचे विजय पाल ने कड़े शब्दों में प्रदेश सरकार को चेतावनी देते हुए 28 मई को राज्य के बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला के निवास पर अपना धरना प्रदर्शन को चुनौतीपूर्ण करार दिया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को अपनी ताकत दिखाने का अवसर बहुत ही जल्द आ रहा है। लेकिन इस बार कर्मचारी जुमलबाजी के भाषणों के बहकावे में आने वाला नहीं है। इस बार आर या पार की लड़ाई लड़ी ही जाएगी। 28 मई को प्रदेश की एक-एक यूनिट से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता और आम नागरिक पहुंच रहे हैं। विजयपाल ने कहा कि प्रदेश सरकार को मांगें मानने वालों पर लाठिया बरसाने की आदत पड़ गई है। 28 मई को राज्य सरकार की लाठियां ही देखनी है।

**इन मांगों को लेकर होगा धरना:** बिजली कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना देंगे। उनमें पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया जाए। कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए, एक्सग्रेसिया नीति को समाप्त किया जाए। कौशल रोजगार योजना को तुरन्त प्रभाव से बंद हो। कर्मचारियों का निगम रोल पर रखा जाए। कच्चे कर्मचारियों को भी पक्के कर्मचारी के बराबर छुट्टियां दी जाएं। कर्मचारियों को केस लेस स्वास्थ्य सुविधा दी जाए। विभागों में खाली पड़ें पदों को तुरन्त भरा जाए।

# आध्यात्मिकता से महिला गृहस्थ को बनाती है पावन : डा. प्रवीण खुल्लर

### संत निरंकारी मंडल की सचिव डॉ. प्रवीण खुल्लर ने महिला संत समागम को संबोधित किया

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में संत निरंकारी मंडल के महिला संत समागम में भजन गाती महिलाएं।

**जीवन** में आध्यात्मिकता और भक्ति के आने से जीवन सहज हो जाता है। महिला अपने गृहस्थ को पावन बना लेती है। यह बात संत निरंकारी मंडल की सचिव डॉ. प्रवीण खुल्लर ने गुरुवार को गुरुग्राम के महिला संत समागम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि हर एक्शन का रिएक्शन होता है। जब नाता प्रभु निरंकार से जुड़ जाता है, जीवन में भक्ति आ जाती है तो रिएक्शन रिस्पांस में तब्दील हो जाता है। विवेकपूर्ण तरीके से दिया गया जवाब किसी नुकसान का कारण नहीं बनता। यदि व्यक्ति से किसी गलती या कारण से दूसरे का नुकसान भी हो जाता है तो उसे तुरंत रिएक्शन न करके प्रेम पूर्वक रिस्पांस करना चाहिए।

उन्होंने फरमाया कि आज हमारे बीच सतगुरु माता सुदीक्षाजी महाराज भी एक नारी के रूप में है और निरंतर उनका आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। इस परमपिता परमात्मा निरंकार के साथ जुड़कर प्रत्येक अपने जीवन को सरल, सहज और सुकूनमय बना रहा है। महिला संत समागम में गुरुग्राम जिले की महिला संत बहनों ने भाग लिया और व्याख्यान, भजन, गीत, कविता और स्किट के माध्यम से अपने भक्ति भरे और श्रद्धा पूर्वक भाव व्यक्त किए।

सभी ने आपसी प्रेम, मिलवर्तन, एक दूसरे को स्वीकार करने और प्रेरणा देने के संदेश दिए। स्थानीय संत निरंकारी सत्संग भवन सेक्टर-31 पर आयोजित महिला संत समागम पर गुरुग्राम की संयोजक निर्मल मनचंदा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# धूप से त्वचा की रक्षा के लिये करें हर दिन सनस्क्रीन का इस्तेमाल : डॉ विदुषी जैन, त्वचा रोग विशेषज्ञ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**एक** खूबसूरत त्वचा व्यक्ति की खूबसूरती में चांद लगा देती है, लेकिन कई बार बदलते मौसम की मार से त्वचा की खूबसूरती को बचाना काफी मुश्किल होता है। जैसा कि गर्मी के बढ़ते प्रकोप में देखा जा सकता है, जब लोग तेज धूप में बाहर निकलने से बचते नजर आते हैं। दरअसल, गर्मी की धूप में सूर्य की तेज रोशनी से निकलने वाली खतरनाक अल्ट्रा वायलेट किरणें हमारी त्वचा को बहुत नुकसान पहुंचाती है, जिससे बचने के लिये विभिन्न प्रकार के लोशन आदि का इस्तेमाल किया जाता है।

हालांकि पिछले 40 वर्षों से गर्मी में अल्ट्रा वायलेट किरणों से त्वचा के बचाव के लिये सनस्क्रीन लोशन का इस्तेमाल लोकप्रिय रहा है। यह विभिन्न अवशोषण पहुंच के साथ कार्बनिक एवं अकार्बनिक फिल्टर के रूप में अल्ट्रा वायलेट किरणों से त्वचा को बचाता है। अमेरिकन एकेडमी ऑफ डर्मेटोलॉजी, ब्रॉड स्पेक्ट्रम (यूवीए और यूवीबी किरणों से बचाने वाली), 30 एसपीएफ या उससे अधिक और जल अवरोधी सनस्क्रीन का प्रयोग करने का सलाह देता है।

इस बारे में गाजियाबाद की त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ विदुषी जैन कहती हैं कि गर्मी की तेज धूप से त्वचा का बचाव करने के लिये सनस्क्रीन का इस्तेमाल आवश्यक है, मगर लोगों को इसके सही तरीके से प्रयोग की जानकारी होनी चाहिये। आगे बताते हुए उन्होंने कहा कि इसके इस्तेमाल से पूर्व कुछ बिंदुओं पर गौर करने की जरूरत है, जो निम्नलिखित हैं।

अपनी खुली त्वचा को ढंकने के लिये पर्याप्त रूप से सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। सनस्क्रीन को अपने पैरों, गर्दन, कानों, और माथे पर अच्छी तरह लगाना न भूले। रूखी त्वचा वाले व्यक्ति बाहर जाने से 15 मिनट पहले सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। अगर आप बाहर हों, तब सनस्क्रीन की बोतल पर दिये गये निर्देश के अनुसार प्रत्येक 2 घंटे बाद, तैराकी करने के बाद या फिर पसीना निकलने के बाद पुन: सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। केवल बाहर रहने के दौरान ही नहीं बल्कि हफ्ते में प्रतिदिन सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। ऐसा बिल्कुल न सोचे कि जल अवरोधी या वाटर प्रूफ सनस्क्रीन का असर ज्यादा लंबे समय तक रहता है, बल्कि हर 2 घंटे बीत जाने पर पुन: लगाएं। अपने सनस्क्रीन की समाप्ति तारीख के बाद, उसका इस्तेमाल न करें। राष्ट्रीय सनस्क्रीन जागरूकता माह के अवसर पर आइए, हम सब त्वचा की रक्षा के लिये प्रतिदिन सनस्क्रीन लगाने का संकल्प करें।

# पशुपालक किसान क्रेडिट कार्ड योजना का उठाएं लाभ

### सालाना 7 प्रतिशत साधारण ब्याज दर पर बैंक द्वारा दिया जाएगा ऋण

**गुरुग्राम।** पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना का किसान ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं। पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत किसानों को गाय, भैंस, भेड़, बकरी, सूकर, मुर्गी के रखरखाव के लिए तीन लाख रुपए तक का ऋण देने का प्रावधान है, ताकि पशुपालकों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। छोटे किसानों को पशुपालन व अन्य स्रोतों से होने वाली आय को बढ़ाने के उद्देश्य से यह योजना क्रियान्वित की जा रही है।

पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत किसान अपने पशुओं की देखभाल के लिए होने वाले खर्च के लिए पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण प्राप्त कर सकता है। कोई भी पशुपालक एक लाख 60 हजार रुपए तक की राशि की लिमिट तक का पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड बिना कोई जमीन गिरवी रखे व बिना किसी गारंटी के कोलैटरल सुरक्षा बनवा सकता है। यदि कोई पशुपालक इस राशि से अधिक लिमिट का पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड बनवाना चाहता है तो उसे अपनी जमीन या कोई जमानत देना अनिवार्य होगा।

**केवल 4 प्रतिशत के हिसाब से करना होगा भुगतान :** डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड धारक को सालाना 7 प्रतिशत साधारण ब्याज दर पर बैंक द्वारा ऋण दिया जायेगा। यदि कार्डधारक अपने ऋण का समय पर भुगतान करता है तो उसे केंद्र सरकार की तरफ से 3 प्रतिशत ब्याज दर का अनुदान दिया जायेगा। उस पशुपालक को यह ऋण केवल 4 प्रतिशत के हिसाब से चुकाना होगा। उन्होंने बताया कि 7 प्रतिशत ब्याज दर के हिसाब से अधिकतम 3 लाख रुपये तक की ऋण राशि पर केंद्र सरकार की ओर से 3 प्रतिशत ब्याज दर का अनुदान दिया जायेगा। कार्डधारक द्वारा ऋण की राशि जरूरत के अनुसार समय-समय पर ली जा सकती है।

# आप ने उमेश अग्रवाल को बनाया प्रदेश सचिव

### पूर्व विधायक के अलावा कई अन्य कार्यकर्ताओं को भी मिले पद

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**आम** आदमी पार्टी (आप) ने बुधवार को अपनी प्रदेश इकाई में पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल को प्रमुख सचिव बनाने के साथ गुरुग्राम के सदस्यों को प्रदेश संगठन में अहम जिम्मेदारियां सौंपी हैं। पिछले काफी समय से आप की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में जुटे लोगों को प्रदेश संगठन में मुख्य जिम्मेदारियां दिये जाने से पार्टी की गतिविधियों में तेजी आने की संभावना के रूप में देखा जा रहा है।

बुधवार को प्रदेश संगठन के पदाधिकारियों की घोषणा में पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल को वरिष्ठता क्रम में प्रमुख सचिव बनाया गया है। इनके साथ ही गुरुग्राम से बीर सिंह सरपंच, अनुराधा शर्मा व डॉ. श्याम लाल को राज्य संयुक्त सचिव, मुकेश वर्मा को सोशल मीडिया का राज्य समन्वयक, डॉ. सारिका वर्मा को चिकित्सा प्रकोष्ठ का प्रदेशाध्यक्ष, जावेद अहमद को अल्पसंख्यक विंग का प्रदेशाध्यक्ष, धीरज यादव को ओबीसी विंग का प्रदेशाध्यक्ष व सतबीर सिंह को ट्रांसपोर्ट विंग का प्रदेशाध्यक्ष बनाया गया है। इनके साथ ही प्रियदर्शनी सिंह को युवा विंग का प्रदेश उपाध्यक्ष, एडवोकेट अशोक वर्मा को प्रदेश लीगल विंग का संयुक्त सचिव, मीनू सिंह को महिला विंग व मंजू सांकला को महिला विंग की प्रदेश सयुंक्त सचिव नियुक्त किया गया है। विजेन्द्र जिन्दल को व्यापार प्रकोष्ठ का प्रदेश संयुक्त सचिव बनाया गया है। इस बार संगठन की संरचना लोकसभानुसार की गई है। जिनमें मुकेश डागर कोच को गुरुग्राम लोकसभा अध्यक्ष, पुष्पा भारद्वाज, नवीन दहिया व जफरुद्दीन को लोकसभा उपाध्यक्ष, राजीव यादव को लोकसभा सचिव व मुकेश चैधरी को लोकसभा संयुक्त सचिव बनाया गया है। धर्मेंद्र खटाना को गुरुग्राम के जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव बनाये गये पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल ने कहा कि गुरुग्राम के सदस्यों को प्रदेश संगठन में अहम जिम्मेदारियां सौंपी हैं।

ये सभी लोग पहले से ही पार्टी का जनाधार बढ़ाने में जुटे थे। अब संगठन में जिम्मेदारी मिलने से ये सभी और अधिक उत्साह से पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। उमेश अग्रवाल ने कहा कि पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष बनाये गये राज्यसभा सांसद सुशील गुप्ता पहले से ही पूरे प्रदेश में सक्रियता से काम करते रहे हैं। पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल ने कहा कि वे शीघ्र ही पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद डॉ. सुशील गुप्ता के साथ बैठक कर पूरे हरियाणा में व्यापाक जनसंपर्क अभियान चलाने व पार्टी की जन हितैषी नीतियों से आम लोगों को अवगत कराने के लिए प्रदेश भर का दौरा करने का कार्यक्रम तय करेंगे।

# लूट का मात्र 19 घंटे में खुलासा कर चार आरोपियों को दबोचा

## केएमपी एक्सप्रेस पर गांव खोड बसई के पास हुई थी लूट की घटना

## वारदात में प्रयुक्त स्पलैंडर बाइक सहित लूट के चार लाख रुपये बरामद



पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**केएमपी** एक्सप्रेसवे स्थित खोड बसई गांव के पास थाना रोजकामेव क्षेत्र से टैम्पो (छोटा हाथी) में सवार शिकायतकर्ता चन्द्रभान पुत्र शीशराम निवासी वार्ड नं-13, पहाड़ कॉलोनी सोहना से मोटरसाईकिल पर सवार तीन बदमाशों ने लाठी डण्डों से टैम्पों का शीशा तोड़कर उसमें बैठे शिकायतकर्ता की आंखों में लाल मिर्ची का पाउडर मारकर अपने एक अन्य साथी बदमाश (टैम्पो चालक) के साथ शिकायतकर्ता के साथ मारपीट करके उससे करीब 04 लाख 60 हजार रुपये लूट लिए थे। इस बारे में एक शिकायत थाना रोजकामेव में प्राप्त हुई। ये जानकारी पुलिस अधीक्षक नूह वरुण सिंगला ने दी।

शिकायतकर्ता चन्द्रभान से करीब 04 लाख 60 हजार रुपये लूट की वारदात की सूचना पर प्रबन्धक थाना रोजकामेव ने तत्परता दिखाते हुए संबंधित धाराओं के अन्तर्गत अभियोग दर्ज किया। प्रबन्धक थाना रोजकामेव, निरीक्षक तरुण दहिया के नेतृत्व में अलग-2 टीमों का गठन कर लूटे हुए रुपये व वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों का सुराग लगाने बारे दिशा-निर्देश दिये।

जिस पर इस टीम ने लूटे हुए रुपये व बदमाशों की तुरन्त तलाश आरम्भ की तथा पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए कुछ ही घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद गुप्तसूचना के आधार पर आरोपी सुखविन्द्र पुत्र जुगन सिंह (गाड़ी टैम्पो चालक), प्रमोद पुत्र धर्मबीर, जतिन पुत्र रमेश चन्द व नवीन पुत्र दयाराम निवासियान सोहना को गिरफ्तार कर शिकायतकर्ता के लूटे हुए रुपयों में से कुल 04 लाख 05 हजार रुपयों को वारदात में प्रयुक्त मोटरसाईकिल सहित बरामद करने में सफलता हासिल की। मुकदमा के संबन्ध में उपरोक्त आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जा रही है।

# दो गो तस्कर गिरफ्तार, एक फरार तीन के खिलाफ मामला दर्ज

ललित गर्ग। पुन्हाना

## पुलिस ने मौके से पांच मृत गोवंश भी बरामद किए

**पुन्हाना** उपमंडल के शिकरावा गांव के पास पिनगवां सीएस स्टाफ ने दो गो तस्करों को ट्रक के साथ काबू किया, जबकि एक आरोपी पुलिस को चकमा देकर भागने मे कामयाब रहा। पुलिस ने मौके से पांच मृत गोवंश भी बरामद किए है। पिनगवां पुलिस ने मामले में तीन नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सीएस स्टाफ पिनगवां को मुखबिर से सूचना मिली की बलवंत सिंह व तेजवीर सिंह निवासी अमृतसर पंजाब व इमरान निवासी नांगल मुबारिकपुर गोकशी का धंधा करते हैं। जो एक ट्रक में गोवंश को भरकर हरियाणा से उत्तर प्रदेश के लिए ले जा रहे हैं। आरोपियों ने जिंदा गोवंश को कहीं खेतों में उतार दिया है और मृत गोवंश को रनियाला पटाकपुर के खेतों में उतार दिया है। आरोपियों का ट्रक रोड की बरम में फंसा हुआ है। पुलिस ने मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर दबिश दी तो मौके पर ट्रक के साथ दो लोग खड़े मिले। जो पुलिस टीम को देखकर भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों आरोपियों को काबू कर लिया जबकि एक आरोपी पुलिस को चकमा देकर भागने में कामयाब रहा।

काबू किए गए दोनों आरोपियों की पहचान तेजवीर निवासी फतेहवाल थाना अजनाला अमृतसर पंजाब व बलवंत सिंह निवासी रायपुरकला थाना अजनाला जिला अमृतसर पंजाब के रूप में हुई। भागने वाले आरोपी की पहचान इमरान उर्फ इफ्फी निवासी नांगल मुबारिकपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके मिले पांच गोवंश को सूची मेमो प्राप्ति द्वारा कब्जे में लिए।

# संक्षिप्त समाचार

## जिला स्तर पर 21 जून को मनेगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**मेवात।** हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में योग विशेषज्ञों द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छपेड़ा, राजकीय उच्च विद्यालय आलदौका, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंडरी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पिंनगवा हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नूह में तीन दिवसीय योग शिविर में योग प्रोटॉल में ग्रीवा चालन, स्कंध चालन खड़े होने वाले आसनों में ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, बैठकर किए जाने वाले आसनों में दंडासन भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, शशांकासन, उत्तान मंडूकासन, वक्रासन, पेट के बल आसनों में मकरासन, भुजंगासन, शलभासन पीठ के बल सेतुबंध आसान अर्ध हलासन, पवनमुक्त आसान, शवासन प्राणायाम में कपालभाति, अनुलोम विलोम, शीतली प्राणायाम ध्यान आदि कराए। योग विशेषज्ञों द्वारा योग के लाभ बताए। जिला आयुष अधिकारी डॉ. कमर मोहम्मद बताया कि योग किसी धर्म, जाति, महजब, संप्रदाय के लिए नहीं मानव जीवन के कल्याण के लिए है। उन्होंने बताया योग जीवन का निर्माण करता है। योग में सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य अपरिग्रह, शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय, ईश्वर प्राणिधान जो व्यक्ति इन सब बातों को आचरण करेगा। वह व्यक्ति जीते जी मुक्त हो जाएगा। योग अनुशासन और संस्कार हमारे जीवन में लाता है। जिला आयुष अधिकारी ने बताया कि हमें योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। केवल योग एक दो दिन करने के लिए लाभदायक नहीं होता जीवन पर्यन्त चलने वाला व्यायाम है।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में हुई 82 मरीजों की जांच



**तावडू।** उपमंडल के गांव मंडार का में शुक्रवार को बाल उमंग दृश्य संस्था के सहयोग से एक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिस में 82 मरीजों की जांच कर दवा दी गई। बाल उमंग दृश्य संस्था के पदाधिकारी एवं स्वयंसेवकों से मिली जानकारी के मुताबिक शिविर का आयोजन गांव के ही गांव में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायकों के मदद से किया गया। यह शिविर एक मोबाइल वैन में लगाया गया था। इस मौके पर चिकित्सक आशुतोष एवं विष्णु ने बच्चों महिलाओं और पुरुषों की जांच की, जिन्हें उनकी बीमारियों के आधार पर नि:शुल्क दवाएं दवाई दी गई। इस मौके पर संस्था की ओर से मोबिलाइजर मोहसिन सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## कॅरियर चुनने के लिए दिए टिप्स

**नूह।** सीए इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया की तरफ से मॉडल संस्कृति स्कूल में बच्चों के लिए कॅरियर काउंसलिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। सीए क्षमा गोयल ने छात्राओं को भविष्य में कॅरियर चुनने के लिए जानकारी दी। उनके द्वारा कॉमर्स चुने जाने के फायदे बच्चों को बताये। बैंकिंग वित्तीय सलाहकार सीए, सीएस आदि ने क्षेत्र में आने की असीम संभावनाओं का भी जवाब दिया और उनकी जिज्ञासा का समाधान भी किया। विद्यालय प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार जैन ने उनका धन्यवाद किया। इस अवसर पर अकाउंटेंट गजराज सिंह, निर्मल जैन प्रधानाचार्य कस्तूरबा, नफीसा चंदेनी सहित काफी अध्यापक व कर्मचारी मौजूद रहे।

## डीसी ने की मुख्यमंत्री की घोषणाओं को लेकर समीक्षा

**मेवात।** जिला उपायुक्त प्रशांत पवार ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल की घोषणाओं को लेकर जिले के सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की है। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री की सभी घोषणा के बारे में अधिकारियों से विस्तार पूर्वक चर्चा की। अधिकारियों को सख्त से सख्त निर्देश देते हुए कहा कि समय पर जल्द से जल्द पूरा करें। उन्होंने अधिकारियों को यह भी कहा कि कोई भी मुख्यमंत्री की घोषणाओं को लंबित ना छोड़े।

## नियुक्ति पत्र व वेतन को लेकर डीईओ से मिली एसोसिएशन

**नूह।** मेवात मॉडल स्कूल्स एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधान विजेंद्र कुमार व आशीष सिंगला खजांची की अध्यक्षता में जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत सिंह चहल से नूह सचिवालय के ऑफिस में मिला। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने स्कूल के कर्मचारियों के नियुक्ति पत्रों में आ रही सभी प्रकार की समस्याओं को शीघ्र निपटाने की बात रखी।

# लकी ड्रा में पटौदी के किसान को मिली बाइक



**तावडू।** नगर की नई अनाज मंडी परिसर में बीते बुधवार को कोरटेवा पायनियर द्वारा किसानों के लिए लक्की ड्रा महासभा का आयोजन किया गया। इस लकी ड्रा महासभा में आसपास के क्षेत्र से लगभग 300 से अधिक किसानों ने भाग लिया। जिसमें पटौदी के डाडाबास निवासी भाग्यशाली किसान वीरेंद्र को डीलक्स हीरो बाइक लकी ड्रा में प्राप्त हुई।

कंपनी पदाधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक कोरटेवा पायनियर हाइब्रिड बाजरे के बीज की दो किस्मों को खरीदने वाले किसानों को खरीद समय के दौरान कूपन दिए गए थे। इन कूपनों के माध्यम से लकी ड्रा महासभा का आयोजन नगर की नई अनाज मंडी में हुआ। जिसमें लगभग 300 से अधिक किसानों ने भाग लिया तो वहीं 201 किसानों के लिए इनामों का लकी ड्रा निकाला गया। इस दौरान पटौदी के रहने वाले वीरेंद्र सिंह को एक डीलक्स हीरो की बाइक लकी ड्रा में मिली।

कंपनी पदाधिकारियों और किसानों के समक्ष भाग्यशाली किसान को बाइक की चाबी थमाई गई। इसके अलावा अन्य लकी ड्रा में निकले इनाम स्प्रे मशीन, इंडक्शन, कूलर इत्यादि भी भाग्यशाली किसानों को वितरित की गई।

मौके पर कंपनी अधिकारी टीएसएम माधव सिंह तोमर, प्रवीण सिंह, योगेंद्र सिंह, रामनिवास, सुनील यादव व अफरोज आदि ने कंपनी के हाइब्रिड बीजों की दो किस्मों की विशेषताएं बताईं। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज बाजरे की इन दोनों किस्में उत्पादन में वृद्धि करती है। सभी किसानों को बीज बुवाई की विधि भी समझाई गई।

# दहेज लोभियों ने विवाहिता को मौत के घाट उतारा

## पुलिस ने आरोपी ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया

## पांच माह की गर्भवती है मृतका, ससुराल पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप



पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**जिले** के खूंटा पट्टी गांव में बहन को बचाने आई पांच महीने की गर्भवती विवाहिता की ससुराल पक्ष के लोगों ने पीट-पीटकर हत्या कर देने का आरोप है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अल आफिया माड़ीखेड़ा अस्पताल से पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के हवाले कर दिया। पुलिस ने ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

अख्तर पुत्र नूरू निवासी निभाहेडी थाना टपूकड़ा जिला अलवर ने पुलिस को दी गई शिकायत में कहा कि मैंने अपनी बड़ी लड़की जमसीदा की शादी 2013 में मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार सलाउद्दीन पुत्र अब्दुल गनी निवासी ग्राम खूंटा पट्टी थाना पुनहाना जिला नूह के साथ की थी। शादी में मुझ पर जितना बना उतना दान दहेज भी दिया था। इसके अलावा मैंने अपनी दूसरी लड़की अनीशा की शादी सलाऊ के भाई से 2017 में नियाज मोहम्मद उर्फ टीनू पुत्र अब्दुल गनी के साथ की थी। जिसमें हमने अपनी हैसियत से ज्यादा दान दहेज दिया था, लेकिन ससुराल पक्ष के लोग उस दान दहेज से खुश नहीं थे। बताया कि ससुराल पक्ष के लोग दोनों लड़कियों को दहेज के लिए परेशान करना शुरू कर दिया। जिसके कारण हमारी कई बार पंचायतें भी हुईं, लेकिन दहेज के लालची अपनी हरकतों से बाज नहीं आए और आए दिन बेटियों को दहेज के लिए प्रताड़ित करते रहे।

उन्होंने बताया की आज से लगभग 10 दिन पहले मेरी बड़ी लड़की जमसीदा मेरे पास घर आई थी। जो आज अपनी ससुराल ग्राम खूंटा पट्टी वापस गई तो ससुराल पहुंचते ही सलाउद्दीन ने जमसीदा से पूछा कि अपने पिता के यहां से हमारे लिए दहेज की मांग पूरी करने के लिए क्या चीज लाई हो। जमसीदा ने उनसे कहा कि मैं अपने पिता के वहां से कुछ नहीं लाई। इस पर सलाउद्दीन और नन्द जरीना गुस्से में आग बबूला हो गई।

जमशीदा के साथ नन्द ने जमसीदा की चुटिया पकड़कर उसे नीचे गिरा दिया। जैसे ही अनीशा उसको बचाने आई तो सलाउद्दीन ने अनीशा को मारा पीटा और उसके बाद अपना फोन अपने भाई नियाज मोहम्मद को मिलाया। उससे कहा कि इन दोनों बहनों ने हमारी दहेज की बाबत नाक कटवा रखी है। जिस पर नियाज मोहम्मद ने कहा कि इनको जान से खत्म कर दो। इसके बाद सलाऊ ने पास में पड़ी रस्सी को उठाया और अनीशा को पकड़कर कमरे में ले गया और दरवाजा बंद कर रस्सी से उसका गला घोंट डाला। जिससे अनीशा उम्र 24 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई।

उन्होंने कहा कि गांव निबाहेडी कि गांव खूंटा पट्टी में और भी रिश्तेदारी हैं। जिन्होंने हमें फोन पर इस घटना के बारे में सूचना दी। जिसके बाद हम ससुराल खूंटा पट्टी पहुंचे और हमने देखा कि लड़की अनिशा जिसके पेट में 5 महीने का बच्चा था, वह मृत अवस्था में पड़ी हुई है। इसके बाद हमने 112 नंबर पर कॉल करके पुलिस को बुलाया।

### मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी

**जांच** अधिकारी एएसआई देवकीनंदन ने बताया कि सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की गई है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी आधार पर कार्यवाई अमल में लाई जाएगी।

# जल बचाव की दिशा में कृषि विभाग की मुहिम

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

## किसानों को 7 हजार रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी

**उपायुक्त** प्रशांत पंवार ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से किसानों को गत वर्षो की भांति मेरा पानी-मेरी विरासत योजना के तहत धान के स्थान पर कपास की फसल, दलहनी फसल जैसे-अरहर, मूंग मौठ, उर्द, सोयाबीन व ग्वार और तिलहनी फसल जैसे-मूंगफली, तिल, अरंडी व चारे वाली फसलों तथा सब्जियों की फसल लगाने के साथ-साथ खाली खेत छोड़ने पर किसानों को 7 हजार रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

उन्होंने किसानो को प्रति एकड 7 हजार रुपये के अनुदान के लिए अपनी फसल का मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर आवेदन करने का आह्वान करते हुए कहा है कि किसान हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मेरा पानी-मेरी विरासत के माध्यम से आर्थिक लाभ प्राप्त करने के साथ-साथ घटते भू-जल स्तर के संरक्षण में भी अपना योगदान दें। कृषि उपनिदेशक डा. अनिल कुमार ने बताया कि जिला के लिए मेरा पानी-मेरी विरासत योजना में जो निधारित लक्ष्य रखा गया है। विभाग द्वारा आवेदक किसानों का सत्यापन करने के बाद बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से प्रोत्साहन राशि जारी की जाएगी। विभाग का उद्देश्य है कि जिन किसानों ने अभी तक भी मेरा पानी-मेरी विरासत पर अपना पंजीकरण नहीं करवाया है, वे जल्द ही अपना पंजीकरण मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल के माध्यम से मेरा पानी-मेरी विरासत में करवा लें। उन्होंने किसानों से आह्वान कि किसान धान की फसल के स्थान पर खेतों में दलहनी, चारे वाली फसलें व सब्जियां लगाकर मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपनी फसलों का समय रहते पंजीकरण करवाएं, क्योंकि यह पंजीकरण पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर लक्ष्य पूर्ण होने के उपरांत बंद कर दिया जाएगा। उपनिदेशक ने बताया कि कृषि विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी जिला के गांवों में जाकर किसानों को जागरूक कर रहें हैं।

# कर्नाटक चुनाव में बीजेपी की हार ने केन्द्र की सत्ता में भूकंप मचाया

## वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अजय यादव दिल्ली में होने वाले ओबीसी सम्मेलन का न्योता देने आए

**सोहना।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता कैप्टन अजय यादव ने कहा कि केन्द्र की वर्तमान भाजपा सरकार की कर्नाटक चुनाव के बाद सत्ता से जाने के लिए उल्टी गिनती शुरू हो गई है। कांग्रेस को कर्नाटक विधानसभा चुनाव में मिली एक तरफा जीत ने आम जन को सत्ता परिवर्तन के संकेत दे दिए है।

रेवाड़ी से छह बार विधायक रहे कैप्टन अजय यादव मंगलवार को सोहना में पार्टी के कार्यकर्ताओं को 6 जुलाई को दिल्ली में होने वाले ओबीसी सम्मेलन का न्योता देने के लिए आए थे। इस अवसर पर उनके साथ सतबीर पहलवान, प्रदीप खटाना, सचिन यादव आदि मौजूद थे। इस अवसर पर कैप्टन अजय यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार अब कुछ महीनों की मेहमान रह गई है। देश की जनता झूठे लुभावने और भावुक बातों में बकाने की बातें करें 2014 में सत्ता हथियाई थी। लेकिन कर्नाटक चुनाव में वहां के मतदाताओं ने देश के अन्य राज्यों में होने वाले चुनाव में सत्ता परिवर्तन के सकेंत दे दिए है। पर्ची-खर्ची को नकारने वाली सरकार आज खर्ची पर ही चल रही है।


**लोगों को लाइनों में फिर किया खड़ा :** केन्द्र की सरकार से क्यों तो 2000 के नोट को नोटबंदी के दौरान लेकर आई थी। क्यों आज उसे बंद करने की जरुरत पड़ गई। 2024 में देश की सबसे बड़ी पंचायत के होने वाले चुनाव से मतदाताओं का ध्यान भटकाने के उद्देश्य से यह सब किया जा रहा है। लोगों को फिर से लाइन में खड़ा कर दिया है। ऐसे में भाजपा नेता अपने काले धन को बैंकों के पीछे से सफेद कराने का इरादा है। आखिर में कैप्टन ने कहा कि 6 जुलाई को दिल्ली में होने जा रही अखिर भारतीय कांग्रेस ओबीसी के सम्मेलन में जरुर पहुंचे।

# तावडू क्षेत्र में 4 करोड़ 12 लाख से होगा छह लिंक रोडों का जीर्णोद्धार

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

## सरकार ने राशि प्रस्ताव को सड़कों के जीर्णोद्धार को लेकर सरकार ने स्वीकृति दी

## जल्द ही लिंक सड़कों के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर कार्य होगा शुरू



**उपमंडल** के अंतर्गत छह विभिन्न सड़कों के जीर्णोद्धार की सरकार ने स्वीकृति दी है। इन सड़कों के जीर्णोद्धार पर करीब चार करोड़ बारह लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। जिनके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। क्षेत्र के लोगों ने सरकार का आभार जताते हुए खुशी व्यक्त की है।

नूह लोक व भवन निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता शमशेर सिंह के मुताबिक विभाग द्वारा भेजी गई 4 करोड़ 12 लाख की राशि प्रस्ताव को सड़कों के जीर्णोद्धार को लेकर सरकार ने स्वीकृति दे दी है। बीते दिनों सड़कों के जीर्णोद्धार को लेकर प्रस्ताव बनाकर भेजा था। जल्द ही लिंक सड़कों के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर कार्य शुरू कराया जाएगा। होडल-नूह-पटौदी मुख्य मार्ग से कलवाड़ी की सड़क को 48 लाख 28 हजार की राशि खर्च कर नवीनीकरण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 85 लाख 88 हजार की लागत से पलवल-सोहना-रेवाडी मार्ग से पीपाका 2.50 किलोमीटर लंबी सड़क का जीर्णोद्धार कराया जाएगा। इसी मार्ग से धुलावट 2.35 किलोमीटर लंबी सड़क पर एक करोड़ 14 लाख 44 हजार की राशि खर्च होगी। वही राठीवास से खोरी खुर्द सड़क के जीर्णोद्धार को लेकर 24 लाख 13 हजार रुपये खर्च होंगे। इसी प्रकार नूरपुर से टपूकड़ा राजस्थान सीमा तक एक करोड़ पांच लाख 85 हजार की राशि खर्च कर जर्जर सड़क की हालत बदली जाएगी तो वहीं एमईएस सड़क मोहम्मदपुर अहिर तक जर्जर सड़क का 34 लाख दस हजार की लागत से जीर्णोद्धार किया जाएगा। इन सड़कों के नवीनीकरण में चार करोड़ 12 लाख 68 हजार की राशि खर्च होगी। सरकार से स्वीकृति मिलने से क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सरपंच अब्दुल रऊफ, सरपंच शहजाद, समाजसेवी साजिद व आरिफ आदि ने खुशी जताते हुए सरकार का आभार जताया है।

# कचरे को स्रोत पर ही अलग करें, थीम पर होगी इनामी चित्रकला प्रतियोगिता

**गुरुग्राम।** आजादी के अमृत महोत्सव श्रृंखला के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में जिला प्रशासन गुरुग्राम के मार्गदर्शन में स्वयंसेवी संस्था अलग करो और कलाग्राम द्वारा पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता विषय पर चित्रकला इनामी चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

कलाग्राम सोसायटी से शिखा ने बताया इस प्रतियोगिता के विजेता को 30 हजार रुपये का इनाम मिलेगा। जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाले को 15 हजार तथा तीसरे स्थान के लिए 10 हजार रुपये का इनाम रखा गया है। वही 20 सराहनीय एंट्रीज के लिए भी दो-दो हजार का इनाम रखा गया है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता के लिए पात्रता के लिए प्रतिभागी की आयु 18 वर्ष से अधिक और दिल्ली-एनसीआर का निवासी होना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रतिभागी 24 बाई 24 के कैनवास पर पेंटिंग बना के नीचे दिए लिंक पर 31 मई तक भेजें। इस प्रतियोगिता का थीम कचरे को स्रोत पर ही अलग करें रहेगा। इसके साथ सभी एंट्रीज को सर्टिफिकेट भी दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता से सम्बंधित सूचना के लिए मोबाइल नम्बर 9811192908 या मेल पर सम्पर्क किया जा सकता है।

CH. CHARAN SINGH UNIVERSITY, MEERUT
(NAAC ACCREDITED with A++ Grade)
Admission Announcement : 2023-24
Applications are invited for admission to M.Ed. and LL.M. (through Entrance Test) and B.P.Ed. and M.P.Ed. (through Physical Fitness Test) in Ch. Charan Singh University Campus and Affiliated Colleges. Application form and admission rules will be available on the University website www.ccsuniversity.ac.in w.e.f. May 25, 2023 to June 25, 2023. REGISTRAR

पायनियर क्लासीफाइड

NAME CHANGE
I Manoj Kumar Mundhra S/o Prabhu Dayal Mundhra R/o H.No-1658 Sector-7E Faridabad, I inform that in my Education records my father's name is mentioned Prabhu Dyal Mundhra but correct name is Prabhu Dayal Mundhra.

बेदखली सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे मुवक्किल ओम प्रकाश कौशिक (आधार नम्बर 6610 6338 2902) पुत्र श्री जीत निवासी मकान नम्बर 40, गाँव फरीदपुर, फरीदाबाद, हरियाणा के पुत्र डिम्पल व सविता पत्नी डिम्पल उनके कहे अनुसार नहीं चलते हैं, और अपनी मनमानी करते है, तथा गाली-गलौंच, लडाई झगडा व मारपीट करते हैं, तथा झूठे केसों में फसाने की धमकी देते हैं, इसलिए मेरे मुवक्किल ने अपने पुत्र डिम्पल व सविता पत्नी डिम्पल से सभी संबंध विच्छेद कर लिये हैं, और उन्हें अपनी समस्त चल व अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद जो भी व्यक्ति डिम्पल व सविता पत्नी डिम्पल से कोई संबंध, लेन-देन या व्यवहार रखता है, तो वह उसका स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरे मुवक्किल व उसके परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
राजेश अहलावत एडवोकेट

COURT NOTICE
BEFORE THE COURT OF IV ADDITIONAL CIVIL JUDGE, BANGALORE RURAL DISTRICT AT BANGALORE
O.S.NO.149 /2010
BETWEEN : Smt. Adiveni, W/o Prabhakar, D/o M. Narayanaswamy, aged about 26 years, R/at Halasahalli Village, Kasaba Hobli, Hosakote Taluk, Bangalore Rural District and another .....Plaintiffs
AND : Sri Ramaiah and others ....Defendants
NOTICE TO PROPOSED DEFENDANT NO.10
Sri. Mandroop Singh, S/o Nathu Singh, aged about 53 years, R/at No.80, Mohyal colony, Sector-40, Gurgaon, Harayana.
NOTICE UNDER ORDER 5 RULE 20 OF CPC
Whereas, the plaintiff above named has filed the above suit under order 7 rule 1 of the code of civil procedure for the relief of partition and separate possession. The court has posted case on 22-06-2023 at 11.00 AM for appearance of you personally or through a pleader on that day, otherwise the Hon'ble Court will be deciding the matter in your absence.
SCHEDULE
1. Part and parcel of the land bearing Sy.No.67/4, measuring to an extent of 1-18 guntas situated at Khajisonnenahalli Village, Bidarahalli Hobli, Bangalore East Taluk and bounded on the :- East by : Land belongs to Shivanna, West by : Land belongs to Bathyamma, North by : Land belongs to Bhoosanna, Muniswamya, South by : Land belongs to Nanjamma.
2. Part and parcel of the land bearing Sy.No.102/2, measuring 3 1/4 guntas situated at Khajisonnenahalli Village, Bidarahalli Hobli, Bangalore East Taluk and bounded on the :- East by : Property belongs to Geetha Press and Siddappa, West by:Property belongs to Chikkamuniyappa and Muninagappa, North by:Road, and South by : Remaining Portion.
3. Part and parcel of the land bearing Sy.No.21/1, measuring 1 acre 1gunta, situated at Khajisonnenahalli Village, Bidarahalli Hobli, Bangalore East Taluk and bounded on the :- East by : Land belongs to Sab, West by: Land belongs to Avalappa, North by:Land belongs to C.Krishnappa, South by : Land belongs to Smt. Sugunamma.
4. Part and parcel of the land bearing Sy.No.323 measuring 20 1/2 guntas, situated at Khajisonnenahalli Village, Bidarahalli Hobli, Bangalore East Taluk and bounded on the :- East by: Canal, West by:Land belongs to Venkata-swamy and Nanjundappa, North by:Land belongs to Basavarajappa, South by:Land belongs to Ganagalu Thayappa.
Given under my hand and the seal of the court on this the 24-05-2023
By order of the Court, Sheristedar
PRL Civil Judges Court,
Bangalore Rural District, Bangalore.
Mylaraiah Associates,
No.23, Ground Floor, Suraj Sadan Apartments, 2nd Cross, Gandhinagar, Bangalore - 560009.

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : विजय प्रकाश सिंह, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# मोदी की यात्रा

## उल्लेखनीय उपलब्धि

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत 'वैश्विक उत्तर' के बहुत निकट आ गया है, जबकि 'वैश्विक दक्षिण' से भी उसके संबंध बेहतर हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीन-दिवसीय हिंद-प्रशांत यात्रा को उल्लेखनीय उपलब्धि के रूप में देखा जा सकता है। उन्होंने जी-7 शिखर सम्मेलन के विस्तारित सत्र में यह संदेश स्पष्ट रूप से दिया कि यूक्रेन संकट के समाधान का एकमात्र रास्ता संवाद व राजनय है। भारत जी-7 शिखर सम्मेलन के उन आठ अतिथि देशों में शामिल था जिन्होंने तीन विस्तारित सत्रों में हिस्सा लिया। इससे हमारे देश के बढ़ते अंतरराष्ट्रीय कद का प्रमाण मिलता है। यूक्रेन संघर्ष से निपटने का प्रधानमंत्री मोदी का संदेश स्पष्ट तथा प्रतिबद्धता प्रभावशाली थी। हिरोशिमा के विस्तारित सत्र में उनका दस-सूत्रीय आह्वान पूरे जी-7 शिखर सम्मेलन की एक विशेषता रही। इसमें उन्होंने खाद्य एवं स्वास्थ्य सुरक्षा, विकास संबंधी मुद्दों तथा जेंडर समानता को रेखांकित किया। मोदी ने शिखर सम्मेलन के समय यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेन्स्की से मुलाकात की। खबरों के अनुसार, मोदी ने उनसे कहा, 'पिछले डेढ़ साल में हमने फोन पर बात की, पर लंबे समय बाद हमें मुलाकात का मौका मिला। यूक्रेन में युद्ध सारी दुनिया के लिए बहुत बड़ा मुद्दा है। इसके सारी दुनिया पर अनेक अलग-अलग प्रभाव पड़े हैं। लेकिन मैं इसे राजनीतिक या आर्थिक मुद्दे की तरह नहीं देखता। मेरे लिए यह मानवता तथा मानव मूल्यों का मुद्दा है।' जेलेन्स्की ने बाद में



धन्यवाद देते हुए ट्वीट किया, 'भारत ने हमारे देश की क्षेत्रीय अखंडता तथा संप्रभुता का खासकर अंतरराष्ट्रीय संगठनों के मंचों पर समर्थन किया है और उसने यूक्रेन को मानवीय सहायता दी है।' वोलोदिमिर जेलेन्स्की का यह दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है क्योंकि पहले उनकी सरकार ने यूक्रेन हमले पर भारत द्वारा रूस की निन्दा नहीं करने पर निराशा प्रकट की थी।

कुछ लोगों ने यूक्रेन युद्ध में भारत की तटस्थता के बारे में बहुत नकारात्मक बातें कहीं हैं और यह संकेत तक किया कि सस्ता रूसी तेल खरीद कर भारत मुनाफा कमा रहा है। लेकिन ये बातें तथ्यों के बजाय पूर्वाग्रहों पर आधारित हैं। सच्चाई यह है कि सारी दुनिया रूस से तेल खरीद रही है। वैसे भी यूक्रेन युद्ध के मामले में भारत की तटस्थता दुनिया में उसकी विशिष्ट स्थिति स्पष्ट करती है। भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा बड़ा देश है जिस पर रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन विश्वास कर सकते हैं। जहां तक मोदी की पापुआ न्यू गाइना की यात्रा का सवाल है, हमें याद रखना चाहिए कि इसका संबंध केवल भावनाओं या छवि से नहीं हैं। हालांकि, मोदी के प्रशंसक पापुआ न्यू गाइना के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे द्वारा उनके चरण स्पर्श की तस्वीर देख कर बहुत प्रसन्न हैं। लेकिन इसके अलावा यह तथ्य बहुत महत्वपूर्ण है कि मोदी उस देश की यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। यह यात्रा भारत तथा उसके क्वाड साझीदारों की क्षेत्र में बढ़ती रणनीतिक दिलचस्पी का प्रमाण है। आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज़ ने मोदी को 'द बॉस' कहा जिससे मंगलवार को सिडनी में हुए आयोजन में उपस्थित भारतीय आनन्द विभोर हो गए। यह केवल प्रशंसा न होकर मोदी द्वारा आस्ट्रेलिया से संबंध बेहतर बनाने के प्रयासों की स्वीकृति है। वास्तव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित देशों के साथ भारत के आर्थिक, रणनीतिक, सैनिक व राजनीतिक हितों को जोड़ने के लिए बहुत प्रशंसनीय काम किया है। भारत पहले वैश्विक उत्तर के इतना निकट नहीं था जितना आज है और इसके बावजूद उसने ये संबंध वैश्विक दक्षिण की कीमत पर नहीं बनाए हैं।

# समस्या-समाधान में मोदी के प्रयास

**प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत चुनौतियों का सामना कर रहे अनेक देशों की सहायता करने में अग्रणी भूमिका निभाने के प्रयास कर रहा है।**



**तरुण चुग**

(लेखक, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव हैं।)



भारत भगवान बुद्ध की कर्मभूमि है। भगवान बुद्ध ने यहीं आम जनता को अपने उपदेशों और शिक्षाओं से लाभान्वित किया था। हालांकि, कुछ शताब्दियों के भीतर भगवान बुद्ध की शिक्षायें सारी दुनिया में प्रसारित हुईं और वे जापान भी पहुंचीं। भारत और जापान के बीच सांस्कृतिक संबंध सैकड़ों साल पुराने हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत की सांस्कृतिक विरासत तथा वर्तमान वैश्विक संदर्भ में भगवान बुद्ध की शिक्षाओं के प्रचार-प्रसार में उल्लेखनीय भूमिका अदा कर रहे हैं। इसी विरासत पर चलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में जापान के हिरोशिमा में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने जी-7 नेताओं से संवाद के दौरान स्पष्ट किया कि संघर्षों व टकरावों के समाधान का राजनय सबसे अच्छा माध्यम है। जी-7 दुनिया के सर्वाधिक औद्योगिक सात देशों का समूह है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-7 शिखर सम्मेलन के नवें कार्यकारी सत्र को संबोधित करते हुए भगवान बुद्ध की शिक्षाओं का संदर्भ दिया। उन्होंने कहा, 'शत्रुता से शत्रुता की आग ठंडी नहीं होती है। शत्रुता को मित्रता से ही दूर किया जा सकता है। इसी भावना से हमे आगे बढ़ कर सबको साथ लेना चाहिए।' जापान में प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेन्स्की से मुलाकात की। इस बैठक में मोदी ने कहा कि वर्तमान स्थति का संबंध केवल अर्थव्यवस्था या राजनीति से न होकर मानवता से है। उनका यह कथन बिल्कुल सटीक है। उन्होंने यह बात ऐसे राजनेता व राजनयिक के रूप में कही जिसे पूरे मुद्दे की गहरी समझ है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले साल रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन के साथ अपनी द्विपक्षीय बैठक में बहुत स्पष्ट रूप से कहा था, 'आज का युग युद्धों व टकराव का नहीं है। इनका समाधान संवाद और राजनय के माध्यम से किया जाना चाहिए।' अभिव्यक्ति की इतनी स्पष्टता विरले ही विश्व नेताओं में दिखती है। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के साथ ऐसा नहीं है क्योंकि वे हमेशा सभी मंचों पर मानवता के पक्ष में बोलते हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी के इस कथन को अनेक विश्व मंचों पर अनेक राजनेताओं व राष्ट्राध्यक्षों ने बहुत सकारात्मक रूप से संदर्भित किया और इससे प्रधानमंत्री मोदी तथा उनके नेतृत्व में भारत का कद अंतरराष्ट्रीय जगत में बहुत बढ़ गया। प्रधानमंत्री मोदी के दिखाये मार्ग पर चलते हुए भारत सचमुच दुनिया के किसी भी हिस्से में मानवीय संकट सामने आने पर सबसे पहले सहायता के लिए प्रयासरत होता है। भारत ने दुनिया के अनेक देशों की संकट के समय त्वरित सहायता की है। इससे स्पष्ट होता है कि प्रधानमंत्री मोदी हमेशा मानवता के हित में बोलते हैं। आज भारत की आवाज दुनिया के सभी बड़े देश बहुत गंभीरता से सुनते हैं। इसका कारण यह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमेशा विश्व नेताओं के साथ अपने संवाद को बहुत महत्व देते हैं। वे हमेशा समग्र रूप से मानवता के पक्ष में बोलते हैं तथा उनके सरोकार सभी देशों की जनता के लिए हैं। मोदी खासकर विकासशील व गरीब देशों की जनता के हितों को अपने दृष्टिकोण व गतिविधियों के केन्द्र में रखते हैं।

इस वैश्विक पृष्ठभूमि में इस बार जी-7 देशों ने अपना एजेंडा निर्धारित किया। दुनिया के सर्वाधिक विकसित व औद्योगीकृत देशों के समूह ने 'वैश्विक दक्षिण' के साथ साझेदारी विकसित करने को अपने शिखर सम्मेलन में महत्व दिया है। इस तथ्य को अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि प्रमुखतः भारत ने 'वैश्विक दक्षिण' की अवधारणा को मजबूत किया है। इसके अंतर्गत अनेक विकासशील देश आते हैं जो वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में अनेक प्रकार की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-7 शिखर सम्मेलन के एक कार्यकारी समूह में वैश्विक समस्याओं को रेखांकित करते हुए कहा, 'हमारा साझा लक्ष्य विश्व शांति, स्थायित्व और समृद्धि है। आज की परस्पर एक दूसरे से जुड़ी दुनिया में किसी एक क्षेत्र का संकट सभी देशों को प्रभावित करता है। ऐसे संकटों के कारण सीमित संसाधनों वाले विकासशील देशों पर सबसे बुरा प्रभाव पड़ता है। ।वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में ये देश अधिकतम कष्टों का सामना कर रहे हैं। उन पर खाद्य पदार्थों, ईंधन व उर्वरक संकट का सबसे बुरा प्रभाव पड़ता है।' प्रधानमंत्री मोदी के इस वक्तव्य से स्पष्ट होता है कि वे वैश्विक दक्षिण के समक्ष उपस्थित चुनौतियों की कितनी गहरी समझ रखते हैं। इन चुनौतियों में देशों का संप्रभु कर्ज, जलवायु परिवर्तन, खाद्य पदार्थों का संकट, उर्वरकों का संकट, आदि शामिल हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-7 शिखर सम्मेलन में उपस्थित दुनिया भर के नेताओं को याद दिलाया कि बहुपक्षीय एजेंसियां, जैसे संयुक्त राष्ट्रसंघ इन चुनौतियों से सफलतापूर्वक निपट नहीं पा रही हैं तथा वे टकराव व संघर्ष रोकने में सक्षम नहीं हैं। मोदी ने नेताओं को याद दिलाया कि संयुक्त राष्ट्रसंघ की स्थापना का उद्देश्य ही दुनिया में शांति की स्थापना करना था। संयुक्त राष्ट्रसंघ इक्कीसवीं शताब्दी के वैश्विक यथार्थ का प्रतिनिधित्व नहीं कर पा रहा है और इसके लिए उसमें व्यापक सुधारों की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्रसंघ की कमजोरियों की ओर संकेत करते हुए बहुत प्रभावी ढंग से जोर दिया कि अभी तक संयुक्त राष्ट्रसंघ आतंकवाद की परिभाषा तक निर्धारित नहीं कर सका है। जी-7 देशों के राजनेताओं ने आत्मावलोकन तथा संयुक्त राष्ट्रसंघ जैसी बड़ी संस्थाओं में व्यापक सुधारों के तर्कों को बहुत सकारात्मक रूप से स्वीकार किया।

भारत अनेक वर्षों से संयुक्त राष्ट्रसंघ में व्यापक सुधारों का आह्वान कर रहा है और उसने विभिन्न वैश्विक मंचों पर इस मुद्दे को बार-बार बहुत जोरदार तरीके से उठाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-7 शिखर सम्मेलन में भी इस बात पर जोर दिया कि इस बहुपक्षीय संस्था में वैश्विक दक्षिण के स्वरों को भी समुचित स्थान दिया जाना चाहिए। सच्चे व कारगर लोकतंत्र वाले देश भारत ने हमेशा दुनिया भर के लोगों की लोकतांत्रिक इच्छाओं व भावनाओं को स्वर दिया है। इस तथ्य को अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि संयुक्त राष्ट्रसंघ के स्थाई सदस्यों को यह स्थान पिछली शताब्दी के युद्धों, या दूसरे शब्दों में कहें तो दो विश्व युद्धों के बाद मिला था। विडंबना है कि दुनिया में सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश भारत को अभी संयुक्त राष्ट्रसंघ या विशिष्ट रूप से सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता नहीं मिली है। यह स्थिति सचमुच 'अलोकतांत्रिक' है।

भारत ने हमेशा ऐसी लोकतांत्रिक विश्व व्यवस्था के पक्ष में अपनी आवाज उठाई है जिसमें राष्ट्रीय संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाए। संयुक्त राष्ट्रसंघ का चार्टर तथा अंतरराष्ट्रीय विधि इनको रेखांकित करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने जी-7 के कार्यकारी समूह को अपने संबोधन में इन आयामों पर विशेष जोर दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नियमित रूप से जी-7 शिखर सम्मेलनों में शामिल होते रहे हैं। इनसे विश्व मंच पर भारत का बढ़ता कद प्रदर्शित होता है। भारत अब दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। यहां तक कि भारत की अर्थव्यवस्था जी-7 समूह के चार सदस्य देशों से भी बड़ी है। इसके साथ ही भारत 'वैश्विक दक्षिण' की आवाज बन कर उभरा है तथा वह वर्तमान समय में जी-20 समूह का अध्यक्ष है। भारत अगले साल क्वाड सम्मेलन का आयोजन भी करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अब भारत उन देशों का मजबूत साझीदार बन गया है जो अपने समक्ष उपस्थित चुनौतियों का समाधान खोज रहे हैं।

भारत को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि उसके द्वारा किए प्रयासों के परिणामस्वरूप विकासशील देशों और गरीब देशों की बढ़ती हुई कर्ज चुनौतियां वैश्विक विमर्श में केन्द्रीय स्थान पर आ गई हैं। इसके साथ ही जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए विकसित देशों को अपने संसाधनों का साझा करना चाहिए ताकि संकट घटाने व हरित ऊर्जा संबंधी तकनीकों के हस्तांतरण में सहायता मिल सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जलवायु परिवर्तन संबंधी इस मुद्दे पर भी जी-7 नेताओं के समक्ष जोर दिया।

# समावेशी विकास के अनिवार्य पहलू

**"जल और स्वच्छता संकट की जटिलता और व्यापकता के लिए एक सामूहिक दृष्टिकोण की आवश्यकता है।"**

**शेफालिका पंडा**

(लेखिका, सामाजिक कार्यकर्ता हैं)



समावेशी विकास की ओर बढ़ती दुनिया में, संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) यह सुनिश्चित करने के लिए एक रोडमैप प्रदान करते हैं कि कोई भी पीछे न छूटे। इस वैश्विक ब्लूप्रिंट में एसडीजी 6 विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जिसका उद्देश्य सभी के लिए जल और स्वच्छता की उपलब्धता और सतत प्रबंधन सुनिश्चित करना है। यह लक्ष्य दुनिया भर के समुदायों के लिए स्वास्थ्य, कल्याण, शिक्षा और लैंगिक समानता की आधारशिला बनाता है।

डब्ल्यूएचओ/यूनिसेफ के संयुक्त निगरानी कार्यक्रम की रिपोर्ट में पाया गया है कि विश्व स्तर पर 2.2 अरब लोगों के पास सुरक्षित रूप से प्रबंधित पेयजल की कमी है, जबकि 4.2 अरब लोगों में सुरक्षित रूप से प्रबंधित स्वच्छता सेवाओं की कमी है। दुनिया की 18 प्रतिशत आबादी के साथ लेकिन अपने जल संसाधनों का केवल 4 प्रतिशत होने के कारण, भारत को अपनी पानी और स्वच्छता की जरूरतों को पूरा करने में बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। (पानी, स्वच्छता और स्वच्छता) की कमी से वंचित समुदायों के लिए गंभीर प्रभाव पड़ता है, जिससे स्वास्थ्य संकट और आर्थिक अवसरों में कमी आती है।

अपर्याप्त पानी और स्वच्छता महिलाओं और लड़कियों को असमान रूप से प्रभावित करती है। दासरा द्वारा 2015 के एक अध्ययन में पाया गया है कि सुरक्षित मासिक धर्म स्वच्छता सुविधाओं की कमी के कारण भारत में लगभग 23 प्रतिशत लड़कियां स्कूल छोड़ देती हैं। पानी लाने में लगने वाले समय के कारण महिलाएं और लड़कियां आय सृजन और शिक्षा के अवसरों से वंचित रह जाती हैं। दुर्गम या गैर-कार्यात्मक शौचालय महिलाओं को शारीरिक और यौन उत्पीड़न और स्वास्थ्य समस्याओं के लिए और अधिक जोखिम में डालते हैं। 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में, अपर्याप्त वाश के कारण होने वाले डायरिया रोग मृत्यु का एक प्रमुख कारण हैं। ये मुद्दे व्यापक प्रणालीगत चिंताओं के लक्षण हैं जो इन आवश्यक सेवाओं के असमान वितरण में परिणत होते हैं।

2010 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने स्पष्ट रूप से स्वच्छ जल और स्वच्छता के मानव अधिकार को मान्यता दी, सभी मानवाधिकारों की प्राप्ति के लिए उनके सार की पुष्टि की। स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन, (जिसे हर घर नल योजना के रूप में भी जाना जाता है) जैसे कार्यक्रमों ने स्वच्छता और पानी तक पहुंच में सुधार करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हाल ही में, एसबीएम के तहत भारत के 50 प्रतिशत गांवों ने (खुले में शौच से मुक्त) प्लस का दर्जा हासिल किया। जब जल जीवन मिशन शुरू किया गया था, तब देश के 112 आकांक्षी जिलों में केवल 21.64 लाख (7.84 प्रतिशत) घरों में नल का पानी उपलब्ध था। संख्या अब बढ़कर 1.67 करोड़ (60.51 प्रतिशत) परिवार हो गई है। परोपकारी और सीएसआर पहलों ने भी कई पहलुओं से वॉश कवरेज सुनिश्चित करने में काफी प्रगति की है। उदाहरण के लिए, अंबुजा सीमेंट ने जल भंडारण को 166 मिलियन लीटर बढ़ाया और राजस्थान और महाराष्ट्र में 550 ट्यूबवेलों का कायाकल्प किया। एचयूएल की सुविधा पहल मुंबई में स्वच्छता सेवाएं प्रदान करती है, दस्त के मामलों को 44 प्रतिशत कम करती है और सालाना 35 मिलियन लीटर पानी का संरक्षण करती है। इंडियन मेटल्स एंड फेरो अलॉयज (आईएमएफए) की सु स्वास्थ्य पहल में वाश में बुनियादी ढांचा विकास और जागरूकता अभियान शामिल हैं, जिससे ओडिशा के 6 जिलों के 2989 गांवों में 19 लाख समुदाय के सदस्य प्रभावित हुए हैं।

सही दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाने के बावजूद अभी बहुत कुछ हासिल करना बाकी है। पानी और स्वच्छता के लिए मानवाधिकार आधारित दृष्टिकोण (एचआरबीए) स्वच्छता बुनियादी ढांचे की उपलब्धता, पहुंच और सामर्थ्य के महत्व को रेखांकित करता है।

जल और स्वच्छता में प्रगति के लिए एक व्यापक, बहु-हितधारक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। जमीनी स्तर पर विकास के केंद्र में होने के नाते, महिलाओं को इस प्रक्रिया का अभिन्न अंग होना चाहिए, यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पहल विविध और प्रभावी हों।

अवसंरचना विकास जल और स्वच्छता सेवाओं में सुधार का एक बुनियादी हिस्सा है। इसमें जल आपूर्ति और अपशिष्ट निपटान, और शौचालय जैसी भौतिक सुविधाओं का निर्माण या उन्नयन शामिल है। स्थायी जल और स्वच्छता प्रथाओं के लिए एक साझा दृष्टि को साकार करने के लिए निर्णय लेने में समुदाय के सदस्यों की भागीदारी आवश्यक है। एक बार बुनियादी ढांचा स्थापित हो जाने के बाद, स्वच्छता सुविधाओं का उपयोग करने और स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, सामुदायिक शिक्षा को जल संरक्षण तक बढ़ाया जाना चाहिए। सतही जल के प्रदूषण और भूजल स्रोतों के प्रदूषण को रोकने के सामूहिक प्रयासों पर भी जोर दिया जाना चाहिए। पानी और स्वच्छता के मुद्दों के लिए कोई एक आकार-फिट-सभी समाधान नहीं है और भौगोलिक, जलवायु और सांस्कृतिक विचारों के आधार पर पहल भिन्न हो सकती हैं। उन क्षेत्रों में जहां पानी की लवणता अधिक है, अलवणीकरण और जल निस्पंदन की प्रक्रियाओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इसी तरह, जल संरक्षण के लिए स्थापित प्रक्रियाओं जैसे जल संचयन, ड्रिप सिंचाई, अपशिष्ट प्रबंधन उपचार और भंडारण जलाशयों का भी आवश्यकतानुसार उपयोग किया जाना चाहिए।

जल और स्वच्छता संकट की जटिलता और व्यापकता के लिए एक सामूहिक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। जब सरकार, गैर-सरकारी संगठन, निजी क्षेत्र और समुदाय सहयोग करते हैं, तो परिणाम समावेशी, टिकाऊ और स्थानीय संदर्भों के लिए उपयुक्त होते हैं।

## आप की बात

### सोशल मीडिया के खतरे

**अमेरिका** के सर्जन जनरल ने चेतावनी दी है कि सोशल मीडिया से बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और भलाई को नुकसान का गहरा खतरा हो सकता है। नाबालिगों द्वारा इंटरनेट प्लेटफार्म के उपयोग पर अधिक नियमों और शोध की मांग कई देशों में की जा रही है। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि बच्चों पर सोशल मीडिया के प्रभाव को रेखांकित करने के लिए मौजूदा शोध पर ध्यान आकर्षित करने में अब और देर नहीं करनी चाहिए । एडवाइजरी में सोशल मीडिया के उपयोग से बच्चों और किशोरों को संभावित नुकसान पर प्रकाश डाला गया है जिसमें नींद की कमी, मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे, साइबरबुलिंग, अत्यधिक सामग्री तक पहुंच और वयस्कों के शिकारी व्यवहार के लिए अतिसंवेदनशील होना शामिल है। सोशल मीडिया आगे चलकर महामारी का रूप ले सकता है। क्योंकि यह सिर्फ शौक नहीं बल्कि हमें लती और आदी बनाता जा रहा है। सिर्फ बच्चे और किशोर ही नहीं बल्कि बड़े भी सोशल मीडिया नामक नशे का शिकार हो चुके हैं। वो दिन दूर नहीं जब इसके लत को छुड़ाने के लिए बहुत से लोगो ंको मनोचिकित्सक के पास जा कर दवा-इलाज कराना पड़ेगा। इस अति से बचना जरूरी है।

–**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### नोट-वापसी

**दो हजार** के नोट जमा कराने की घोषणा करने के बाद से ही आम जनता में हड़बड़ी है। एक और रिजर्व बैंक के गवर्नर कर रहे हैं कि 2000 के नोट बदलवाने के लिए किसी प्रकार का आईडी फार्म भरवाने की जरूरत नहीं है। वहीं दूसरी ओर जब लोग बैंक की एक शाखा में नोट बदलाने गए तो न सिर्फ उनसे आईडी प्रूफ मांगा गया बल्कि फार्म भी भरवाये गये। कई बैंकों ने थोड़े ही समय बाद बदलने के लिए करेंसी स्टॉक में नहीं है कह कर ग्राहकों को लौटा दिया। रिजर्व बैंक गवर्नर के स्पष्ट आदेशों के बावजूद बैंकों द्वारा अपने नियम थोपना और नोट बदलने में अपने मनमाने नियम लागू करना रिजर्व बैंक की गाइडलइन का सरासर उल्लंघन है। भारतीय रिजर्व बैंक को हस्तक्षेप करके तत्काल बैंकों की मनमानी रोकते हुए नोट बदलने के आदेश देना चाहिए। नोट की उपलब्धता के बावजूद नोट नहीं बदलने वाले बैंकों पर सख्त एक्शन लेना चाहिए। साथ ही इसके लिए रिजर्व बैंक को एक हेल्पलाइन जारी करना चाहिए जिस पर उपभोक्ता संबंधित बैंकों की शिकायत कर सकें। मीडिया में आने वाली खबरों का फौरन संज्ञान लेना प्रशासन की भी जिम्मेदारी है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### प्रतिभाशाली बेटियां

**यूपीएससी** की सिविल सेवा परीक्षाओं मे देश की बेटियों ने अच्छी रैंक पाकर परिवार, समाज व राष्ट्र का सर ऊंचा किया है। टापर आई बेटियों ने अपने परिश्रम व मेहनत से दिखा दिया कि बेटियां पीछे नहीं हैं। कहीं-कहीं बेटियों के प्रति समाज के कुछ वर्गों द्वारा उपेक्षित पहलू दिखते हैं। इस अदभुत सफलता से अपने आप में उनके लिए जवाब है। समाज में कहीं-कहीं आज भी बेटा बेटी के फर्क को देखा जाता है। इसमें कोई दो मत नहीं कि वर्तमान दौर मे बेटियों की शिक्षा व सुरक्षा दोनों जरुरी है और इनको सही दिशा-दशा देने की जवाबदेही उनके पालकों तथा माता-पिता पर है। बेटियां हमारी व देश समाज की आन-बान-शान हैं इनकी खुशियों व इनके आत्मसम्मान का ध्यान रखना हम सभी का कर्तव्य है। इन प्रतिभाशाली बेटियों के साथ ही हमें उन गरीब व ग्रामीण बेटियों पर भी गौर करना होगा जिनकी उपलब्धियां व जीवन के रोजमर्रा संघर्ष मीडिया की सुर्खियों में नहीं आते हैं। आंगनबाड़ी, शिक्षक, नर्स, बैंक कर्मी, पुलिस कर्मी आदि की भूमिका में महिलायें और बेटियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

– **योगेश जोशी,** बड़वाह

### चोटिल नाडाल

**फ्रेंच** ओपन के बादशाह और 14 बार इस टूर्नामेंट के विजेता स्पेन के टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल फिलहाल चोट से जूझ रहे हैं और फ्रेंच ओपन टूर्नामेंट से हट गए हैं। इससे नडाल के प्रशंसकों और आयोजकों को निराशा हुई है। 2005 में पहली बार फ्रेंच ओपन टूर्नामेंट जीतकर अपना दबदबा कायम रखने वाले राफेल नडाल पहली बार ऐसा कर रहे हैं। राफेल नडाल इस टूर्नामेंट में नहीं होंगे। राफेल नडाल टूर्नामेंट से इसलिए बाहर हो गए हैं क्योंकि वह आने वाले सीजन 2024 के लिए फिटनेस की तैयारी कर रहे हैं। 3 जून को फ्रेंच ओपन के दौरान राफेल नडाल का जन्मदिन है। 18 मई से 16 जून तक फ्रेंच ओपन ग्रैंडस्लैम आयोजित होता है। इसलिए आयोजक इस दिन को यादगार के रूप में मनाते हैं। लेकिन अब आयोजक व प्रशंसक निराश हैं। राफेल नडाल ने पैर में चोट के बावजूद ऑस्ट्रेलियन ओपन टूर्नामेंट जीता था। उन्होंने फ्रेंच टूर्नामेंट में 122 मैच जीते हैं और केवल तीन मैच हारे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि 2024 उनके करियर का आखिरी सीजन हो सकता है।

– **दत्तप्रसाद शिरोडकर,** मुंबई

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# अल्टीमेटम के बाद भी नहीं हुई सूरजमुखी की सरकारी खरीद शुरू

## दिन-प्रतिदिन किसानों की बढ़ रही परेशानियां — आज पंचायत में लिया जाएगा कड़ा फैसला

पायनियर समाचार सेवा। शाहाबाद मारकंडा



**पिछले** वर्ष अनाज मंडी में 1 लाख 4 हजार 702 क्विंटल सूरजमुखी की आवक हुई थी और मार्कीट कमेटी के अंदाजे के मुताबिक गत वर्षो की अपेक्षा इस वर्ष सूरजमुखी की आवक बढ़ेगी, क्योंकि अकेले शाहाबाद ब्लॉक में 22 हजार एकड़ भूमि में सूरजमुखी की फसल काटने की स्थिति में तैयार खड़ी है। जिससे यह अंदाजा है कि इस वर्ष 2 लाख क्विंटल सूरजमुखी शाहाबाद अनाज मंडी में आएगी।

मार्केट कमेटी से मिली जानकारी के मुताबिक अभी तक 4.5 हजार क्विंटल से अधिक सूरजमुखी की आवक हो चुकी है, जोकि 15 मई से शाहाबाद अनाज मंडी में आनी शुरू हो गई थी। सरकारी एजेंसी हैफेड ने 1 जून से सूरजमुखी की सरकारी खरीद का ऐलान किया है, ऐसे में सरकारी खरीद शुरु न किए जाने की वजह से किसानों की परेशानियां बढ़ गई हैं। भारतीय किसान यूनियन चढूनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी ने 22 मई को अनाजमंडी में किसानो की परेशानियों को देखते हुए बैठक बुलाई थी और उस बैठक में 25 मई तक सरकार को प्रदेशभर में सरकारी खरीद शुरू करवाने के अल्टीमेटम दिया गया था, लेकिन जब 25 मई तक भी सरकारी खरीद शुरू नहीं हुई तो 26 मई को सुबह 10 बजे भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी ग्रुप ने पुनः पंचायत बुलाई है। अटकले है कि भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी आज आयोजित होने वाली पंचायत में कुछ बड़ा निर्णय लेगी।

**मंदी होने के कारण नहीं हुई अभी तक प्राइवेट खरीद शुरू**

**उल्लेखनीय** है कि इस वर्ष सूरजमुखी की प्राइवेट खरीद भी शुरू नहीं हुई है, क्योंकि खरीददार मात्र 4 से 4.5 हजार प्रति क्विंटल की खरीद करना चाह रहे है, लेकिन किसान एमएसपी से कम बेचने को तैयार नहीं है। हालांकि पिछले वर्ष 5 मई से प्राइवेट खरीद शुरू हो गई थी और 7 हजार रुपए प्रति क्विंटल मूल्य भी प्राइवेट खरीदारों ने किसानों को दिया था। लेकिन इस बार आवक ज्यादा होगी और यह बात प्राइवेट खरीददारों को भी पता है, इसलिए वह कम मूल्य लगा रहे है। किसान को पता है कि एमएसपी पर उसकी सूरजमुखी की फसल 6400 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से जाएगी, इसलिए वह मंडी में पंखा आदि लगवाने के बाद सूरजमुखी सुखाकर वापस अपने घरों में ले जाने को तैयार है।

**किसान हैं परेशान, इसलिए लेना पड़ेगा कड़ा फैसला**

**भारतीय** किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रेस प्रवक्ता राकेश बैंस, प्रदेश कार्यकारी सदस्य जसबीर सिंह मामू माजरा और ब्लॉक प्रधान हरकेश कुमार खानपुर ने बताया कि सरकारी खरीद शुरू न होने के कारण किसान सूरजमुखी की फसल को मंडी में लाकर पंखा आदि लगवाने के बाद सुखाकर वापस अपने घरों में ले जाने को मजबूर हैं। राकेश बैंस ने कहा कि रोजाना रुक-रुक कर बे-मौसम बारिश ने भी किसानों की चिंता बड़ा रखी है। जसबीर सिंह मामुमजरा ने कहा कि इन-दिनों बारिश के साथ चलने वाली हवाएं सूरजमुखी की फसल के लिए अच्छी नहीं होती। तेज हवाओं से सूरजमुखी के फूल की गिरने की संभावना है। ब्लॉक प्रधान हरकेश कुमार ने कहा कि सोमवार को हुई किसान यूनियन की बैठक में उन्होंने सरकार से 25 मई से सूरजमुखी की खरीद शुरू करने की मांग की थी, लेकिन सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। इसलिए अब चेतावनी स्वरूप सरकार ने अगर जल्द खरीद शुरू करने के साथ-साथ सरकारी खरीद समय नहीं बढ़ाया तो शुक्रवार को होने वाली बैठक में भारतीय किसान यूनियन कड़ा एवं बड़ा फैसला लेगी।

### मार्कीट कमेटी प्रशासन ने कसी कमर

मार्किट कमेटी के सचिव कृष्ण कुमार मलिक ने कहा कि सूरजमुखी का सीजन गेहूं अथवा धान के सीजन से अधिक महत्वपूर्ण होता है और प्रशासनिक दृष्टि से उन्होंने इसके लिए व्यापक तैयारियां की हैं। उन्होंने कहा कि मंडी में किसानों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी और सरकारी खरीद शुरू होते ही प्रत्येक व्यवस्था को प्रत्येक अधिकारी सुचारू तरीके से चलाएगा, इसके लिए मार्कीट कमेटी प्रशासन ने कमर कस ली है।

### 7.7 क्विंटल की बजाय 10 क्विंटल प्रति एकड़ खरीद की मांग

**भारतीय** किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने कहा कि सोमवार को हुई पंचायत में किसानों ने मांग की थी कि इस वर्ष सरकार को 7.7 क्विंटल की बजाय 10 क्विंटल प्रति एकड़ सूरजमुखी की खरीद करनी होगी। उन्होंने कहा कि सरकार को यह भी अब सुनिश्चित करना होगा कि कौन-कौन सी एजेंसी कितनी-कितनी सूरजमुखी खरीदेगी। चढ़ूनी ने कहा कि शाहाबाद ब्लॉक में इस बार अंदाजा है कि सवा दो लाख क्विंटल सूरजमुखी की पैदावार होगी, इसलिए सरकार को इस बार खरीद केंद्र भी बढ़ाने होंगे।



शाहाबाद अनाज मंडी में पहुंची सूरजमुखी की फसल।

# सिजोफ्रेनिया एक गंभीर मानसिक बीमारी: डॉ. नेहा सोबती

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**उदयन** शालिनी फैलोशिप कार्यक्रम कुरुक्षेत्र की तरफ से विश्व सिजोफ्रेनिया दिवस, सड़क सुरक्षा व साइबर सिक्योरिटी विषय पर एक आनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें प्रमुख वक्ता सब इंस्पेक्टर रोशन लाल, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ नेहा सोबती, डाक्टर सुजाता शर्मा, डायरेक्टर तपन पुनर्वास केंद्र नीलोखेड़ी, पुष्पा, गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल मनोविज्ञान प्राध्यापिका पुष्पा व उदयन केयर संस्था कुरुक्षेत्र की संयोजिका डॉ सुषमा शर्मा रही।

रोशन लाल ने सड़क दुर्घटनाओं की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ने पर चिंता व्यक्त की जिसके कारणों व निदान हेतु उपायों पर चर्चा लोगों को इस सार्वजनिक मुद्दे के बारे में जागरूक होने की आवश्यकता है। चालक या किसी अन्य व्यक्ति की लापरवाही सड़क दुर्घटना का मुख्य कारण है। रोशन लाल ने बताया कि वाहन संबंधित सारे कागजात होना बेहद जरूरी है। उन्होंने साइबर सिक्योरिटी पर भी चर्चा की और कहा कि किसी भी अनजान मैसेज व लिंक पर क्लिक नहीं करना और अपना ओटीपी किसी को नहीं देना चाहिए। बैंक संबंधी डिटेल्स किसी के साथ साझा नहीं करनी चाहिए। डॉ नेहा सोबती ने जानकारी दी कि सिजोफ्रेनिया एक गंभीर मानसिक बीमारी है। यह बीमारी ज्यादातर युवाओं को चपेट में लेती है। पूरी दुनिया में सिजोफ्रेनिया को लेकर जागरूकता फैलाने और इस बीमारी से जूझ रहे लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 24 मई को विश्व सिजोफ्रेनिया जागरूकता दिवस मनाया जाता है।



आनलाइन कार्यशाला में अपने विचार व्यक्त करते वक्ता।

इस गंभीर मानसिक बीमारी के कारण युवाओं में आत्महत्या के मामले भी बढ़ते हैं। इस बीमारी में व्यक्ति काल्पनिक और वास्तविक वस्तुओं को समझने में भूल कर बैठता है। परिणामस्वरूप रोगी का वास्तविकता से संबंध टूट जाता है, जिसके कारण उसके सोचने समझने की क्षमता पर असर पड़ता है और वह जीवन की जिम्मेदारियों को संभालने में असमर्थ रहता है। सही समय पर इलाज और सपोर्ट न मिल पाने की स्थिति में मरीज पागल हो सकता है और मौत भी हो सकती है। मनोविज्ञान प्राध्यापिका पुष्पा ने सिजोफ्रेनिया बीमारी पर चर्चा की। डॉक्टर सुजाता शर्मा ने शालिनियो को जानकारी दी कि सिजोफ्रेनिया एक गंभीर मानसिक बीमारी है।

# भारतीय योग संस्थान के अधिकारियों को दिया प्रोटोकॉल योगाभ्यास का प्रशिक्षण



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का प्रोटोकॉल योगाभ्यास करवाते संस्थान के अखिल भारतीय प्रधान देसराज एवं उष्ट्रासन का प्रदर्शन करते साधक राजीव।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**आगामी** 21 जून को मनाए जाने वाले नौवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व तैयारी में भारतीय योग संस्थान के अखिल भारतीय प्रधान देसराज एवं महामंत्री ललित गुप्ता द्वारा संस्थान के प्रांतीय व जिला अधिकारियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया गया ताकि वे सभी अपने अपने क्षेत्रों में इस प्रोटोकॉल का अभ्यास करवा कर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को पूरे देश ही नहीं विदेशों के योग साधना केंद्रों पर भी बड़े उत्साह एवं उल्लास से मना सकें। जूम एप पर आयोजित इस ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ देसराज द्वारा सामूहिक प्रार्थना करवा कर किया गया।

हिसार के जुबिन गोयल एवं साथियों ने सुंदर योग गीत प्रस्तुत किया। प्रांतीय संरक्षक राज किशन सैनी ने सभी का स्वागत एवं अभिनंदन किया। मंच संचालन डॉ मीनू गुप्ता ने किया। देसराज ने कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों को बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारतीय योग संस्थान द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस संस्थान के देश विदेश स्थित सभी स्थानों पर पूरी श्रद्धा, उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए सभी अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्रों में साधकों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कॉमन योग प्रोटोकॉल का पूर्व अभ्यास करवाना है। इसी उद्देश्य से यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अखिल भारतीय प्रधान देसराज द्वारा सभी संचालन क्रियाओं, योगासनों व ध्यान साधना तथा महामंत्री ललित गुप्ता द्वारा प्राणायाम का सुंदर अभ्यास करवाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रांतों के प्रधानों व प्रांतीय अधिकारियों के साथ-साथ केंद्रीय उपप्रधान राय सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष सुरेश विज, सलाहकार शरत् चंद्र अग्रवाल, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य किशोर कुमार एवं डॉ मीनू गुप्ता उपस्थित थे।

हरियाणा प्रांत इकाई की ओर से प्रधान ओमप्रकाश, उपप्रधान होशियार सिंह आर्य, मंत्री मानसिंह, संगठन मंत्री रामपाल गोयल व मास्टर लिछमन दास, कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार, प्रांतीय प्रैस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर, सह प्रेस प्रवक्ता धर्मवीर सिंह दलाल, प्रांतीय कार्यकारिणी में आमंत्रित सदस्य मुकेश गोयल, विवेक भाटिया, विशाल वर्मा, राजबीर सिंह दहिया सहित सभी जिला प्रधान व कार्यकर्ता उपस्थित थे। संस्थान की टेक्निकल टीम में दिल्ली से वेद सैनी, पुलकित, नवीन गुप्ता, संजय जैन एवं वैभव ने सारी व्यवस्था संभाली।

## एक माह में 74 बसों के हुए चालान

**कुरुक्षेत्र।** आजकल हरियाणा रोडवेज के चालकों को पिपली चौक पर सवारियां उतारना और चढ़ाना महंगा पड़ रहा है। क्योंकि पिछले एक माह में हरियाणा रोडवेज कुरुक्षेत्र के 74 बसों के चालान हो चुके हैं। ये चालन चालकों को अपनी जेब से भरने पड़ रहे है। आल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन ने चालक-परिचालकों के हुए चालान को रद्द करने की मांग की है। यूनियन के डिपो प्रधान नरेंद्र पांचाल का कहना है कि एक तरफ तो प्रशासन चालक और परिचालक के ऊपर दबाव बनाता है कि आपकी इनकम कम आ रही है। इनकम बढ़ाने के लिए चालकों व परिचालकों को पिपली से सवारियां उतारने व चढ़ाना पड़ता है। पिपली चौक पर लगे कैमरों द्वारा चालको-परिचालकों के चालान हो रहे है जोकि उन्हें अपनी जेब से भरने पड़ रहे हैं। आल हरियाणा रोडवेज वर्कर यूनियन रजिस्टर नंबर 1947 कुरुक्षेत्र मांग करती है कि इन

# कर्नाटक की तर्ज पर हरियाणा में क्लीन स्वीप करेगी कांग्रेसः शमशेर गोगी

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**असंध** से कांग्रेस विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शमशेर गोगी पूर्व कष्ट निवारण कमेटी मेंबर एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मुलाखराज अरोड़ा के आवास पर पंहुचे जहां उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरा। कार्यकताओं से रूबरू हुए कांग्रेस विधायक गोगी ने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल है।

हरियाणा अपराध, भ्रष्टाचार और पिछड़ेपन का शिकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि जनता बीजेपी के कुशासन से दुखी व त्रस्त है यही कारण है कि जनता का आज कांग्रेस की तरफ रुख है। कांग्रेसी विधायक ने कहा कि भाजपा के भ्रष्टाचार, धर्म जाति की राजनीति, कर्मचारियों के शोषण के विरुद्ध आज लोग खुलकर सामने आने लगे हैं। शमशेर गोगी ने भाजपा सरकार को इवेंट आर्गेनाइजर कंपनी बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के नो वर्ष पूरे होने पर भाजपा जश्न मना रही परंतु भाजपा जंतर मंतर पर बैठे खिलाड़ियों, आंदोलन में मरे किसानों, नोटबंदी, जी एस टी से देश पर क्या प्रभाव पड़ा पर कौन जबाब देगा। उन्होंने कहा कि बीते नो साल के शासन में महंगाई और बेरोजगारी बढ़ी है जिसके जिम्मेदार मोदी हैं।




कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कांग्रेस विधायक शमशेर गोगी।

इस मौके पर सुरेश यूनिसपुर, अरुण पंजाबी, बलदेव, सुनील शर्मा, विकी सरपंच हरियापुर, राजू, माया राम, बंसी, खुशी राम, साहब सिंह, सुरजीत सलूजा, गुरचरण, जतिन गोयल, राम कुमार, रणजीत सिंह, राज कुमार, अमित अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### विशाल खुब्बड़ बने आप के प्रदेश संयुक्त सचिव

**कुरुक्षेत्र।** आम आदमी पार्टी ने वीरवार को कार्यकारिणी की घोषणा की। कार्यकारिणी में आप नेता विशाल खुब्बड़ को प्रदेश संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर विशाल खुब्बड़ ने राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, राष्ट्रीय महामंत्री डॉ संदीप पाठक व प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुशील गुप्ता सहित सभी शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। विशाल ने कहा कि सभी कार्यकर्ता मिलकर जनता के हित में संघर्ष करते हुए हरियाणा में भी भारी बहुमत से आम आदमी की सरकार बनाएंगे। इसके अलावा कार्यकारिणी में जगबीर जोगनाखेड़ा को जिलाध्यक्ष, सुमित हिंदुस्तानी को कुरुक्षेत्र लोकसभा प्रभारी, शमशेर सिंह को प्रदेश संयुक्त सचिव, प्रवीण चौधरी को प्रदेश संयुक्त सचिव, मेवा राम व शिव कुमार को लोकसभा वाईस प्रेजिडेंट, मान सिंह, विरेंद्र सिंह व रणधीर को जिला का उपप्रधान नियुक्त किया है।



विशाल खुब्बड़।

### बच्चों को नशे के प्रति किया जागरूक



कुरुक्षेत्र। शहीद जसविंदर सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तलहेड़ी, राजकीय माध्यमिक विद्यालय टीकरी, राजकीय माध्यमिक विद्यालय जुरासी कलां व राजकीय उच्च विद्यालय मलिकपुर में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के कुरुक्षेत्र विश्व शांति नाम की तरफ से बीके राधा बहन तथा बीके लता बहन तथा बीके राजेश मास्टर ने नशा मुक्ति तथा जल संरक्षण के प्रति स्कूलों में जाकर बच्चों तथा अध्यापकों को जागरूक किया। इस अवसर पर संजय काजल मुख्याध्यापक, वेद प्रकाश प्रवक्ता सहित अध्यापक मौजूद रहे।

### इनेलो प्रदेश सचिव को फिर मिली धमकी

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र के व्यवसायी एवं इंडियन नेशनल लोकदल के प्रदेश सचिव सोहन लाल उर्फ सोनू शर्मा को करीब दो महीने पहले 50 लाख की डिमांड करते हुए जान से मारने की धमकी मिली थी। सोनू शर्मा ने बताया कि अब फिर से उसे व्हाट्सएप कॉल से धमकी मिली है कि तुमने अभी तक पैसे नहीं दिए हैं और अब तेरे बच्चे को उठा लेंगे। उल्लेखनीय है कि गत मार्च महीने में पहली सोनू शर्मा तथा साथ ही उनके भाई संदीप शर्मा एवं परिवारों को काल करने वालों ने खत्म करने की धमकी दी गई थी। उस समय पुलिस को शिकायत दी गई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की आगामी जांच शुरू कर दी थी। सोनू शर्मा ने बताया कि दो महीने पहले पुलिस को दी शिकायत के बाद उसे सुरक्षा मुहैया करवाई गई थी लेकिन अब फिर से उसे इंटरनेशनल नंबर से व्हाट्सएप कॉल से धमकी है कि तूने अभी तक पैसे नहीं दिए हैं।

# नशे का सेवन व्यक्ति को बना देता है राक्षस वृत्ति का : बीके मीनाक्षी

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**गुरु** गोविंद नाथ विद्या मंदिर में ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन की मुख्य वक्ता ब्रह्मकुमारीज बहन बीके मीनाक्षी और सहयोगी सुनीता मित्तल थी। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को नशे के प्रति जागृत करना और जल बचाओ अभियान था।

बीके मीनाक्षी बहन ने ओम शांति शब्द से बच्चों को संबोधित किया और उसका अर्थ बताया कि जब हम मन से जो उच्चारण करते हैं, वही हमारा आचरण बन जाता है तो जीवन शांत स्वरूप में रहता है। अपने संबोधन में आगे बताया कि आज एक छोटा बच्चा भी नशा करना सीख रहा है परंतु प्राचीन सभ्यता ऐसी नहीं थी। आज हमारी दिव्यता समाप्त होती जा रही है। समय से पहले यदि हम जागरूक होंगे तो अपने देश और समाज को बचा सकते हैं। चावल और अंगूर के मिश्रण का उदाहरण देकर समझाया कि यदि दोनों मिल जाए तो शराब बन जाती है और यदि अलग-अलग खाएं तो शरीर के लिए लाभदायक बन जाता है।



प्राचार्य को सम्मानित करती ब्रह्माकुमारी बहनें।

बच्चों पर परिवार के सदस्यों का भी प्रभाव पड़ता है। कई बार बच्चे जैसा चाहते हैं वैसा माता-पिता नहीं दे पाते, तो वे चोरी आदि गलत बातों का सहारा लेते हैं और अपने लक्ष्य से भटक जाते हैं। सिगरेट, बीड़ी, अल्कोहल और तम्बाकू आदि अनेक नशीले पदार्थों के बारे में बताते हुए अनेक बीमारियों की जड़ बताया। उन्होंने जागृत करते हुए बताया कि यदि हम एक एक उत्तरदायित्व लेंगे तो सरकार और भारत देश की सभ्यता की मदद कर सकते हैं। भारत में अंग्रेज व्यापार कर कर चले गए परंतु हमारे जीवन का ही व्यापार हो गया। राजयोग मेडिटेशन का महत्व बताते हुए कहा कि मेडिटेशन से शक्ति आती है। वह शक्ति हमारे समाज को भी शक्तिशाली बनाती है। सुबह शाम परमात्मा का धन्यवाद देकर सकारात्मक सोचना चाहिए, नकारात्मक नहीं। एक एक विचार से भाग्य बनता है। इसी श्रृंखला में बीके सुनीता मित्तल ने बच्चों को जल संरक्षण के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। हम अपने प्रतिदिन की दिनचर्या में पानी को कैसे बचा सकते हैं। मानव जीवन के लिए पानी अमूल्य है, जल नहीं तो जीवन नहीं। जल के बिना जीवन की कल्पना करना असंभव है। छोटे छोटे तरीकों से हम जल को बचाने का प्रयास करें और अपने देश का भविष्य उज्वल करें। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य विजय मेहता ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी उपस्थित बच्चे तथा स्टाफ उपस्थित रहा।

# श्रेष्ठ कार्य प्रदर्शन करने वालों को टाटा हिताची सम्मानित करेगी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**कंस्ट्रक्शन** और माइनिंग मशीनों की सर्वप्रमुख कम्पनी टाटा हिताची ने अपने सर्वप्रमुख वार्षिक फाइनेंसर्स समिट एवं अवार्ड्स शो-सिनर्जी 2023 आईटीसी मराठा, मुंबई में आयोजित करने की घोषणा की।

सिनर्जी 2023 फाइनेंसर्स का समिट और अवार्ड शो है, जो टाटा हिताची के लिए अपने फाइनेंस पार्टनर्स का आभार व्यक्त करने और सर्वश्रेष्ठ कार्य प्रदर्शन करने वालों को उनके अथक प्रयासों के लिए पुरस्कृत करने का अवसर होगा। कम्पनी इस मंच के माध्यम से अपने ग्राहकों के लिए बेहतर फाइनैंशियल सॉल्यूशन सुनिश्चित करेगी और उनके साथ निकटता बढ़ाएगी। इस अवसर पर टाटा हिताची के प्रबंध निदेशक

### टाटा हिताची के प्रबंध निदेशक संदीप सिंह ने कहा, मुझे खुशी है

संदीप सिंह ने कहा, सिनर्जी 2023 हमारे फाइनैंस पार्टनरों को सम्मानित करने का सर्वप्रथम वार्षिक सम्मेलन है। इसका आयोजन करने की मुझे बहुत खुशी है। कंस्ट्रक्शन इक्वीपमेंट के इकोसिस्टम में फाइनैंसर अहम भागीदार होते हैं।

हमें विश्वास है कि इस सम्मेलन से फाइनैंस पार्टनरों के साथ हमारे संबंध और मजबूत होंगे और हमें विकास और इनोवेशन करते रहने में भी मदद मिलेगी। टाटा हिताची का परिचय- टाटा हिताची भारत की सर्वप्रमुख कंस्ट्रक्शन मशीनरी कंपनियों में एक और सबसे बड़ी हाइड्रोलिक एक्सकेवेटर कम्पनी है। जो टाटा मोटर्स और जापान की हिताची कंस्ट्रक्शन मशीनरी का संयुक्त उद्यम है। पूरे देश में 250 से अधिक ग्राहक सेवा संपर्क केंद्र हैं। कम्पनी का गठन 1961 में टाटा इंजीनियरिंग एण्ड लोकोमोटिव कंपनी के कंस्ट्रक्शन उपकरण प्रभाग के रूप में किया गया।

आज कम्पनी के पोर्टफोलियो में मिनी एक्सकेवेटर, कंस्ट्रक्शन एक्सकेवेटर, माइनिंग एक्सकेवेटर, बैकहो लोडर, व्हील लोडर और डम्प ट्रक के साथ-साथ अटैचमेंट, पार्ट्स की बेटर और एक्सपर्ट सर्विस सॉल्यूशन हैं। टाटा हिताची भारत में इन्फ्रास्ट्रक्चर और माइनिंग कारोबार के लिए विश्वस्तरीय कंस्ट्रक्शन उपकरणों की सर्वप्रमुख कम्पनी है।

# लोग गर्दन के दर्द को नजरंदाज न करें : डॉक्टर अनुराग सक्सेना

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक

**बदलती** जीवनशैली के साथ स्पाईन से जुड़ी समस्याएं हर आयु वर्ग में लगातार बढ़ रही हैं। आज ये समस्याएं युवाओं को भी हो रही है। व्यस्कों में वर्क-फ्रॉम-होम की संस्कृति के कारण स्पाइन की गंभीर समस्याएं छोटी उम्र से ही शुरू होने लगी हैं। देखा गया है कि 128.1 प्रतिशत व्यस्क आबादी स्पाइन की किसी न किसी समस्या का शिकार है, जिसमें सर्वाईकल स्पॉन्डिलोसिस भी एक है।

डॉ. अनुराग सक्सेना, एचओडी एवं कंसल्टैंट न्यूरोसर्जरी, एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल, द्वारका-दिल्ली ने कहा, कि सर्वाईकल स्पॉन्डिलोसिस के शुरुआती चरण में बहुत मामूली संकेत दिखाई देते हैं। आम तौर पर इस स्थिति में गर्दन में दर्द या अकड़न होती हैं। यह जरूरी है कि व्यक्ति गर्दन के दर्द को नजरंदाज न करे क्योंकि यह सवाईकल स्पॉन्डिलाईटिस का लक्षण भी हो सकता है। कई अन्य लक्षण भी हैं, जिन्हें ज्यादातर लोग नजरंदाज कर देते हैं, और ये लक्षण समय के साथ गंभीर होते चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि सर्वाईकल स्पॉन्डिलोसिस में अंगों खासकर कलाई, हाथ, पैर और पाँवों में सुन्नपन, या कमजोरी; गले में दर्द, जो एक या दोनों कलाई में भी जा सकता है, या नहीं भी जा सकता है; गले को घुमाने में मुश्किल होना; चलने में परेशानी होना; तालमेल की कमी; ब्लैडर या आँतों में नियंत्रण की कमी; और बार-बार सिर में दर्द होना शामिल है।डॉक्टर ने कहा, "उम्र सर्वाईकल स्पॉन्डिलोसिस के सबसे आम कारणों में से एक है। देखा गया है कि 60 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को इसका जोखिम ज्यादा होता है। लेकिन शिथिल जीवनशैली के कारण लोग घंटों एक जगह बैठकर काम करते हैं, और शारीरिक गतिविधि बहुत कम करते हैं, जिसके कारण यह समस्या होने का जोखिम और ज्यादा बढ़ जाता है।"

# एचडीएफसी पेंशन का एसेट्स अंडर मैनेजमेंट 50,000 करोड़ रुपये के पार

पायनियर समाचार सेवा। हिसार

**नेशनल** पेंशन सिस्टम (एनपीएस) के अंतर्गत सबसे तेज बढ़ती लेगसी पेंशन फंड मैनेजर एचडीएफसी पेंशन मैनेजमेंट कंपनी लि. ने 15 मई 2023 को अपने एसेंट्स अंडर मैनेजमेंट में रु. 50,000 करोड़ का महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर लिया है। एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. के संपूर्ण स्वामित्व वाली इस सब्सिडियरी कंपनी की शुरुआत वर्ष 2013 में हुई थी और तब से कंपनी ने तेज दर (नीचे टेबल देखें) से विकास किया है।

कंपनी का एयूएम साइज़ तैंतीस (33) महीनों में 400 फीसद बढ़ा है। कंपनी ने जुलाई 2020 में रु. 10,000 करोड़ का बेस एयूएम हासिल किया था। एचडीएफसी पेंशन भारत में रीटेल तथा कॉर्पोरेट एनपीएस श्रेणी में सबसे तेज़ बढ़ती लेगसी पेंशन फंड मैनेजर है, जिसके पास सबसे अधिक संख्या में सब्सक्राइबर (1 मई 2023 तक 15,00,000+) हैं।

इस उपलब्धि पर बात करते हुए श्रीराम अय्यर, चीफ एक्जिक्यूटिव ऑफिसर, एचडीएफसी पेंशन, ने कहा, यह हमारे लिए बेहद गौरवशाली पल है। हम रु. 50,000 करोड़ एयूएम का आंकडा पार करने पर काफी उत्साहित हैं। यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि हमने इस वर्ष अपने कारोबार के दस (10) वर्ष पूरे कर लिये हैं। यह पड़ाव हमारे मूल्यवान सब्सक्राइबर्स का हमारी कंपनी पर भरोसा दर्शाता है। हम अपने सब्सक्राइबर्स, कॉर्पोरेट पार्टनर्स, पॉइंट्स ऑफ प्रेजेंस तथा डिस्ट्रिब्यूटर्स को धन्यवाद देते हैं, जिन्होंने हमारे ऊपर भरोसा जताया है और उनके समर्थन से ही हमारी कंपनी को पिछले कुछ सालों में आगे बढ़ने में मदद



मिली है। हर नौकरीपेशा व्यक्ति को रिटायरमेंट के बाद अपना भविष्य सुरक्षित करने के लिए एक साधन की जरूरत होती है। रिटायरमेंट प्लानिंग के लिए एक वित्तीय उत्पाद के रूप में एनपीएस बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके अच्छे रिटर्न, आकर्षक टैक्स लाभ और कम शुल्क, इसे ग्राहकों के लिए बेहद फायदेमंद पेशकश बनाते हैं। हमारे एयूएम ने रु. 50,000 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है, जिसके कारण अब हमारे सब्सक्राइबर्स के लिए फंड मैनेजमेंट का प्रभावी शुल्क और भी कम हो जाएगा।

# मुर्दों को पेंशन बांटने का मामला हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई के हवाले

## समाज कल्याण विभाग के मुख्य सचिव को दिया था हलफनामा दायर करने का नोटिस

पायनियर समाचार सेवा। शाहाबाद मारकंडा

**मुर्दों** को पेंशन बांटने के मामले में अब सीबीआई जांच कार्रवाई करेगी। वीरवार को पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने इस मामले में घोटाले की बेहद गंभीर आशंका जताई। मामले को सीबीआई को जांच के लिए सौंप दिया है। उल्लेखनीय है कि तीन महीने पहले पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने इस मामले में राज्य के समाज कल्याण विभाग के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। डीजी विजिलेंस को अब तक की गई कार्रवाई को लेकर हलफनामा दायर करने की हिदायत दी थी और इसके लिए 12 हफ्ते का समय भी दिया गया था। मगर आज 12 हफ्ते बीत जाने के बाद भी जब पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट जवाब से संतुष्ट नहीं हुआ, तो मामला सीबीआई को जांच के लिए सौंप दिया।

### पति का झूठा मृत्यु प्रमाण पत्र देकर बनवाई विधवा पेंशन

**आरटीआई** कार्यकर्ता राकेश बैंस ने बताया कि वर्ष 2015 में शाहाबाद निवासी सीता देवी की विधवा पेंशन बनवाई गई। वार्ड के एक पार्षद ने उसके पति का झूठा मृत्यु प्रमाण पत्र बनवा कर विधवा पेंशन स्वीकृत करवा दी थी। अशिक्षित होने के चलते महिला को इस बात का पता नहीं चला था। इसका खुलासा तब हुआ, जब वह बैंक में लोन लेने गई और आवेदन करने के लिए पति का आधार कार्ड दिया। तब बैंक अधिकारी ने बताया कि रिकॉर्ड के अनुसार उनका पति जीवित नहीं है। उसकी तो 2013 में मौत हो चुकी है। तब सीता को पता चला कि 2013 में एक पार्षद उनके घर आया था और उससे यह कहा कि उसकी नई योजना के तहत पेंशन लग जाएगी। इसकी एक हजार रुपये सरकारी फीस लगेगी। आरोप लगाया कि पार्षद ने ही उसके पति का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवा कर उसकी विधवा पेंशन मंजूर कराई। जब इस बात का राकेश बैंस को पता चला, तो उन्होंने सर्वप्रथम उपयुक्त व महानिदेशक को इसकी शिकायत भेजी। जिसमें उन्होंने जाली दस्तावेज तैयार करने व करवाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। जिसके बाद गड़बड़ी पाई गई और कुछ पार्षदों व अधिकारियों की मिलीभगत भी सामने आई थी। तब कुछ पेंशनधारकों से रिकवरी भी हुई, लेकिन दो कर्मचारियों को चार्जशीट करने के अलावा कोई कार्रवाई नहीं हुई जिस पर उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दर्ज कारवाई।


याचिकाकर्ता के वकील प्रदीप रापडिया।


याचिकाकर्ता राकेश बैंस।

### मामले को दबा रहा विभाग

**याचिकाकर्ता** के वकील प्रदीप रापडिया ने बताया कि तत्कालीन सरपंचों व नगर पालिका के पार्षदों ने समाज कृयाण विभाग के अधिकारियों से मिलीभगत करके ऐसे व्यक्तियों को पेंशन वितरण कि जो स्वर्ग सिधार चुके हैं। सरकार को करोड़ों रुपये का चूना लगाया गया है। जिसके बाद कार्रवाई हेतु याचिका दर्ज कार्रवाई गई और कोर्ट के आदेशों के बावजूद सिर्फ शाहाबाद में मनगढ़ंत एफआईआर दर्ज करके व 13,43,725 रुपये की राशि सरकारी खजाने में जमा कराई गई है। इस घोटाले को दबाने के इरादे से पुलिस ने पूरे घोटाले को अंजाम देने के जुर्म में सिर्फ एक रिटायर्ड सेवादार व क्लर्क के खिलाफ निचली अदालत में बोगस व जाली चालान पेश करके दिखाया है। मामले में कैग रिपोर्ट के अलावा तीन विभागीय जांच भी हुई है और तीनों जांचों में शाहबाद के पार्षदों और जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को दोषी पाया गया है। जिन पार्षदों ने ऐसे पेंशन धारकों की पहचान की जो पहले ही स्वर्ग सिधार चुके हैं और सरकारी खजाने से पेंशन राशि निकालने में मदद की है। उनकी सूची खुद समाज कृयाण विभाग ने पुलिस को भेजी थी। मगर मामले में हैरान करने वाली बात है कि सभी दोषी पार्षदों व जिला समाज कल्याण अधिकारी को चालान में सरकारी गवाहों की सूची में रखा गया, जबकि याचिकाकर्ता जिसकी शिकायत पर तीन जांचे हुई और इतना बड़ा घोटाला उजागर हुआ उसको सरकारी गवाहों के सूची से बाहर कर दिया गया।

### 18 जनवरी 2017 को हुई थी पहली सुनवाई

**राकेश** बैंस ने वकील प्रदीप रापडिया के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका दर्ज करवाई, जिसके बाद 18 जनवरी 2017 को पहली सुनवाई हुई। उसके बाद लगातार अलग-अलग तारीखों में सुनवाई होती रही और माननीय हाईकोर्ट अलग-अलग विभागों को नोटिस जारी करके करवाई के निर्देश भी देती रही। मगर 23 फरवरी 2023 को हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव समाज कृयाण विभाग को 12 हफ्तों में विस्तृत हलफनामा दायर करते हुए समाज कल्याण विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों व पार्षदों के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत कार्रवाई का विवरण देने को कहा। तब यह चेतावनी भी दी गई थी कि यदि संतुष्टि जनक जवाब कोर्ट को नहीं दिया गया, तो घोटाले की जांच सीबीआई को सौंप दी जाएगी, लेकिन आज विभाग की तरफ से संतुष्टिजनक जवाब नहीं मिला और मामला सीबीआई को सौंप दिया गया।

## बाल देखरेख में रह रहे बच्चों को सभी आवश्यक सुविधाएं कराएं उपलब्ध

**सोनीपत।** एसडीएम राकेश संधू ने गुरुवार को रैडक्रॉस सोसायटी, बाल कृयाण अधिकारी कार्यालय तथा महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले बाल कल्याण अधिकारी कार्यालय में बाल देखरेख संस्थान, बाल पुस्तकालय तथा बाल कक्षाओं का निरीक्षण किया। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान यहां रह रहे बच्चों से उनका कुशलक्षेम पूछते हुए उनके खान-पान, रहन-सहन के लिए की गई व्यवस्थाओं व प्रबंधों के बारे में जानकारी ली।

एसडीएम ने कहा कि बच्चों के खान-पान व रहन सहन पर पूरा ध्यान रखा जाए तथा संबंधित अधिकारी व कर्मचारी बच्चों के प्रति अपनी ड्यूटी का निर्वहन पूरी ईमानदारी व जिम्मेदारी के साथ करें। उन्होंने बाल पुस्तकालय व चिकित्सा कक्षा का निरीक्षण करते हुए कहा कि बच्चों के लिए डेस्क व पाठ्य सामग्री की व्यवस्था करते हुए इन्हें शिक्षा की मुख्यधारा में लाएं ताकि ये बड़े होकर देश के अच्छे नागरिक बन सकें। उन्होंने चिकित्सा कक्ष में आवश्यक दवाईयां उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। एसडीएम संधू ने इसके पश्चात रैडक्रॉस सोसायटी तथा महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय का निरीक्षण करते हुए कार्यालयों में सफाई पर विशेष ध्यान देने को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

# शहर की सारी सड़कें टूटी, गड्ढों से कोई राहत नहीं : राजीव जैन


रेस्ट हाउस में अधिकारियों से चर्चा करते राजीव जैन।

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

### भाजपा नेता राजीव जैन ने लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों से की चर्चा

**शहर** की सारी सड़कें टूटी पड़ी हैं, सरकार ने 25-25 करोड़ रुपये सभी विधानसभाओं के लिए मंजूर कर दिए। कई माह से नागरिक सुन रहे हैं, परन्तु कोई राहत नहीं मिली है, ऐसे में गड्ढों में पलटते दोपहिया वाहन चालक एवं ई-रिक्शाएं ऊपर से बारिश का मौसम आने वाला है, तब क्या हालात होंगे इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है।

सड़कों के हालात से चिंतित मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने वीरवार को स्थानीय विश्राम घर में लोकनिर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता प्रशांत कुमार तथा पंकज गौड़ समेत अन्य अधिकारियों से चर्चा की। बैठक में एसडीओ राकेश कुमार, दिलबाग मेहरा, जेई. दीपक मेहरा मौजूद थे। अधिकारियों ने बताया कि बड़वासनी नहर से गोहाना रोड, ट्रक यूनियन तक, एटलस रोड, मिशन चौक से कालुपुर, रेलवे रोड, गीता भवन चौक, बस स्टैण्ड से गांधी चौक, बस अड्डा से बहालगढ़ रोड, मुरथल रोड के टैंडर हो चुके हैं और मुख्यालय से स्वीकृति मिलने के बाद वर्क आर्डर जारी कर दिए जायेंगे।

राजीव जैन ने कहा कि इतने तो बारिश का मौसम आ जाएगा ऐसे में क्या हालात होंगे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्राथमिकता के आधार पर काम शुरू होने तक गड्ढ़े तो कम से कम भर दो।


राजीव जैन ने सारंग रोड, ओल्ड डीसी रोड़ तथा आईटीआई चौक से सिंचाई विभाग कार्यालय तक सड़कों की हालात बारे चर्चा की तो अधिकारियों ने बताया कि इन सड़कों को नगर निगम ने मरम्मत करवाना है, जिसमें आईटीआई चौक से सिंचाई विभाग तक सड़क बनाने के लिए 6 करोड़ रुपये का एस्टीमेट निकाय विभाग के मुख्यालय को भेजा हुआ है। भाजपा नेता ने कहा कि वर्क आर्डर होने के बाद चूंकि बरसात का मौसम होगा इसलिए सड़क बनाना तो शुरू कर देना परन्तु फाइनल लेयर न डालना ताकि बरसात का मौसम निकल जाये अन्यथा सड़कें फिर से टूट जायेंगी।

# पर्ल इंटरनेशनल स्कूल में इंटर स्कूल डांस प्रतियोगिता हुई आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**पर्ल** इंटरनेशनल स्कूल में गुरुवार को सेठ बनारसी दास ग्रुप इंटर स्कूल डांस प्रतियोगिता सत्र 2023-24 का आयोजन पूरे जोश, उत्साह व हर्षोल्लास के साथ किया गया। इसमें ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल, सेक्टर-7, सलपानी कलां तथा पर्ल इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इससे पहले दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि सेठ बनारसी दास ग्रुप के प्रबंधक रोशन लाल गुप्ता, सुदेश गुप्ता व शिल्पी गोयल थे। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों की प्रतिभा में निखार आता है। लगन और मेहनत के बल पर किसी भी प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने इस आयोजन के लिए पर्ल इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल दीपशिखा बेनीवाल व उनकी पूरी टीम को बधाई दी व विजेता छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।


डांस प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सलपानी शाखा तथा दूसरे स्थान पर पर्ल इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थी रहे। द पर्ल इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसीपल दीपशिखा बेनीवाल ने मुख्यातिथि का धन्यवाद ज्ञापित किया। कहा कि इस प्रतियोगिता के लिए सभी विद्यार्थी कई दिनों से कड़ी मेहनत कर रहे थे।

इस तरह की प्रतियोगिता विद्यार्थियों के लिए अहम है। इससे जहां उनका ज्ञान बढ़ेगा, वहीं आत्मविश्वास में भी बढ़ोतरी होगी। इस कार्यक्रम में छात्रों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, गीत, क्लासिकल डांस, राम कथा व शिव तांडव की प्रस्तुति दी गई, जिसका सभी ने आनंद उठाया। इस मौके पर प्रिंसीपल सरिता मेहता, दीपशिखा बेनीवाल, सुमिति, ममता भटनागर, अनुराधा, मोनिका मेहला, सीमा, अंशू मेहता, निशा कौशिक, नीरू शर्मा, नेहा, रमिका, कंवलजीत, रंजीता, दिव्या, संगीता व विद्यार्थी मौजूद रहे।

### समारोह में राष्ट्रपति को न बुलाना संवैधानिक पद का अपमानः रीना वाल्मीकि

**कुरुक्षेत्र।** संसद भवन पर वीर सावरकर के जन्मदिवस पर शिलान्यास एवं उद्घाटन समारोह में संविधान के सर्वोच्च पद पर विराजमान भारत के राष्ट्रपति को न बुलाने पर अपनी प्रतिक्रिया आ रही हैं।

ऑल इंडिया अम्बेडकर महासभा की प्रदेश अध्यक्ष रीना वाल्मीकि ने कहा कि उद्घाटन समारोह में राष्ट्रपति को न बुलाकर केंद्र सरकार ने न केवल भारत के सविधान बल्कि देश के चालीस करोड़ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों का अपमान किया है। उन्होंने राष्ट्रपति को समारोह में नहीं बुलाए जाने को लेकर देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान बताया है। रीना वाल्मीकि ने सभी अम्बेडकर वादी संगठनों को आह्वान किया है कि वे आपसी मतभेद भुला कर केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ एक मंच पर एकत्रित होकर आवाज उठाएं।

## दो सड़कों के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

**कुरुक्षेत्र।** विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि थानेसर शहर को एक मॉडल शहर के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस शहर को मॉडल बनाने के लिए सभी मुख्य मार्गों पर तिरंगा लाइटें लगाई जाएंगी, पार्कों का सौंदर्यीकरण होगा, पिपली प्रवेश द्वार को भव्य और सुंदर बनाया जाएगा, कुरुक्षेत्र के प्रवेश द्वारों पर महाभारत थीम पर आधारित गेट बनाए जाएंगे तथा सभी मार्गों के डिवाइडरों पर रंग-बिरंगी लाइटे लगाने के साथ-साथ सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाएगा।

इस कार्य के लिए लगभग 7 करोड़ रुपए की राशि भी खर्च की जाएगी। विधायक सुभाष सुधा वीरवार को सलारपुर रोड पर सडक निर्माण कार्य का शुभारंभ करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले विधायक सुभाष सुधा, भाजपा के युवा नेता साहिल सुधा, मंडल प्रधान हरीश अरोड़ा, रोशन बेदी, एक्सईन लोक निर्माण विभाग हितेश अग्रवाल, समाज सेवी दीपक सिडाना, राज गौड, बलबीर सिंह, धन सिंह गांधी, राजू बाजवा ने विधिवत रुप से 4 करोड़ 62 लाख की लागत से 6 किलोमीटर बनने वाली सलारपुर रोड और 70 लाख रुपए की लागत से बनने वाली गांधीनगर की सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि नप अधिकारियों को जून माह तक शहर के नाले-नालियों की सफाई व्यवस्था करने के सख्त आदेश जारी किए गए है और कूड़ा-कर्कट के लिए डपिंग स्थल हेतू 8 एकड़ भूमि की तलाश कर ली गई है।

# बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान आज की शिक्षण व्यवस्था का महत्वपूर्ण भाग : रामदिया गागट

### यह प्रशिक्षण 25 मई से 30 जून तक चलेंगे

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


शिक्षकों को संबोधित करते जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रामदिया गागट।

**बुनियादी** साक्षरता और संख्या ज्ञान आज की शिक्षण पद्धति का महत्वपूर्ण भाग है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में इसकी ओर विशेष ध्यान दिया गया है, यह पद्धति बच्चों में पुस्तकों से रटने की प्रवृत्ति को छोड़कर उन्हें समझने और करने की पद्धति की ओर ले जाती है जिसके लिए सरकार अध्यापकों में इस प्रकार के गुण विकसित करने के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करती है।

ये बातें राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय थानेसर में चल रहे छह दिवसीय अध्यापक प्रशिक्षण का शुभारंभ करते हुए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रामदिया गागट ने कहे। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा राज्य के सभी प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों के लिए बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 25 मई से 30 जून तक चलेंगे।

उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र जिले के सभी खंडों में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं जिनमें प्राथमिक कक्षाओं के अध्यापक भाग ले रहे हैं। खंड संसाधन समन्यक थानेसर निशा गुप्ता ने बताया कि थानेसर में छह दिवसीय प्रशिक्षण के लिए प्रतिदिन 4 समूहों में अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है और हर समूह में 40 अध्यापक प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस तरह के प्रशिक्षण से अध्यापकों में शिक्षण के प्रति रुचि बढ़ती है और अध्यापक अपने कार्य को और सही ढंग से कर सकते हैं। कुरुक्षेत्र जिला के लगभग 1500 अध्यापकों को विभिन्न समूह के माध्यम से यह प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर ओमपाल, शुभांशु, सुदेश, श्वेता, मोनिका, नीलम, प्रियंका, मनु, कविता, सुषमा, सुशील व मास्टर ट्रेनर नेहा, प्रियंका, जोगिंदर मेहला, नरेश फुले, अमरजीत पांचाल, अनिल शर्मा, सूबे सिंह, सतीश भारद्वाज, सुधीर, अमित शर्मा, करनैल सिंह सहित खंड से 160 प्राथमिक अध्यापक मौजूद रहे।

### सरस्वती चैनल पर किया जाएगा स्टोन पिचिंग का कार्य

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि पिपली से ज्योतिसर तक सरस्वती चैनल के लगभग 19 किलोमीटर क्षेत्र को पर्यटन हब के रूप में विकसित किया जाएगा। इस परियोजना के प्रथम चरण के प्रोजेक्ट पर लगभग 3 करोड़ रुपए का बजट खर्च किया जाएगा और खेड़ी मारकंडा गांव के 3 किलोमीटर सरस्वती चैनल क्षेत्र को पर्यटन हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस कार्य को लगभग 1 वर्ष के अंदर पूरा किया जाएगा। बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच वीरवार को गांव खेड़ी मारकंडा और मोहन नगर के बीच बहने वाले सरस्वती चैनल पर हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

# राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता में छाए लिटिल एंजल्स इंक्लूसिव के छात्र


चित्रकला के विजेता स्कूल प्राचार्या के साथ।

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**हरियाणा** राज्य बाल कल्याण परिषद् द्वारा राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता प्रतियोगियों को सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता गत वर्ष सितंबर माह में बाल भवन सोनीपत में आयोजित की गई थी।

जिसमें लिटिल एंजल्स इंक्लूसिव स्कूल से 20 दिव्यांग छात्रों ने यैलो व रैड ग्रुप में भाग लिया। जिसमें यैलो ग्रुप में गर्वित व भूमिका ने प्रथम, दक्षित व दक्षेष ने द्वितीय और आरव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं रैड ग्रुप में वंशिका, प्रियांक ने प्रथम आरती व प्रार्थ ने द्वितीय और मानवी ने तृतीय स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय में पहुंचने पर सभी बच्चों का लिटिल एंजल्स स्कूल की प्रधानाचार्या आशा गोयल व लिटिल एंजल्स इंक्लूसिव स्कूल की प्रधानाचार्या सोनिया अरोड़ा ने स्वागत किया।

# जेईई मेन बी आर्क परीक्षा में नंदिनी सिंघल ने प्राप्त की राष्ट्रीय स्तर पर 193वीं रैंक

### जेईई मेन बी.आर्क परीक्षा में 99.7 परसेंटाइल हासिल किया

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**अग्रसेन** पब्लिक स्कूल के 12वीं कक्षा की होनहार छात्रा नंदिनी सिंघल ने जेईई मेन बी.आर्क परीक्षा में 99.7 परसेंटाइल प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर 193वां रैंक हासिल किया। अपने माता-पिता, स्कूल और राज्य का नाम रोशन किया। जेईई मेन बी.आर्क परीक्षा वास्तुकला के लिए एक राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा है।

इस प्रतिष्ठित पेपर को उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को पूरे भारत में आईआईटी, एनआईटी, ट्रिपल आई टी और अन्य सरकारी कॉलेजों जैसे शीर्ष कॉलेजों में बैचलर आफ आर्किटेक्चर कोर्स का अध्ययन करने का मौका मिलता है। प्रधानाचार्या रीटा गोयल ने बताया कि यह सफलता उसके अथक प्रयास और माता-पिता की प्रार्थना और शिक्षकों के समर्पण का प्रतिफल है।


नंदिनी सिंघल।

# पत्रकारिता भारतीय प्रजातंत्र की मजबूत बुनियाद : राज्पाल शिव प्रताप शुक्ला

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



**भारतीय** पत्रकार कल्याण मंच द्वारा गेटी थिएटर शिमला में आजादी के 75 वर्षों में पत्रकारों का योगदान विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राज्यपाल हिमाचल शिव प्रताप शुक्ला ने दीप प्रज्ज्वलित कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। संगोष्ठी में हिमाचल के पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज व स्टालवर्ड फाउंडेशन के चेयरमैन संदीप गर्ग विशिष्ट अतिथि रहे। मुख्य वक्ता के तौर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय जनसंचार विभाग की प्रोफेसर डॉक्टर बिंदु शर्मा व स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन चिटकारा यूनिवर्सिटी पंजाब के प्रोफेसर एवं डीन डॉ आशुतोष मिश्रा पधारे।

भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन आश्री, राष्ट्रीय महासचिव मेवा सिंह राणा व राष्ट्रीय सचिव जसबीर सिंह दुग्गल ने अतिथियों का बुके भेंट कर स्वागत करते हुए शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। संगोष्ठी में हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने कहा कि पत्रकारिता भारतीय प्रजातंत्र की मजबूत बुनियाद है। भारतवर्ष में पत्रकारिता का उदय ऐसे समय में हुआ था, जब देश पराधीन था। स्टालवर्ड फाउंडेशन के चेयरमैन संदीप गर्ग ने कहा कि पत्रकारिता देश के विकास में एक अहम कड़ी है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय जनसंचार विभाग के मुख्य वक्ता प्रोफेसर बिंदु शर्मा ने कहा कि पत्रकारिता आज नए दौर में प्रवेश कर चुका है। भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन आश्री ने मंच की गतिविधियों के बारे में मुख्य अतिथियों व पत्रकारों को अवगत करवाया। मंच का संचालन पत्रकार शिवा ने बखूबी किया। संगोष्ठी में भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के हिमाचल प्रदेश प्रभारी अनिल हेडली, महासचिव उज्जवल शर्मा, पराक्रम चंद, पंकज राख्ता, रमेश सिंगटा, सुरेश शांडिल्य, शकील कुरेशी, रोहित नागपाल, मुल्तान सभा कुरुक्षेत्र के संस्थापक कृष्ण लाल मेहता, पूनम शर्मा, चैतन्य शर्मा, सीमा शर्मा, हरीश मदान, छाया शर्मा, रोहित लामसर, विजय बजाज, गुरपाल नैन, संजीव राणा, शिवचरण तंवर आदि मौजूद रहे।

# हरियाणा कमेटी मनाएगी श्रीगुरु हरगोबिंद साहिब का प्रकाश उत्सव : कर्मजीत सिंह

## प्रकाश पर्व पर समागम 30 से, श्रीअखंड पाठ साहिब की पहली लड़ी के साथ होगा शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**मीरी** पीरी के मालिक श्रीगुरु हरगोबिंद साहिबजी का प्रकाश उत्सव श्रद्धाभाव व उत्साह के साथ मनाया जाएगा। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी ने प्रकाश पर्व पर करवाए जा रहे समागम की तैयारियों को लेकर कमर कस ली है। इसी कवायद में कर्मचारियों की ड्यूटियां लगा दी गई हैं, ताकि दूर-दराज से आने वाली संगत को किसी भी तरह की परेशानी न हो। यह जानकारी हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान बाबा कर्मजीत सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि समागम में संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध, कनिष्ठ उपप्रधान बाबा गुरमीत सिंह तिलोकेवाला, महासचिव मोहनजीत सिंह पानीपत, कार्यकारिणी समिति जसवंत सिंह दुनियामाजरा, विनर सिंह, गुरबख्श सिंह, जगसीर सिंह मांगेआना, रमणीक सिंह मान, बीबी रविंदर कौर अजराना सहित सभी मैंबर साहिबान शिरकत करेंगे। समागम की रूप रेखा का विवरण देते हुए एचएसजीएमसी प्रधान ने बताया कि 30 मई को श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के श्रीअखंड पाठ साहिब की पहली लड़ी के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। प्रतिदिन समागम की समाप्ति तक रात्रि 7 से 9 बजे तक कीर्तन दरबार सजाया जाएगा, जिसमें संगत भारी तादाद में शिरकत करके गुरबाणी श्रवण करेगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान दस्तार सिखलाई शिविर भी लगाया जाएगा, जिसमें दस्तार कोच सिमरदीप सिंह अपनी टीम के साथ मिल कर बच्चों व युवाओं को दस्तार सजाने के गुर सिखाएंगे। प्रकाश पर्व से एक दिन पहले 4 जून को शहर भर में महान नगर कीर्तन सजाया जाएगा, जिसमें धर्मनगरी के अलावा अन्य प्रदेशों से आने वाली संगत शिरकत करेगी। यही नहीं, इसी दिन रात को कवि दरबार भी होगा, जिसमें अवतार सिंह, गुरचरण सिंह चन्न, भाई गुरमीत सिंह कविशरी जत्था संगत को अपनी रचनाओं के माध्यम से संगत को गुरु साहिब के जीवन इतिहास से जोड़ेंगे। समागम के अंतिम दिन 5 जून को श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के श्री अखंड पाठ साहिब की तीसरी लड़ी के भोग उपरांत कीर्तन दरबार होगा, जिसमें भाई सरबजीत सिंह नूरपुरी, भाई जसकरण सिंह व बीबी अमनदीप कौर का ढाडी जत्था संगत के समक्ष अपनी हाजिरी भरेंगे। इसी दिन ऐतिहासिक गुरुद्वारा सातवी पातशाही साहिब में अमृत संचार करवाया जाएगा। समागम के दौरान श्री गुरु तेग बहादुर सेवक जत्था गुरुद्वारा शीशगंज साहिब दिल्ली, शबद चौकी जत्था, श्री गुरु तेग बहादुर सेवक जत्था, श्री सुखमणि साहिब सेवा सोसायटी गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी व गुरुद्वारा पटा साहिब, श्री गुरु ग्रंथ साहिब सेवा सोसायटी, हेमकुंट सेवा सोसायटी, भाई तारु सिंह सेवा दल, हरि के सेवक जत्था, स्त्री सत्संग सभा गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी व सातवीं, गुरु नानक सीनियर सैंकेडरी स्कूल विशेष रूप से सहयोग करेंगे। इस मौके पर उनके साथ कार्यकारिणी समिति मैंबर गुरबख्श सिंह, सीईओ डीपी सिंह, हरियाणा कमेटी के सचिव सरबजीत सिंह, एडिशनल सैकेटरी राजपाल सिंह, धर्म प्रचार सचिव मुखत्यार सिंह, इंटरर्नल एडिटर सुरेंद्र सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।


एचएसजीएमसी प्रधान बाबा कर्मजीत सिंह जानकारी देते हुए।

नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रपति की अनुपस्थिति को लेकर कपिल सिब्बल ने कहा

# राष्ट्रपति की अनुपस्थिति गणतंत्र लोकाचार के अवमूल्यन के समान

### राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने ट्वीट में पूछा, क्या सरकार को इसकी परवाह है?

### कहा, केंद्र की मौजूदा सरकार के तहत संसद से लोकतंत्र की आत्मा को ही निकाल दिया

एजेंसी। नई दिल्ली

संसद के नए भवन के उद्घाटन को लेकर विवाद बढ़ने के बीच राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति की अनुपस्थिति हमारे गणतंत्र के लोकाचार के अवमूल्यन के बराबर होगी।

सिब्बल की यह टिप्पणी तब आई है जब एक दिन पहले करीब 20 विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मोदी द्वारा संसद के नए भवन के उद्घाटन का बहिष्कार करने के फैसले की घोषणा की। सिब्बल ने ट्वीट किया, संसद के नए भवन का उद्घाटन। संसद हमारे गणतंत्र का प्रतीक है। राष्ट्रपति गणतंत्र के प्रमुख हैं। इस रस्मी कार्यक्रम में राष्ट्रपति की अनुपस्थिति हमारे गणतंत्र के लोकाचार के अवमूल्यन के बराबर है। क्या सरकार को इसकी परवाह है? संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के पहले और दूसरे कार्यकाल में केंद्रीय मंत्री रहे सिब्बल ने पिछले साल मई में कांग्रेस छोड़ दी थी और समाजवादी पार्टी के सहयोग से निर्दलीय सदस्य के रूप में राज्यसभा में निर्वाचित हुए थे। कांग्रेस, वाम दल, तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी समेत 19 विपक्षी दलों ने संसद के नए भवन के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार करने की घोषणा की और आरोप लगाया कि केंद्र की मौजूदा सरकार के तहत संसद से लोकतंत्र की आत्मा को ही निकाल दिया गया है।

विपक्षी दलों द्वारा नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार करने की घोषणा के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने उनकी निंदा की और उसके इस कदम को भारत के लोकतांत्रिक लोकाचार और संवैधानिक मूल्यों का घोर अपमान करार दिया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी 28 मई को संसद के नए भवन का उद्घाटन करेंगे।



### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करें उद्घाटन : ओवैसी

**ऑल** इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा है कि संसद के नए भवन का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को करना चाहिए और अगर ऐसा नहीं होता है तो उनकी पार्टी उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होगी।

## आदिवासी महिलाएं सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं: राष्ट्रपति

**सम्मेलन में आदिवासी उत्पादों के स्टॉल देखे**

एजेंसी। खूंटी



**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने आदिवासी महिलाओं से आगे आने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की बृहस्पतिवार को अपील की। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि अनुसूचित जनजाति समुदायों की सांस्कृतिक पहचान संरक्षित करने की आवश्यकता है।

उन्होंने खूंटी में एक कार्यक्रम में कहा, आगे आइए और उन सरकारी योजनाओं का लाभ उठाइए जो आपके कल्याण के लिए ही प्रारंभ की गई हैं। जब महिला सशक्तीकरण की बात आती है तो झारखंड की आदिवासी महिलाएं अन्य राज्यों की महिलाओं से आगे हैं। राष्ट्रपति ने कहा, झारखंड की आदिवासी महिलाओं ने खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि राज्य की महिलाएं देश के आर्थिक विकास में भी योगदान दे रही हैं। राष्ट्रपति ने प्रख्यात आदिवासी शख्सियत बिरसा मुंडा की जन्मस्थली खूंटी में स्वयं सहायता समूहों की महिला सदस्यों के साथ बातचीत भी की। कार्यक्रम महिला एसएचजी सम्मेलन राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम और भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ ने आयोजित किया था। बिरसा मुंडा कॉलेज के स्टेडियम में कम से कम 25,000 जनजातीय महिलाओं ने इसमें हिस्सा लिया। राष्ट्रपति ने जोर दिया कि अनुसूचित जनजाति समुदायों की सांस्कृतिक पहचान संरक्षित करने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि उनके समाज में दहेज जैसी सामाजिक कुरीतियां नहीं हैं।

# रक्षा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी विकास पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता : राजनाथ

### रक्षामंत्री ने सीमा पर चीन और पाकिस्तान से मिल रही चुनौतियों का परोक्ष जिक्र किया


एजेंसी। नई दिल्ली

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने सीमा पर चीन और पाकिस्तान से मिल रही चुनौतियों का परोक्ष जिक्र करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि सीमाओं पर दोहरे खतरे के मद्देनजर भारत को रक्षा प्रौद्योगिकी में प्रगति पर ध्यान देना चाहिए। सिंह ने एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए देश के लिए रक्षा प्रौद्योगिकियां विकसित करने की खातिर गहन अनुसंधान करने की आवश्यकता पर भी बल दिया, ताकि विभिन्न रक्षा चुनौतियों से निपटा जा सके।

उन्होंने कहा, भारत जैसे देश के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि हम अपनी सीमाओं पर दोहरे खतरे का सामना कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में हमारे लिए प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगे बढ़ना महत्वपूर्ण है। सिंह ने कहा, आज हम दुनिया की सबसे बड़ी सेनाओं में शामिल हैं, हमारे देश की सेना की बहादुरी की दुनियाभर में चर्चा है। ऐसी स्थिति में यह अनिवार्य बन जाता है कि हमारे पास देश के हितों की रक्षा करने के लिए प्रौद्योगिकी के स्तर पर अत्याधुनिक सेना हो। रक्षा मंत्री का यह बयान पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ सीमा पर जारी विवाद और पाकिस्तान द्वारा सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देने की पृष्ठभूमि में आया। सिंह ने प्रौद्योगिकी के स्तर पर वांछित तरक्की सुनिश्चित करने के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और शिक्षाविदों के बीच सहयोग का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा, इस क्षेत्र में विकास करने का एकमात्र तरीका अनुसंधान है। यह समय की जरूरत है कि डीआरडीओ और शिक्षाविद मिलकर काम करें। सिंह ने कहा, मुझे लगता है कि यह साझेदारी जितनी मजबूत होगी, भारत का अनुसंधान क्षेत्र भी उसी गति से विकसित होगा। डीआरडीओ और शिक्षा जगत दोनों के वैज्ञानिक एवं विशेषज्ञ यहां बैठे हैं। सिंह ने कहा, हालांकि आप सभी साझेदारी के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़ेंगे, मैं चाहता हूं कि आप सभी व्यक्तिगत और संस्थागत स्तर पर भी एक-दूसरे से जुड़ने का प्रयास करें।

उन्होंने देश के सामने मौजूद विभिन्न चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के लिए सामूहिक प्रयासों और साझेदारी की आवश्यकता है। सिंह ने कहा, आज हम अपने सामने कई बड़ी चुनौतियां देख रहे हैं। जब देश की रक्षा की बात आती है तो ये चुनौतियां और व्यापक हो जाती हैं। उन्होंने कहा, कोई भी संस्थान इन चुनौतियों से अकेले नहीं निपट सकता। इन चुनौतियों से निपटने के लिए सबसे महत्वपूर्ण चीज जो हम कर सकते हैं-वह है सामूहिक प्रयास और साझेदारी। सिंह ने कहा कि डीआरडीओ और शिक्षाविदों के बीच साझेदारी से डीआरडीओ को दोहरे उपयोग वाली प्रौद्योगिकियों को विकसित करने में भी मदद मिलेगी।

### तो डीआरडीओ बढ़ेगा दोहरे इस्तेमाल वाली तकनीक की ओर



**रक्षामंत्री** ने कहा, इस तरह अगर डीआरडीओ और शिक्षाविदों के बीच साझेदारी स्थापित होती है तो डीआरडीओ दोहरे इस्तेमाल वाली तकनीक के विकास की दिशा में आगे बढ़ेगा। दोहरे उपयोग वाली प्रौद्योगिकियां वे हैं जिनका उपयोग रक्षा के साथ-साथ असैन्य उद्देश्यों के लिए भी किया जाता है।

### राजस्थान के पांच संभागों में खोले जाएंगे आर-केट

**25.90 करोड़ रुपये मंजूर**

**जयपुर।** राज्य के अजमेर, कोटा, भरतपुर, बीकानेर एवं उदयपुर संभागों में राजीव गांधी सेंटर ऑफ एडवांस्ड टेक्नोलोजी (आर-केट) खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसके लिए 25.90 करोड़ रुपये के वित्तीय प्रावधान को मंजूरी दी है।

एक बयान के अनुसार ये नए आर-केट कोटा के सर्वपल्ली राधाकृष्णन भवन (राजस्थान तकनीकी विवि), उदयपुर के विज्ञान भवन (मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय), भरतपुर के कृत्रिम मेधा (एआई) विभाग, अजमेर के राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय तथा बीकानेर के स्कूल इनोवेशन हब (महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय) में खोले जाएंगे। बयान में कहा गया कि सेंटर खुलने से युवाओं को ब्लॉक चेन, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स एवं वर्चुअल रियलिटी आदि की उन्नत तकनीकों के बारे में जानकारी मिलेगी। साथ ही इन केंद्रों में छात्र सर्टिफिकेट कोर्स और बहु विषयक शोध कर सकेंगे। इसमें कहा गया कि राज्य सरकार द्वारा जयपुर में भी आर-केट स्थापित किया गया है।

# मोदी सरकार के अहंकार ने संसदीय प्रणाली को ध्वस्त कर दिया है : कांग्रेस

### कहा, प्रथम आदिवासी महिला राष्ट्रपति को संवैधानिक विशेषाधिकार से वंचित कर दिया

एजेंसी। नई दिल्ली



**कांग्रेस** ने नए संसद भवन के उद्घाटन को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर बृहस्पतिवार को निशाना साधते हुए कहा कि एक व्यक्ति के अहंकार और स्व-प्रचार की इच्छा ने देश की प्रथम आदिवासी महिला राष्ट्रपति को इस भवन का उद्घाटन करने के संवैधानिक विशेषाधिकार से वंचित कर दिया है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार के अहंकार ने संसदीय प्रणाली को ध्वस्त कर दिया है। खरगे ने ट्वीट किया, मोदी जी, संसद जनता द्वारा स्थापित लोकतंत्र का मंदिर है। राष्ट्रपति का पद संसद का प्रथम अंग है। आपकी सरकार के अहंकार ने संसदीय प्रणाली को ध्वस्त कर दिया है। उन्होंने कहा, 140 करोड़ भारतीय जानना चाहते हैं कि भारत के राष्ट्रपति से संसद भवन के उद्घाटन का हक छीनकर आप क्या जताना चाहते हैं? कांग्रेस की इस टिप्पणी से एक दिन पहले ही करीब 20 विपक्षी दलों ने मोदी द्वारा संसद के नए भवन के उद्घाटन का बहिष्कार करने के फैसले की घोषणा की। कांग्रेस, वाम दल, तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी समेत 19 विपक्षी दलों ने संसद के नए भवन के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार करने की घोषणा की और आरोप लगाया कि केंद्र की मौजूदा सरकार के तहत संसद से लोकतंत्र की आत्मा को ही निकाल दिया गया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट किया, कल, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रांची में झारखंड उच्च न्यायालय में देश के सबसे बड़े न्यायिक परिसर का उद्घाटन किया।

### महासचिव रमेश ने तंज कसते हुए कहा, अशोक द ग्रेट, अकबर द ग्रेट, मोदी द इनॉग्यरेट

एक व्यक्ति के अहंकार और स्व-प्रचार की इच्छा ने प्रथम आदिवासी महिला राष्ट्रपति को 28 मई को नई दिल्ली में संसद के नए भवन के उद्घाटन के उनके संवैधानिक विशेषाधिकार से वंचित कर दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री पर तंज कसते हुए कहा, अशोक द ग्रेट, अकबर द ग्रेट, मोदी द इनॉग्यरेट। विपक्षी दलों द्वारा नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार करने की घोषणा के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने उनकी निंदा की और उसके इस कदम को भारत के लोकतांत्रिक लोकाचार और संवैधानिक मूल्यों का घोर अपमान करार दिया। राजग के अनुसार, विपक्षी दलों का यह कृत्य केवल अपमानजनक नहीं बल्कि महान राष्ट्र के लोकतांत्रिक लोकाचार और संवैधानिक मूल्यों का घोर अपमान है।

कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने मांग की है कि उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नहीं बल्कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करें। सरकार पर राष्ट्रपति मुर्मू को पूरी तरह दरकिनार करने का आरोप लगाते हुए 19 दलों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि जब लोकतंत्र की आत्मा को छीन लिया गया है तो उन्हें नए भवन में कोई महत्व नजर नहीं आता। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को उद्घाटन समारोह से दरकिनार करना और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संसद के नए भवन का उद्घाटन करने का फैसला लोकतंत्र पर सीधा हमला है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी 28 मई को संसद के नए भवन का उद्घाटन करेंगे।

## रूस के पोत को लेकर दक्षिण अफ्रीका पर दबाव बढ़ा

### एएनसी ने पुतिन का स्वागत करने की बात की

एजेंसी। केप टाउन

**रूस** के एक पोत से जुड़े माल संबंधी दस्तावेज जारी करने से इनकार करने के बाद दक्षिण अफ्रीका की सरकार पर बुधवार को दबाव बढ़ गया। अमेरिका ने आरोप लगाया है कि इस पोत के जरिए रूस के लिए हथियार भेजे गए। इस बीच, दक्षिण अफ्रीका में सत्तारूढ़ दल अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) के एक शीर्ष अधिकारी ने यह कहकर रूस के साथ देश के संबंधों पर और सवाल खड़े कर दिए कि पार्टी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की यात्रा का स्वागत करेगी। पुतिन पर युद्ध अपराधों के लिए अंतरराष्ट्रीय आपराधिक अदालत में आरोप लगाए गए हैं।

एएनसी के महासचिव फिकिले एमबालूला ने एक साक्षात्कार के दौरान यह टिप्पणी की।

उन्होंने पुतिन के अगस्त में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) आर्थिक समूह के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के संदर्भ में यह बयान दिया। इस साक्षात्कार के कुछ अंश एएनसी के सोशल मीडिया चैनलों पर पोस्ट किए गए। एमबालूला ने कहा, यदि एएनसी की बात हो, तो हम राष्ट्रपति पुतिन को हमारे देश में आमंत्रित करना चाहते हैं।

## अमेरिकी प्रशासन ने पीएम मोदी को राजकीय यात्रा पर आमंत्रित किया

एजेंसी। वाशिंगटन



**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बिडेन के प्रशासन ने द्विपक्षीय संबंधों में कुछ मौजूदा चुनौतियों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अगले महीने आधिकारिक राजकीय यात्रा पर दूरगामी रणनीति के तहत आमंत्रित किया है। भारत संबंधी मामलों के एक जाने माने विशेषज्ञ का यह मानना है।

प्रधानमंत्री मोदी बाइडन और अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर जून में अमेरिका की पहली राजकीय यात्रा करेंगे। बाइडन और प्रथम महिला 22 जून को एक राजकीय रात्रिभोज में मोदी की मेजबानी करेंगे। सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज में अमेरिका-भारत नीति अध्ययन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ सलाहकार रिक रोसो ने कहा, यह (प्रधानमंत्री मोदी को आधिकारिक राजकीय यात्रा पर आमंत्रित किए जाते) देखना कमाल की बात है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में भारत को लेकर स्थिति थोड़ी चुनौतीपूर्ण है।

उन्होंने कहा, इसका एक कारण भारत का, यूक्रेन पर रूस के हमले को लेकर कोई कड़ा रुख अपनाने से बचना है।

अमेरिका में कई लोगों के लिए यह निर्णायक क्षण बन गया, लेकिन बिडेन प्रशासन के लिए ऐसा नहीं है। उसने दूरगामी रणनीति के तहत यह कदम उठाने का फैसला किया है।

## सरकारी सेवा में कुछ लोगों के पास भ्रष्टाचार में डॉक्टरेट की उपाधि है : विजयन

एजेंसी। तिरुवनंतपुरम

### अधिकारी के किराए के आवास से मिले थे एक करोड़ रुपये और बैंक जमा दस्तावेज



**केरल** के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकारी सेवा में कुछ ऐसे लोग हैं। जिनके पास भ्रष्टाचार में डॉक्टरेट की उपाधि है और इस समस्या का हल सामूहिक प्रयासों से निकाला जा सकता है। विजयन ने कहा कि वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार का मानना है कि जहां तक भ्रष्ट गतिविधियों का संबंध है, तो इस मामले में कोई समझौता नहीं होगा और इसमें शामिल लोगों को बचाया नहीं जाएगा।

मुख्यमंत्री हाल ही में राज्य के पलक्कड़ जिले के पलक्कड़ गांव में कथित रूप से रिश्वत लेने के आरोप में एक क्षेत्रीय सहायक की गिरफ्तारी का जिक्र कर रहे थे। अधिकारी के किराए के आवास से तलाशी के दौरान कथित तौर पर एक करोड़ रुपये से अधिक की नकदी और बैंक जमा दस्तावेज बरामद किए गए। विजयन ने कहा कि संबंधित अधिकारी कथित रूप से अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए रिश्वत में मिली राशि का उपयोग कर रहा था और उसका वेतन जस का तस था। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि बड़े कार्यालयों और विभागों में यह जानना मुश्किल हो सकता है कि कोई भ्रष्ट आचरण में लिप्त है या नहीं। हालांकि, छोटे कार्यालयों में, जैसे हाल की घटना में, यह विश्वास करना कठिन था कि वहां जो कुछ हो रहा था, उससे हर कोई बेखबर था।

उन्होंने कहा, ऐसी घटनाओं में, वहां के अन्य लोगों को हस्तक्षेप करना चाहिए और इस तरह की प्रथाओं को रोकना चाहिए।

सरकारी क्षेत्र के अधिकांश लोग ईमानदार हैं। लेकिन कुछ ऐसे भी हैं जिन्होंने भ्रष्टाचार करने में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त कर रखी है। विजयन ने यहां केरल नगर निगम कर्मचारी संघ के एक राज्य स्तरीय सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद कहा, उन्हें (भ्रष्ट कर्मियों को) इसका चस्का लग गया है और वे इसे छोड़ना नहीं चाहते।

## भ्रष्टाचार पर प्रहार करना है तो डिजिटल लेनदेन की तरफ बढ़ना ही होगा : योगी

एजेंसी। लखनऊ

### मुख्यमंत्री ने बैंकिंग करेस्पांडेंट सखी के राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित किया

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगर हमें भ्रष्टाचार पर सचमुच प्रहार करना है तो डिजिटल लेनदेन की तरफ बढ़ना ही होगा। केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल लेनदेन के प्रोत्साहन के लिए समर्थ 2023 की शुरुआत के बाद बीसी सखी (बैंकिंग करेस्पांडेंट सखी) के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा, अगर हमें भ्रष्टाचार पर सचमुच प्रहार करना है तो डिजिटल लेनदेन की तरफ बढ़ना ही होगा। तकनीक का उपयोग करना ही होगा। योगी ने कहा कि तकनीक के उपयोग से भ्रष्टाचार पर प्रहार होगा और इसके साथ ही गरीबों को भी सुविधाएं मिलेंगी। आंकड़ों का हवाला देते हुए योगी ने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि आज उप्र में 56 हजार ग्राम पंचायतें हैं और 55 हजार में बीसी सखी के चयन की प्रक्रिया पहले ही पूरी की जा चुकी है।

ये बीसी सखी ना केवल महिला सशक्तिकरण की सशक्त उदाहरण हैं, बल्कि हर गांव में बैंक की मिनी शाखा बनकर लेनदेन कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उप्र में बीसी सखी ने 13 हजार सात सौ करोड़ रुपये का लेनदेन किया। मुख्यमंत्री ने उप्र को असीमित संभावनाओं वाला प्रदेश बताते हुए कहा कि अब तो हर ग्राम पंचायत में ग्राम सचिवालय के निर्माण को अंतिम स्तर तक पहुंचा दिया है और वहां कंप्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति पहले ही की जा चुकी है।

### अमेरिका : अंतर-सांस्कृतिक को बढ़ावा देने के लिए भारतीय उद्यमी सम्मानित

**न्यूयॉर्क।** भारत में जन्मी प्रमुख उद्यमी एवं लेखिका अनु सहगल को शहर के जीवंत दक्षिण एशियाई समुदाय में योगदान और अंतर-सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के उनके अग्रणी प्रयासों के लिए न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स ने सम्मानित किया है।

अनु सहगल को मंगलवार को यहां एशियन अमेरिकन एंड पैसिफिक आइलैंडर हेरिटेज रिसेप्शन 2023 में एडम्स द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कुल छह लोगों को सम्मानित किया गया, जिनमें से सहगल अकेली दक्षिण एशियाई थीं। प्रशस्ति पत्र में सहगल की हमारे जीवंत दक्षिण एशियाई समुदाय को एकजुट करते हुए अंतर-सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के प्रयासों के लिए सराहना की गई है। इसमें कहा गया है हम उम्मीद करते हैं कि वह और न्यूयॉर्क में रहने वाले एएपीआई समुदाय के सभी लोग एक सकारात्मक बदलाव लाना जारी रखेंगे।

# नए संसद भवन के उद्घाटन में तमिलनाडु के 20 आदिनम होंगे शामिल: निर्मला सीतारमण

एजेंसी। चेन्नई

### राजदंड को लोकसभा में अध्यक्ष की कुर्सी के पास बहुत श्रद्धा से किया जाएगा स्थापित

### उद्घाटन में तिरुवदुथुरई पेरूर और मदुरै सहित तमिलनाडु के 20 आदिनाम किए हैं

**केंद्रीय** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि तमिलनाडु के 20 आदिनम (महंत) 28 मई को नए संसद भवन के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किए गए हैं। इस अवसर पर अंग्रेजों से सत्ता हस्तांतरण के प्रतीक के तौर पर प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को दिया गया रस्मी राजदंड सेंगोल भी स्थापित किया जाएगा।

तमिलनाडु, तेलंगाना और नगालैंड के राज्यपालों के साथ यहां पत्रकारों से बात करते हुए सीतारमण ने कहा कि देश के पहले प्रधानमंत्री को सेंगोल सौंपे जाने की घटना तमिलनाडु के लिए बेहद खास है। आजादी के बाद सत्ता हस्तानांतरण की प्रक्रिया के सिलसिले में नेहरू ने राजाजी के नाम से लोकप्रिय पहले भारतीय गवर्नर जनरल सीआर राजगोपालाचारी से चर्चा की थी। इसके बाद राजाजी ने इस संबंध में शैव संत तिरुवदुथुरई आदिनम से चर्चा की थी, जिसके बाद उनकी सलाह पर सत्ता हस्तानांतरण के लिए सेंगोल तय किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 मई को नए संसद भवन का उद्घाटन करेंगे।

सीतारमण ने कहा कि उद्घाटन समारोह के लिए तिरुवदुथुरई, पेरूर और मदुरै सहित तमिलनाडु के 20 आदिनाम को कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया है। वित्त मंत्री ने कहा, आदिनम इस कार्यक्रम में शामिल होंगे, वहां ओडुवर (शैव शास्त्रों और भजनों के विद्वान) होंगे जो थेवरम का पाठ करेंगे। 1947 में भी जब ओथुवर्गल ने कोलारू पथिगम का पाठ किया था, तब राजदंड को नेहरू को सौंप गया था। उन्होंने कहा कि उसी राजदंड को लोकसभा में लोकसभा अध्यक्ष की कुर्सी के पास बहुत श्रद्धा के साथ स्थापित किया जाएगा। यह बिना किसी पक्षपात के न्यायपूर्ण शासन का प्रतीक होगा। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि, उनके तेलंगाना तथा नगालैंड के समकक्ष क्रमशः तमिलसाई सुंदरराजन और ला गणेशन, केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन और तमिलनाडु के मंत्री पी के सकेर बाबू भी उनके साथ उपस्थित थे।

### देश के पास पहली बार पूरी तरह होगा अपना संसद भवन : उप मुख्यमंत्री फडणवीस

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को कहा कि मौजूदा संसद भवन वास्तव में एक काउंसिल हॉल है। पहली बार देश के पास पूरी तरह अपना संसद भवन होगा। फडणवीस ने पूछा, जब पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने संसदीय सौध का उद्घाटन किया और राजीव गांधी ने संसद परिसर में पुस्तकालय की आधाशिला रखी तो क्या यह लोकतांत्रिक नियमों के विरुद्ध था।




## पाकिस्तान: असद उमर ने पीटीआई के महासचिव पद से इस्तीफा दिया

एजेंसी। इस्लामाबाद



**पाकिस्तान** के अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान की अर्थव्यवस्था संबंधी टीम के प्रमुख और उनके करीबी सहयोगियों में शुमार असद उमर ने पार्टी में सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने नौ मई को हुई हिंसा को लेकर विपक्ष के खिलाफ जारी सरकार की कार्वाई के बीच इस्तीफा दिया है। खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के महासचिव उमर ने बुधवार को अदलिया जेल से रिहा होने के कुछ ही देर बाद पार्टी में सभी पदों से इस्तीफा दे दिया।

उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा, मेरे लिए इन परिस्थितियों में पार्टी का नेतृत्व करना संभव नहीं है। मैं पीटीआई महासचिव और कोर कमेटी सदस्य के तौर पर इस्तीफा दे रहा हूं। उमर ने कहा कि वह दबाव में इस्तीफा नहीं दे रहे हैं। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि वह पीटीआई नहीं छोड़ रहे हैं बल्कि उन्होंने केवल पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दिया है। उमर ने कहा कि सर्वाधिक खतरनाक वाकया नौ मई को हुआ और यह देश के सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला था।

# नव निर्वाचित मेयर और पालिका अध्यक्ष आज लेंगे शपथ

## समारोह में वर्चुअली शामिल हो सकते हैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

**गाजियाबाद** की नवनिर्वाचित महापौर, पार्षद और पालिका अध्यक्षों को शपथ दिलाने की तैयारी पूरी कर ली गयी है। गाजियाबाद नगर निगम और नगर पालिकाओं को 27 मई को नया सदन मिल जाएगा। शासन की ओर से इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। गाजियाबाद नगर निगम अधिकारियों ने शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां शुरू कर दी हैं। शपथ समारोह में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वर्चुअली शामिल हो सकते हैं।


प्रचंड जीत दर्ज करने के बादनव निर्वाचित मेयर सुनीता ने मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात की थी।

नेहरू नगर स्थित निगम के ऑडिटोरियम में भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा। महापौर को मंडलायुक्त शपथ दिलाएंगी और इसके बाद महापौर सभी पार्षदों को शपथ दिलाएंगी। नव निर्वाचित मेयर सुनीता दयाल एवं पार्षद के शपथ समारोह को खास बनाने की योजना है। बीजेपी के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा का कहना है कि ऐसी सूचना है कि शपथ समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लाइव शामिल हो सकते हैं, लेकिन इसके लिए किसी तरह की सूचना उनके पास नहीं है।

नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ का भी कहना है कि नगर निगम को इसके लिए कोई लिखित सूचना नहीं मिली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चुनाव के दौरान गाजियाबाद भी चुनावी सभा करने के लिए आए थे। माना जा रहा है कि इसी कारण गाजियाबाद नगर निगम का चुनाव बीजेपी मेयर चुनाव रिकॉर्ड मतों से जीती है। इसी वजह से हाल ही में गाजियाबाद की मेयर सुनीता दयाल भी मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लेने के लिए लखनऊ गई थीं। सूत्रों का कहना है कि ऐसे में संभावना है कि मुख्यमंत्री स्वयं ही मेयर-पार्षदों के शपथ समारोह से लाइव जुड़ सकते हैं। हालांकि, ऐसा कोई विधिवत कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है। फिर भी नगर निगम प्रशासन तैयार रहेगा। नगर निगम की नव निर्वाचित मेयर और पार्षद सायं पांच बजे के बाद शपथ लेने जा रहे हैं। नगर निगम के इतिहास में पहली बार है कि शपथ ग्रहण समारोह शाम पांच बजे होगा। अभी तक नव निर्वाचित मेयर और पार्षद का शपथ समारोह दोपहर तक हो जाता था। सूत्र बताते हैं कि नगर निगम ने अपना कार्यक्रम सुबह के समय ही शपथ समारोह के लिए तैयार किया था।

### शपथ ग्रहण को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**गाजियाबाद।** रिकॉर्ड मतों से चुनाव जीतीं बीजेपी नेता सुनीता दयाल और पार्षदों के शपथ समारोह में जिले के प्रभारी मंत्री असीम अरूण भी शामिल होंगे। बीजेपी संगठन को इसकी सूचना शासन की ओर से जारी की गई है। हालांकि, अभी मंत्री के आगमन का सरकारी कार्यक्रम नही आया है। वहीं, दूसरी ओर माना जा रहा है कि बीजेपी संगठन से जुड़े बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेताओं के अलावा क्षेत्रीय विधायक इनमें अतुल गर्ग, अजितपाल त्यागी और सुनील शर्मा भी शामिल होंगे। इनके अलावा राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप, सांसद अनिल अग्रवाल और विधायक दिनेश चंद्र गोयल आदि बीजेपी के बड़े नेता और जन प्रतिनिधि भी मेयर के शपथ समारोह में शिरकत करेंगे। साथ ही कांग्रेस, बीएसपी, एसपी, आम आदमी पार्टी, एआईएमआईएम के नेताओं के भी इस समारोह में शामिल होने की संभावना है। इसके अलावा बड़ी संख्या में नवनिर्वाचित मेयर और पार्षदों के परिजन भी समारोह में शामिल हो सकते है। संभावना है कि बड़ी संख्या में आमजन भी इस दौरान उपस्थित रह सकते हैं, इसे देखते हुए सुरक्षा के खास इंतजाम किए जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार


सेक्टर-57 चौक पर मिशन लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरमेंट अभियान के तहत लोगों को सड़क सुरक्षा जीवनरक्षा के विषय व यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया एवं पंपलेट वितरित किये गये।

### शिव नादर विवि प्रशासन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नोएडा।** नोएडा। शिव नादर यूनिवर्सिटी मर्डर एंड सुसाइड केस में मृतक छात्रा के पिता ने शिव नादर प्रशासन के खिलाफकेस दर्ज कराया है। यह मुकदमा मृतक और हत्यारोपी अनुज, शिव नादर यूनिवर्सिटी के मेस कर्मचारी आशुतोष पांडेय, करन, अंशु और शिव नादर यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफहै। इस मामले में दादरी पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। 18 मई को ग्रेटर नोएडा की शिव नादर यूनिवर्सिटी में एक छात्र अनुज सिंह ने अपनी क्लासमेट स्नेहा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उसने खुद को भी गोली मारकर सुसाइड कर लिया था। स्नेहा के पिता की शिकायत पर पुलिस ने धारा 302, 354,120 बी के तहत मुकदमा दर्ज किया है। जिसकी जांच की जा रही है।

### आईपीएल में सट्टा खिलाने वाले सात गिरफ्तार

**नोएडा।** आईपीएल में मुंबई और लखनऊ के बीच चल रहे मैच में सट्टा लगाने वाले 7 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एडीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि ग्राम गिझौड़ में बड़े पैमाने पर आईपीएल मैच के दौरान सट्टा लगाया जा रहा है। पुलिस ने यहां छापा मारकर सात लोगों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान सचिन, आदित्य , नितीश जैन, जयदेव पांडेय, पांडेय कुमार, इंदु कुमार और अभिनव को गिरफ्तार किया गया। जिस मकान में सट्टा खिलवाया जा रहा था वो सचिन का है। पुलिस को इनके पास से 4.5 लाख रुपए नकद, पंद्रह मोबाइल, एक एलसीडी मय रिमोट, एक ब्राड बैंड, चार लैपटॉप, आठ रजिस्टर/डायरी, एक वाइस रिकार्डर भी बरामद किया है।

### स्टेट क्रिकेट टीम के लिए हुआ ट्रायल

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद क्रिकेट क्लब द्वारा आरसीसी ग्राउंड पर आज अंडर-16 स्टेट टीम के लिए चयन के लिए ट्रायल किया गया। खिलाडियों का ट्रायल मैदान पर सेलेक्टर हर्ष माथुर, अजय शर्मा और मनीष गिरि ने किया। इस दौरान खिलाडियों का विभिन्न मानकों पर ट्रायल लिया गया। गाजियाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश मिश्रा ने बताया कि इस ट्रायल में करीब 400 खिलाडियों ने प्रतिभाग किया है। यहां से यह टीम पहले डिस्ट्रिक लेवल पर खेलेगी और उसके उपरांत स्टेट लेवल पर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। आज ट्रायल लिया जा रहा है, जिसके बाद खिलाडियों के नामों की सूची जारी की जाएगी।

### हापुड़ रोड पर सड़क किनारे मिला युवक का शव

**गाजियाबाद।** हापुड़ रोड पर दयावती स्कूल के निकट सड़क किनारे गुरुवार दोपहर एक व्यक्ति का शव मिला। शव पर चोट के निशान मिले हैं। कपड़ों पर भी खून की छीटे हैं। आशंका जताई जा रही है की हत्या के बाद शव को यहां फेंका गया है। जब शव की शिनाख्त नहीं हो सकी तो पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतक की उम्र करीब पचास वर्ष है। उसके पास से एक बैग मिला है। शव की स्थिति देखकर आशंका जताई जा रही है कि हत्या करने के बाद शव को यहां फेंका गया है।

### किसानों के धरने को एक महीना हुआ पूरा

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर धरना दे रहे किसानों को गुरुवार को एक महीना हो गया है। किसान सभा के नेतृत्व में 25 अप्रैल को यह धरना शुरू हुआ था। इस दौरान किसानों ने ट्रैक्टर ट्रॉली को लेकर योजना तैयार की और उसका रोड मेंप किसानों के द्वारा तैयार किया गया। किसानों ने 28 तारीख की ट्रैक्टर रैली पर योजना तैयार की। किसानों के द्वारा ट्रैक्टर रैली का रोडमैप भी तैयार किया गया। किसानों ने बताया कि यह ट्रैक्टर रैली ग्रेटर नोएडा वेस्ट की ओर से एक मूर्ति गोल चक्कर से रवाना होगी। इसी तरह रैली सही सुबह 10:00 बजे सिरसा गोल चक्कर से रवाना होगी।

# डिवाइन वैली सोसाइटी में आग से लाखों का नुकसान

- भूतल से लगी आग पहली मंजिल तक पहुंची, कोई हताहत नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद के वैशाली के सेक्टर 6 स्थित डिवाइन वैली सोसायटी में प्लॉट 18 के जी-1 में एसी में शार्ट सर्किट से लगी भीषण आग से लाखों का नुकसान हो गया है।

सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड और पुलिस टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर करीब एक घंटे में काबू पाया। राहत की बात रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि बुधवार रात करीब साढ़े 10 बजे वैशाली सेक्टर-6 स्थित डिवाइन वैली सोसाइटी में आग की सूचना मिली। तुरंत वैशाली से चीफ फायर ऑफिसर के साथ 3 फायर टैंकर मौके पर रवाना हुए। जहां भूतल से लगी आग ने प्रथम तल को चपेट में ले लिया। फायर बिग्रेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद करीब एक घंटे में आग पर काबू पा लिया। आग से भूतल वाले फ्लैट में रखा सारा सामान जल गया और प्रथम तल के फ्लैट में भी आग ने खासा नुकसान पहुंचाया है। ग्राउंड फ्लोर पर रहने वाले किराएदार मनोज चौहान ने बताया कि उनका सारा सामान जल गया है। जबकि प्रथम तल के फ्लैट मालिक वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप तिवारी ने बताया कि आग से खासा नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि फायर ब्रिगेड की टीम की तत्परता के चलते एक बड़ा हादसा टल गया।


डिवाइन वैली सोसाइटी में देर रात लगी आग, सारा सामान जलकर राख।

प्रशांत सोम डिवाइन वैली आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष ने फायर बिग्रेड की सराहना करते हुए घरों के बाहर रैंप व ब्रेकर बनवाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए प्रशासन से इसे तुड़वाने की अपील की।

# लापरवाही बरतने के आरोप में चौकी प्रभारी व सिपाही निलंबित

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

- तीन दिन पहले थाने के पास हुई थी कारोबारी की हत्या

**तीन दिन** पहले मुरादनगर थाना क्षेत्र में हुई टेलीकॉम कारोबारी मुकेश गोयल की हत्या के समय रेलवे रोड चौकी प्रभारी शुभम एवं आरक्षी मोनू कुमार द्वारा बरती गई लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए डीसीपी रूरल रवि कुमार ने उक्त दोनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

बता दें कि जिस दिन मुकेश गोयल की हत्या हुई थी उस दिन व्यापारियों व मृतक के परिजनों ने रेलवे रोड चौकी प्रभारी व उनके सहयोगी पुलिसकर्मियों पर आरोप लगाते हुए अधिकारियों को बताया था कि गोलियों की आवाज सुनकर भी चौकी प्रभारी व आरक्षी मौके पर पहुंचना तो दूर, चौकी से बाहर भी नहीं निकले थे। वहीं हत्याकांड के खुलासे की मांग को लेकर व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल डीसीपी ग्रामीण से मिला। पुलिस का दावा है कि एक दो दिन में ही हत्या करने वाले बदमाश पकड़े जाएगे। मृतक के पुत्र अनिमेष में दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## ऑन डिमांड लग्जरी कार चुराने वाला गिरोह चढ़ा क्राइम ब्रांच के हत्थे

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

**यूपी** व हरियाणा सहित कई सूबों में ऑन डिमांड लग्जरी कार चुराने वाले गैंग को क्राइम ब्रांच प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी की टीम ने मुखबिर की सूचना के बाद की गई चेकिंग के दौरान पकड़ लिया।

सूत्रों के अनुसार गैंग का सरगना हापुड़ निवासी राहुल त्यागी है। इसके अलावा सैंकेंड लीडर की भूमिका निभाने वाली शातिर महिला अपराधी निम्मी परिवर्तित नाम सहित चार बदमाशों की निशानदेही पर करोड़ों की कीमत की आधा दर्जन से अधिक लग्जरी कार, चोरी में प्रयुक्त होने वाले हाइटैक उपकरण और मास्टर चाबी के गुच्छे बरामद हुए हैं। सूत्रों का तो यह भी कहना है कि बदमाशों के पास नगदी व अन्य सामग्री भी बरामद हुई है। इस गैंग की खासियत यह है कि जैसे ही कोई लग्जरी कार सस्ते में दिलवाने की मांग करता है, ठीक वैसे ही इस गिरोह के अपराधी उन्हें चुराने में तनिक देर नहीं लगाते हैं। सूत्रों के मुताबिक इस गैंग के हर सदस्य का अलग.अलग काम है। कोई सदस्य रेकी करता है तो कोई ग्राहक ढूंढता है। कोई डिमांड आने के बाद लग्जरी कार को चुराकर उसे गंतव्य तक पहुंचाने का काम करता है। यह गैंग कई सूबों में अब तक सैंकड़ों वाहनों को चुरा चुका है। पुलिस की माने तो गैंग के लीडर राहुल त्यागी व महिला के शौक भी ऊंचे हैं।

## निगम और पुलिस अधिकारियों ने लिया ऑडिटोरियम का जायजा

**गाजियाबाद।** शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में होने वाले मेयर.पार्षदों के शपथ समारोह को लेकर नगर निगम और पुलिस प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। इस शपथ समारोह में सुरक्षा और सुविधओं के मद्देनजर पुलिस और नगर निगम प्रशासन अलग अलग रोड मेप तैयार करने में जुटे हैं।

इसी को लेकर आज सुबह पुलिस की टीम और नगर निगम मे नजारत प्रभारी डॉ अनुज सिंह ने ऑडिटोरियम का दौरा कर जायजा लिया कि ऑडिटोरियम में शपथ समारोह के लिए सभी प्रकार की जरूरी सुविधा है या नहीं। साथ ही ऑडिटोरियम में किस गेट से मेयर और पार्षदों की एंट्री होगी इसकी भी जानकारी हासिल की। बता दें कि ऑडिटोरियम में दो एंट्री गेट हैं जिनमें से एक गेट से आम लोगों की एंट्री दी जाएगी और दूसरे गेट से मेयर और पार्षदों की एंट्री होगी। इनके अलावा इस कार्यक्रम में शपथ दिलवाने के लिए मंडलायुक्त भी पहुंचेगी। साथ ही डीएम, नगर आयुक्त आदि अधिकारी और शहर के प्रभारी मंत्री असीम अरूण भी इस समारोह में शामिल होंगे।

# रंगरैलियां मनाते देख पति की जमकर धुनाई, बचाने आई प्रेमिका का सिर फोड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

**मोदीनगर** के कादराबाद चौकी क्षेत्र स्थित एक कॉलोनी में पत्नी ने पति को पड़ोसन के साथ रंगरलियां मनाते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। गुस्साई पत्नी ने पड़ोसन को खरी खोटी सुनाई और डंडा मारकर उसका सिर फोड़ दिया। घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने महिला और उसके पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पति को हिरासत में भी लिया गया है।

बता दें कि नगर की एक कॉलोनी निवासी एक युवक परिवार सहित रहता है। बताया जा रहा कि युवक का दो साल से पड़ोस में रहने वाली महिला से प्रेम प्रंसग चल रहा है। जानकारी के मुताबिक पति पड़ोसी महिला के साथ रंगरलिया मना रहा था। महिला अपने पति व उसकी प्रेमिका को खींचकर बीच सड़क ले आई और हंगामा खड़ कर दिया। इस बीच महिला ने पहले अपने पति की जमकर पिटाई की। जब उसने बचाने प्रेमिका आई तो डंडा मारकर उसका सिर फोड़ दिया।

लहुलुहान हालात में महिला बेहोश होकर नीचे गिर गई। आस पास के लोगों ने बीच बचाव करके दोनों को बचाया।

आसपास के लोग ही घायल महिला और पति को लेकर अस्पताल पहुंचे। उधर, घायल ने मामले में तहरीर दी है।

मामले में एसीपी रितेश त्रिपाठी ने बताया कि डंडे से मारने वाली महिला व उसके पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। इस मामले में आगे की कार्रवाई का जा रही है।

### मोदीनगर में सब स्टेशन के केबल बॉक्स में लगी आग

**गाजियाबाद।** मोदीनगर.हापुड मार्ग स्थित गांव गदाना में बिजली सब स्टेशन में बुधवार रात को केबल बॉक्स में आग लग गई। आग लगने के कारण 6 गांव व चार कॉलोनियों की बिजली आपूर्ति 10 घंटे तक बाधित रही। दमकल विभाग ने आग पर काफी मशक्कत के बाद काबू पाया। भीषण गर्मी में बिजती कटौती होने के चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

बता दें कि मोदीनगर हापुड़ मार्ग पर गांव गदाना स्थित बिजली सब स्टेशन से 12 गांवों व कई कॉलोनियों को बिजली आपूर्ति की जाती है।

## इंडिया एक्सपो मार्ट में 21 सितंबर से यूपीआईटीएस का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**इंडिया** एक्सपो सेंटर एंड मार्ट आईईएमएल ने हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद ईपीसीएच के साथ संयुक्त रूप से उत्तर प्रदेश के निर्यातकों के लिए आगामी 21 से 25 सितंबर तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट ग्रेटर नोएडा में यूपी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार शो यूपीआईटीएस का आयोजन किया जायेगा।

आईईएमएल के अध्यक्ष डा राकेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में भागीदारी पर चर्चा करने के लिए एक वेबिनार आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि यूपीआईटीएस एक मेगा यूपी व्यापार प्रदर्शनी है, जिसे उत्तर प्रदेश सरकार और इंडिया एक्सपोजिशन सेंटर एंड मार्ट आईईएमएल द्वारा राज्य के सबसे बड़े सोर्सिंग इवेंट के रूप में सह.आयोजित किया जाएगा। ईपीसीएच इस बड़े आयोजन के लिए सहायक संगठनों में से एक होगा। उन्होंने बताया कि वेबिनार में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के लक्ष्यों और विजन पर विचार साझा किए। वेबिनार में आरके वर्मा, राज कुमार मल्होत्रा, विशाल ढींगरा, रजत अस्थाना, टोनी बंसल, सीपी शर्मा, सुदीप सरकार सहित अन्य शामिल हुए।



## फीस समायोजित न करने वाले 44 स्कूलों को नोटिस

**गाजियाबाद।** हाईकोर्ट के निर्देश के बाद भी जिले के निजी स्कूल 15 फीसदी फीस वापसी को लेकर आनाकानी कर रहे हैं। सीडीओ विक्रमादित्य सिंह मलिक ने जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए ऐसे 44 स्कूलों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं जो हाईकोर्ट के निर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं। बता दें कि एक जनहित याचिका पर निर्णय करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सत्र 2020-21 में स्कूलों द्वारा ली गई फीस में से 15 फीसदी फीस को वर्तमान शैक्षिक सत्र में समायोजित करने के निर्देश दिए थे, जिसमें से 132 स्कूलों ने फीस समायोजित करने का काम शुरू कर दिया था। 44 स्कूलों ने भी इस सम्बंध में डीआईओएस को पत्र लिखकर फीस समायोजन का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी भी ये स्कूल फीस समायोजित करने को तैयार नहीं है।

# मॉल में स्पा की आड़ में जिस्मफरोशी, सात धरे

- डीसीपी ने कस्टमर बनाकर भेजे पुलिसकर्मी तो हुआ खुलासा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

**गाजियाबाद** के पैसेफिक मॉल में 8 स्पा सेंटरों पर बुधवार शाम पुलिस की छापेमारी की कार्रवाई हुई।

99 युवक-युवतियों हिरासत में लिए गए हैं। पुलिस ने इसमें 5 युवक और 2 युवतियों को गिरफ्तार किया है, ये सातों स्पा सेंटर के मैनेजर हैं। बाकी 58 युवतियों को विक्टिम मानकर छोड़ दिया गया है। वहीं, 34 कस्टमर युवकों को भी जमानत पर छोड़ा है, लेकिन उन्हें एफआईआर में आरोपी बनाया गया है। 8 स्पा सेंटरों से करीब एक लाख रुपए कैश, बड़ी संख्या में मोबाइल, रजिस्टर, डायरी, कपड़े और आपत्तिजनक सामग्री रिकवर हुई है। डीसीपी विवेक चंद्र यादव ने अपनी स्पेशल टीम के मेंबरों को पहले कस्टमर बनाकर इन स्पा सेंटरों पर भेजा था, तब जाकर सच्चाई सामने आई। पुलिस का दावा है कि स्पा सेंटरों पर मसाज और थैरेपी की आड़ में जिस्मफरोशी का खुला धंधा चल रहा था।



कस्टमर को आकर्षक मसाज के नाम पर लुभाकर इस सेंटर तक लाया जाता था। फिर सेंटर के केबिन में पहुंचते ही लड़कियां सब कुछ ऑफर कर देती थीं। एक कस्टमर से 3 से 5 हजार रुपए तक वसूले जा रहे थे। जो लड़कियां यहां पर काम कर रही थीं, उन्हें प्रति कस्टमर की एवज में कमीशन मिलता था। घर से ये लड़कियां ब्यूटी पार्लर या कॉल सेंटर में जॉब की बात बताई थी।

## ग्रे. नोएडा में मेड ने टॉयलेट से लगाया पोछा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**ग्रेटर** नोएडा में एक घरेलू सहायिका मेड का शर्मनाक वीडियो सामने आया है। एक सोसायटी के फ्लैट में घरेलू सहायिका मेड ने बाल्टी में टॉयलेट कर उसी से पूरे फ्लैट में पोछा लगाया। मेड की ये करतूत फ्लैट में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने शिकायत के बाद महिला के खिलाफचालान किया है।

मामला 23 मई का है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के बिसरख थाना क्षेत्र की एक सोसायटी के फ्लैट में नोएडा में निजी कंपनी में जॉब करने वाले पति.पत्नी रहते हैं। उन्होंने घर पर काम करने के लिये महिला मेड रखी है। मकान मालिक के मुताबिक, 23 मई की दोपहर करीब 12;30 बजे मेड घर में दाखिल हुई। वह झाडू लगाने के बाद बाथरूम से बाल्टी लाती है। उसके बाद डाइनिंग एरिया में पोछा लगाने लगती है। इसी बीच महिला जिस बाल्टी से पानी भरकर पोछा लगाती है उसी पर बैठकर टॉयलेट करती है और फिर उसी से घर के बाकी हिस्से में पोछा लगाने लगती है। शाम को घर पहुंचे पति पत्नी ने सीसीटीवी फुटेज चेक की तो दंग रहे गए। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में मेड की ये गंदी हरकत कैद हो गई थी। पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लेकर आरोपी घरेलू सहायिका को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने कबूल किया कि उसने टॉयलेट करने के बाद भी घर में पोछा लगाया था। बिसरख के थाना प्रभारी अनिल राजपूत ने बताया इस मामले में अभी तक कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। अगर शिकायत प्राप्त होती है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल महिला के वीडियो के आधार पर 151 का चालान किया गया है।

## नोएडा में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर.96 के पास प्राधिकरण की निर्माणाधीन इमारत के पास बनी ग्रीन बेल्ट में एक युवक ने पेड़ से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। युवक रात 8;30 बजे डॉग को घर से घुमाने के लिए निकला था। सुसाइड क्यों किया पुलिस परिजनों और उसके साथियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने युवक का मोबाइल जब्त कर लिया है। शव के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

हरीश चंदर ने बताया कि सुबह करीब साढ़े सात बजे थाना सेक्टर. 39 पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक ने सेक्टर.96 की ग्रीन बेल्ट में फांसी लगा ली है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फोरेंसिक टीम की मौजूदगी में शव को नीचे उतारा। घटना स्थल को येलो टेप से सुरक्षित किया गया। क्ब्च्ने बताया कि प्राथमिक जांच में शरीर पर चोट के निशान नहीं है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। युवक की पहचान मृत्युंजय कौशिक उर्फ भानु पुत्र योगेन्द्र कौशिक निवासी मूल चंद स्कूल के पास गली नम्बर 03 सदर पुर कॉलोनी सेक्टर 45 नोएडा के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि भानु को कोई परेशानी नहीं थी और न ही वो मानसिक रूप से परेशान था। भानु बीबीए के लास्ट ईयर का छात्र था। वो सुसाइड नहीं कर सकता।

# लोगों के सुझाव से तैयार होगा एनएमआरसी का यात्री एप

- एक्वा मेट्रो में सफर करने, मुसाफिर और सेवा देने से जुड़े होंगे प्रश्न

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**नोएडा** मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन मैनेजमेंट एक्वा लाइन मेट्रो में सफर करने वाले मुसाफिरों के लिए यात्री एप बनाने जा रहा है। इस एप को मुसाफिर से सुझाव लेने के बाद तैयार किया जाएगा।

मैनेजमेंट इसके लिए 25 मई दोपहर 12 बजे से 24 जून रात्रि 11:59 बजे तक सवाल-जवाब के जरिए मुसाफिर से सुविधा सुझाव लेगा। क्यूआर कोड के जरिए भी आपको सवाल मिल जाएंगे। नोएडा व ग्रेटर नोएडा के सभी मुसाफिरों और ट्रांसपोर्ट सेवा देने वाले लोग भी इसमें भाग ले सकते है। प्रश्नावली को भरने वाले पहले 100 लोग पुरस्कार के लिए पात्र होंगे। उन्हें एनएमआरसी सम्मानित भी करेगा।



इस प्रश्नावली में लास्ट माइल कनेक्टिविटी के तहत यात्रियों को मेट्रो स्टेशन से लेकर उनके गंतव्य तक छोड़ने वाले आटो रिक्शा, बैटरी रिक्शा, साइकिल रिक्शा और कैब चालकों के सुझाव भी लिए जाएंगे। प्रश्नावली एनएमआरसी की वेबसाइट पर जारी की जाएगी। साथ ही इन प्रश्नावली की कापी ग्रेटर नोएडा स्थित नालेज पार्क 2 व परी चौक और नोएडा सेक्टर 51 मेट्रो स्टेशन पर भी मिलेगी। प्राप्त सुझावों को अंतिम रूप देने के लिए समिति की ओर से उन पर विचार.विमर्श किया जाएगा। बता दें कि नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने हाल ही में नोएडा और ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में लास्ट माइल कनेक्टिविटी के लिए नोडल अथॉरिटी का दर्जा मिला है। एनएमआरसी की प्रवक्ता निशा वधावन ने बताया कि हम यात्रा को और सुविधाजनक, सुरक्षित, कम समय लेकर किफायती बनाना चाहते है। इसमें सक्षम होने के लिए हम उन प्राथमिकताओं और मुद्दों पर जानकारी इकट्ठा करना चाहते हैं।

जिसका लोगों को दिन-प्रतिदिन सामना करना पड़ता है। एनएमआरसी प्रवक्ता निशा बधावन ने बताया कि मेट्रो लाइन के आने के साथ सार्वजनिक परिवहन प्रणाली में सुधार होना बाकी है, विस्तार और सुधार की योजनाओं पर काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि पैरा ट्रांजिट साधनों पर यात्रियों की निर्भरता बहुत अधिक है। उन्हें डिजिटल प्लेटफर्म पर लाने से सार्वजनिक साधनों की राइडरशिप में भी सुधार होगा। इसलिए एनएमआरसी यात्री एप बनाना चाहता है।

# पोषण की दरकार: अपनी उम्र के लिहाज से ठिगने हैं 31.7 फीसदी भारतीय बच्चे



**पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में व्याप्त स्टंटिंग के मामले में भारत की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। जहां दुनिया का हर चौथा स्टंटिंग प्रभावित बच्चा रह रहा है**

**भारत** में कुपोषण की जो स्थिति है वो किसी से छिपी नहीं है। यहां बहुतों को तो पेट भर खाना भी नहीं मिलता और जिनको मिल भी रहा है उनके भोजन में पोषण की भारी कमी है। इसका खामियाजा नन्हें बच्चों को उठाना पड़ रहा है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी नई रिपोर्ट ने भारत में पोषण की स्थिति को लेकर हैरान कर देने वाले आंकड़े जारी किए हैं। इन आंकड़ों के मुताबिक देश में पांच वर्ष से कम उम्र के 31.7 फीसदी बच्चे स्टंटिंग का शिकार हैं। मतलब की यह बच्चे अपनी उम्र के लिहाज से ठिगने हैं। यह रिपोर्ट लेवल्स एंड ट्रेंड इन चाइल्ड मालन्यूट्रिशन 2023 संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ), विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और वर्ल्ड बैंक द्वारा संयुक्त रूप से जारी की गई है।

आपको जानकर हैरानी होगी कि पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में व्याप्त स्टंटिंग के मामले में भारत की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। आंकड़ों के मुताबिक दुनिया का हर चौथा स्टंटिंग प्रभावित बच्चा भारत में है। यानी की दुनिया में भारत, पांच वर्ष से कम आयु के 24.6 फीसदी स्टंटिंग प्रभावित बच्चों का घर है।

हालांकि देखा जाए तो इस मामले में 2012 से 2022 के बीच स्थिति में सुधार जरूर आया है लेकिन वो इतना नहीं है कि हम 2030 तक सतत विकास के लक्ष्यों को हासिल कर सकें। आंकड़ों के मुताबिक 2012 में जहां पांच वर्ष से कम आयु के देश के 41.6 फीसदी बच्चे स्टंटिंग का शिकार थे। अब यह आंकड़ा घटकर 31.7 फीसदी पर पहुंच गया है। यदि इन बच्चों की कुल संख्या देखें तो वो 3.61 करोड़ से ज्यादा है। देखा जाए तो भारत दुनिया के उन 28 देशों में शामिल हैं जहां बच्चों में स्टंटिंग की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। एक शोध के अनुसार ऊंचाई और कुपोषण के बीच गहरा नाता है। वहीं जब बात बच्चों की हो तो इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। गौरतलब है कि स्टंटिंग के शिकार बच्चों में उनकी कद-काठी अपनी उम्र के बच्चों से कम रह जाती है।

### भारत के साथ कई अन्य देशों में खराब है स्थिति

**इस मामले** में भारत की तरह ही उसके दो पड़ोसी देशों पाकिस्तान और अफगानिस्तान में भी स्थिति बेहद खराब है। पाकिस्तान में जहां 34 फीसदी बच्चे इससे ग्रस्त हैं वहीं अफगानिस्तान में यह आंकड़ा 33 फीसदी से ज्यादा है। इसी तरह इंडोनेशिया और ज्यादातर अफ्रीकी देशों में भी इस मामले में स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। वहीं वैश्विक स्तर पर देखें तो पांच वर्ष से कम आयु के करीब 22.3 फीसदी बच्चे आज अपनी उम्र के लिहाज से ठिगने हैं। मतलब की 2022 में दुनिया के पांच वर्ष से कम उम्र के करीब 14.8 करोड़ बच्चे अपनी उम्र के लिहाज से ठिगने थे। मतलब की 2022 में दुनिया के पांच वर्ष से कम उम्र के करीब 14.8 करोड़ बच्चे अपनी उम्र के लिहाज से ठिगने थे। वहीं दस साल पहले 2012 में यह आंकड़ा 20.42 करोड़ दर्ज किया गया था। इस मामले में दक्षिण एशिया की स्थिति भी सबसे ज्यादा खराब है। आंकड़ों के मुताबिक 2022 में पांच वर्ष से कम आयु का स्टंटिंग का शिकार पांच में से दूसरा बच्चा दक्षिण एशिया का था। कुछ ऐसी ही स्थिति उप-सहारा अफ्रीका की भी है। भारत में बच्चों की लम्बाई को लेकर ऐसे ही एक अध्ययन से पता चला है कि देश में किशोर बच्चों की लम्बाई कई देशों के अन्य बच्चों की तुलना में काफी कम है। इंपीरियल कॉलेज लंदन द्वारा की गई इस रिसर्च के मुताबिक भारतीय किशोर, नीदरलैंड के सान आयु वर्ग के बच्चों की तुलना में 15.2 सेमी ठिगने हैं। इसी तरह यदि वेस्टिंग यानी ऊंचाई के लिहाज से वजन को देखें तो देश में भारत में पांच वर्ष या उससे कम आयु के 18.7 फीसदी बच्चों का वजन उनकी ऊंचाई के हिसाब से कम था। मतलब की 2020 में इस आयु वर्ग के देश के करीब 2.2 करोड़ बच्चे वेस्टिंग का शिकार थे।

# सरकार ने इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर की सब्सिडी में की कटौती, उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ सकता है भारी

**सरकार** ने इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के लिए दी जा रही फेम-2 सब्सिडी में कटौती कर दी है। इसकी वजह से जून से इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर की कीमतें बढ़ सकती हैं। गौरतलब है कि केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय ने 19 मई, 2023 को इन इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के लिए दी जा रही सब्सिडी को 15,000 रुपये प्रति किलोवाट-घंटे से घटाकर 10,000 रुपये प्रति किलोवाट-घंटा कर दिया था।

इतना ही नहीं मंत्रालय ने इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की एक्स-फैक्ट्री कीमत पर अधिकतम सब्सिडी की सीमा को भी 40 फीसदी से घटाकर 15 फीसद कर दिया है। इसका असर उपभोक्ताओं की पसंद और जेब पर पड़ सकता है। सब्सिडी में इस कटौती को एक जून, 2023 से लागू किया जाएगा। ऐसे में यह 1 जून, 2023 या उसके बाद में पंजीकृत सभी इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों पर लागू होगी। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए केंद सरकार ने 2015 में फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ हाइब्रिड एंड इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (फेम) योजना को लागू किया था। वहीं इस योजना के दूसरे चरण को अप्रैल 2019 में लागू किया गया था जिसे फेम-दो के रूप में जाना जाता है। इस योजना को अगले तीन वर्षों के लिए मंजूरी दी गई थी, जिसकी समयावधि मार्च 2022 तक थी। इस योजना के तहत सरकार ने इलेक्ट्रिक



वाहनों की सब्सिडी के लिए 10,000 करोड़ रुपये आबंटित किए थे। इसमें से 2,000 करोड़ रुपये इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के लिए थे, जो पहले ही खत्म हो चुके हैं। हालांकि सरकार ने जून 2021 में इस योजना को दो वर्षों के लिए बढ़ा दिया था। इस तरह इस योजना के तहत दी जा रही सब्सिडी योजना को 31 मार्च 2024 तक के लिए बढ़ा दिया गया था।

ऐसे में जिस तरह से पिछले सप्ताह इन इलेक्ट्रिक वाहनों को दी जा रही सब्सिडी में भारी कटौती की गई है, उससे निश्चित तौर पर इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर के बाजार और उपभोक्ताओं को धक्का लगेगा। सब्सिडी में की गई इस कटौती से प्रीमियम बाइक्स की बिक्री में सबसे ज्यादा गिरावट देखने को मिल सकती है। इसका नतीजा यह होगा कि मूल उपकरण निर्माता (ओईएम) बाजार में शेयरों को बनाए रखने के लिए अपने वाहनों के स्ट्रिप्ड-डाउन मॉडल लॉन्च करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। वहीं उद्योग से जुड़े कई खिलाड़ी बाजार भावना को बरकरार रखने के लिए इस प्रवृत्ति का पालन करेंगे।

आंकड़ों के मुताबिक इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री मार्च 2023 में अपने चरम पर थी जब देश में 85,793 यूनिट्स की बिक्री की गई थी। केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडे ने 7,432 सार्वजनिक फास्ट चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम सहित सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों को फेम-दो योजना के तहत 800 करोड़ रुपए देने की घोषणा की थी। सार्वजनिक चार्जिंग के बुनियादी ढांचे में विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा गठित समिति ने कुछ बदलावों की सिफारिश भी की थी। इसमें डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर, लो और हाई टेंशन केबल, वैकल्पिक करंट डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स, सर्किट ब्रेकर / आइसोलेटर्स, प्रोटेक्शन इक्विपमेंट, ट्यूबलर या प्लेन कंक्रीट सीमेंट, माउंटिंग स्ट्रक्चर, फेंसिंग और सिविल वर्क जैसे अपस्ट्रीम इंफ्रास्ट्रक्चर का समर्थन करना शामिल था। देखा जाए तो आम तौर पर इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने पर जितना खर्च आता है उसका 60 फीसदी इसपर ही खर्च होता है।

**- साभार डीटीई**

# पौधों के साथ समय बिताएं

**क्या बागवानी अवसाद से लड़ने का प्रभावी तरीका हो सकता है? आइए, कोशिश करते हैं जानने की**



हालांकि अवसाद ग्रसित लोगों को बाहर निकलने और बगीचे में जाने के लिए कहना अजीब लग सकता है, लेकिन काफी मात्रा में नैदानिक प्रमाण हैं जो बताते हैं कि पौधों के साथ समय बिताने से हमारे मानसिक स्वास्थ्य, विशेष रूप से अवसाद में सुधार होता है। यहां तक कि इनडोर पौधों के साथ समय बिताना भी सभी उम्र के लोगों के मानसिक व शारीरिक दोनों तरह के तनाव को घटाने का अद्भुत काम करता है।

लेजी गार्डेनर के संस्थापक विनायक गर्ग कहते हैं, ''कई शोधकर्ताओं ने पाया है कि बागवानी या 'ग्रीन केयर' हमारे शरीर के खुशमिजाज रसायनों के प्राकृतिक विकास को उत्तेजित करता है, जिसस अप्रत्याशित रूप से आश्चर्यजनक परिणामों के साथ अवसाद व चिंता को दूर रखने में मदद मिल सकती है। इस महामारी के दौरान भी हर देश एक ऐसे युद्ध का सामना कर रहा है जहां न तो दुश्मन दिख रहा है और न ही हथियार। ऐसे समय में, अन्य सुरक्षा उपायों के साथ, कोरोनोवायरस के खिलाफ मानसिक और शारीरिक युद्ध में मददगार तरीके के रूप में बागवानी के संभावित लाभों की ओर क्यों न देखा जाए। '' गर्ग द्वारा अवसाद व चिंता से लड़ने के लिए सुझाए गए कुछ रोचक व रचनात्मक तरीके इस प्रकार हैं

**मिट्टी में अपने हाथ गंदे करें**

अध्ययनों के अनुसार, बगीचे में अपने हाथों को गंदा करने से आपका सेरोटोनिन का स्तर बढ़ जाता है। सेरोटोनिन एक खुशमिजाज रसायन है जो एक प्राकृतिक अवसादरोधक और प्रतिरक्षा प्रणाली बूस्टर के रूप में भी काम करता है, जिसकी कमी अवसाद के लिए जिम्मेदार होती है। जब आप मिट्टी के संपर्क में आते हैं, तो मिट्टी का एक विशेष जीवाणु, माइकोबैक्टीरियम वैक्सीन, हमारे मस्तिष्क में सेरोटोनिन का स्राव करता है, जिससे हम भीतर से बेहतर और खुश महसूस करते हैं। कम से कम, अब हम समझते हैं कि लोग दस्ताने के बिना बागबानी करने को क्यों पसंद करते हैं और हमेशा अपने हाथों को गंदगी और खाद के ढेर में डालने की अनुभूति का आनंद लेते हैं।

**डी-स्ट्रेस थेरेपी - आपके घर पर**

बागवानी हमारे तीव्र तकनीकी रूप से संचालित जीवन से एक शानदार रूख परिवर्तन है। बागवानी और प्रकृति का आनंद लेने में समय बिताने से हमें खुद को मानसिक रूप से तनावमुक्त रखने में मदद मिल सकती है। जब आप सीधे कलियों के पोषण में योगदान करते हैं और देखते हैं कि पौधे धीरे-धीरे बढ़ते हैं, तो



यकीन कीजिए, आपकी खुशी और संतुष्टि की कोई सीमा नहीं होगी और आप इसकी ओर बार बार लौट कर आते रहेंगे। यह एक छोटा मगर बहुत शक्तिशाली व्यायाम है जो आपका आत्म-सम्मान भी बढ़ाता है, साथ ही तनाव को उभरने का बिल्कुल भी अवसर नहीं देता है।

**अपनी रचनात्मकता विकसित करें**

उन उद्यान कीटों को दूर रखने और बगीचे को स्वस्थ रखने हेतु मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार करने के तरीकों का कैसे पता लगाया जाए? यह तय करने के बारे में कि आपके पसंदीदा पौधे को किस प्रकार और रंग का बर्तन सबसे अच्छा लगेगा? जैसे ही खुद को इस चिंतन कार्य में शामिल करेंगे, यह बागबानी या ग्रीन केयर आपकी सकारात्मकता, रचनात्मकता, मनोदशा के उत्थान, कौशल निर्माण का ख्याल रखेगी और अंतत: स्वाभाविक रूप से और धीरे-धीरे आपको अवसाद से लड़ने में मदद करेगी।

**अपनी क्षमता का निर्माण करें**

बगीचे में काम करने से निपुणता और क्षमता में सुधार होता है। खुदाई करना, क्यारियां बनाना और घास काटना विशेष रूप से कैलोरी-खपत वाली गतिविधियां हैं और इसमें शामिल एरोबिक व्यायाम जिम-कसरत की तरह कैलोरी को आसानी से जला देगा। बागवानी के दौरान शारीरिक व्यायाम को सामाजिक संपर्क के साथ



जोड़ा जाता है। आप प्रकृति और धूप के संपर्क में आते हैं। सूरज की रोशनी आपके शरीर पर दो तरह से काम करती है: विटामिन डी के स्तर को बढ़ाते हुए रक्तचाप को कम करती है, और उगाए गए फलों और सब्जियों का आहार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। क्यों ज्यादा स्वास्थ्यकर लगता है ना?

# देश के ज्यादातर शहरों में बेहतर हुई हवा जानिए अपने शहरी में प्रदूषण का हाल

**केंद्रीय** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा 24 मई 2023 को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के 205 में से 28 शहरों में हवा बेहतर रही, जबकि 101 शहरों की श्रेणी संतोषजनक रही, 66 शहरों में वायु गुणवत्ता मध्यम रही। वहीं जालंधर-मानेसर सहित दस शहरों में वायु गुणवत्ता का स्तर खराब रहा।

यदि दिल्ली की बात करें तो यहां की वायु गुणवत्ता मध्यम श्रेणी में है। दिल्ली में एयर क्वालिटी इंडेक्स 158 दर्ज किया गया है। दिल्ली के अलावा फरीदाबाद में इंडेक्स 122, गाजियाबाद में 152, गुरुग्राम में 204, नोएडा में 182, ग्रेटर नोएडा में 171 पर पहुंच गया है। देश के अन्य प्रमुख शहरों से जुड़े आंकड़ों को देखें तो मुंबई में वायु गुणवत्ता सूचकांक 69 दर्ज किया गया, जो प्रदूषण के संतोषजनक स्तर को दर्शाता है। जबकि लखनऊ में यह इंडेक्स 136, चेन्नई में 72, चंडीगढ़ में 108, हैदराबाद में 84, जयपुर में 120 और पटना में 93 दर्ज किया गया।

वहीं अगरतला, आगरा, अजमेर, अलवर, अमरावती, अंबाला, अररिया, आसनसोल, औरंगाबाद (बिहार), बागलकोट, बल्लभगढ़, बाड़मेर, बेंगलुरु, भागलपुर, भिवानी, भोपाल, बिहारशरीफ, बिलासपुर, चेन्नई, छाल, चित्तूर, देहरादून, धौलपुर, दुर्गापुर, एलूर, फतेहाबाद, गांधीनगर, गंगटोक, गया, गोरखपुर, गुवाहाटी, हाजीपुर, हल्दिया, हापुड़,



होसुर, हावड़ा, हुबली, हैदराबाद, इंदौर, जबलपुर, झालावाड़, झांसी, झुंझुनू, जींद, कडपा, कलबुर्गी, कानपुर, करौली, करनाल, कटिहार, क्योंझर, खन्ना, किशनगंज, कोच्चि, कोहिमा, कोल्हापुर, कोलकाता, कोल्लम, कोप्पल, कोटा, मंडी गोबिंदगढ़, मंडीदीप, मंडीखेड़ा, मिलुपारा, मुरादाबाद, मोतिहारी, मुंबई, मुंगेर, मैसूर, नगांव, नागपुर, नलबाड़ी, नासिक, नवी मुंबई, पालकलाईपेरुर, पलवल, पटना, पीथमपुर, प्रयागराज, पुणे, पूर्णिया, रायपुर, रायरंगपुर, राजमहेंद्रवरम, राजगीर, रामनगर, ऋषिकेश, रोहतक, सागर, सहरसा, सतना, शिवमोगा, सीकर, सिलीगुड़ी, टेन्सा, त्रिशूर, तिरुपति, तुमकुरु, वाराणसी, यादगीर और विजयवाड़ा आदि 101 शहरों में हवा की गुणवत्ता संतोषजनक रही, जहां सूचकांक 51 से 100 के बीच दर्ज किया गया।

**क्या दर्शाता है यह वायु गुणवत्ता सूचकांक, इसे कैसे जा सकता है समझा?**

देश में वायु प्रदूषण के स्तर और वायु गुणवत्ता की स्थिति को आप इस सूचकांक से समझ सकते हैं जिसके अनुसार यदि हवा साफ है तो उसे इंडेक्स में 0 से 50 के बीच दर्शाया जाता है। इसके बाद वायु गुणवत्ता के संतोषजनक होने की स्थिति तब होती है जब सूचकांक 51 से 100 के बीच होती है। इसी तरह 101-200 का मतलब है कि वायु प्रदूषण का स्तर माध्यम श्रेणी का है, जबकि 201 से 300 की बीच की स्थिति वायु गुणवत्ता की खराब स्थिति को दर्शाती है। वहीं यदि सूचकांक 301 से 400 के बीच दर्ज किया जाता है जैसा दिल्ली में अक्सर होता है तो वायु गुणवत्ता को बेहद खराब की श्रेणी में रखा जाता है।

**साभार- डीटीई**

# भारत समेत दुनिया के 10 देशों के विशेषज्ञ खोजेंगे जल संकट का समाधान

**मनुष्य** के जीवित रहने के लिए स्वच्छ जल की आपूर्ति जरूरी है, फिर भी दुनिया भर में 2.2 अरब लोगों के पास इस बुनियादी सुविधा तक पहुंच नहीं है। दुनिया भर में पानी की सुरक्षा पर संकट मंडरा रहा है, जो अब जलवायु में बदलाव से लगातार बढ़ रहा है।

अब, दुनिया भर के शोधकर्ता मानवता के लिए जलवायु परिवर्तन के खतरे से निपटने में सहयोग कर रहे हैं। एसोसिएशन ऑफ कॉमनवेल्थ यूनिवर्सिटीज (एसीयू) और ब्रिटिश काउंसिल द्वारा स्थापित फ्यूचर्स क्लाइमेट रिसर्च कोहोर्ट प्रोग्राम इसको आगे बढ़ा रहा है।

यूके के पांच विश्वविद्यालयों के अग्रणी जलवायु परिवर्तन विशेषज्ञ बांग्लादेश, मिस्र, घाना, भारत, केन्या, मलेशिया, नाइजीरिया, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका सहित 10 निम्न और मध्यम आय वाले देशों के 20 चयनित शोधकर्ताओं के साथ काम करेंगे। जो ग्लोबल साउथ में नॉलेज एक्सचेंज और शोध परियोजनाओं के माध्यम से अपनी क्षेत्रीय जलवायु में हो रहे बदलाव संबंधी चुनौतियों से निपटने में मदद करेंगे।

कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, वैश्विक सतत विकास संस्थान (आईजीएसडी) के वारविक विश्वविद्यालय के शोधकर्ता जल सुरक्षा की असमानता, पारिस्थितिकी तंत्र के लिए पानी और पानी से संबंधित खतरों की जांच करके बदलती दुनिया में जल सुरक्षा का समाधान करने वाली टीम की अगुवाई कर रहे हैं।

शोध हमें क्षेत्रों, आबादी और पारिस्थितिकी तंत्रों में जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले पानी के संकट के असमान वितरण को समझने, कमजोर समूहों को सशक्त बनाने, खतरों और अनिश्चितताओं का समाधान करने में मदद करेगा। शोध के अलावा, कार्यक्रम ईसीआर को



अपने कौशल में सुधार करने, विषय से संबंधित सहयोग विकसित करने, हितधारकों के साथ जुड़ने और जलवायु परिवर्तन शमन और अनुकूलन रणनीतियों को आगे बढ़ाने वाले कार्यों में मदद करेगा।

यूनिवर्सिटी ऑफ वारविक के आईजीएसडी के डॉ. फेंग माओ ने कहा, जैसा कि हमने संयुक्त राष्ट्र जल सम्मेलन और जलवायु परिवर्तन पर नवीनतम अंतर सरकारी पैनल (आईपीसीसी) की छठी आकलन रिपोर्ट से पता चला है, सामूहिक जल अनुसंधान के लिए दुनिया को एकजुट करने की आवश्यकता है। दुनिया भर में आबादी के लगभग 80 फीसदी लोग जल सुरक्षा संबंधी चुनौतियों से जूझ रहे है, जलवायु परिवर्तन से जल चक्र तेज हो रहा है, वर्षा के पैटर्न में बदलाव हो रहा है और इसके कारण कई क्षेत्रों में सिविल सोसाइटी के लिए लगातार खतरे अधिक बढ़ रहे हैं। शोधकर्ताओं ने कहा, हम पानी की समस्या, पारिस्थितिकी तंत्र, समाज और तकनीकों की मदद से इसका समाधान खोजेंगे, जीवन को बेहतर बनाने और जलवायु परिवर्तन को कम करने के लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करेंगे। वारविक विश्वविद्यालय में आईजीएसडी निदेशक, प्रोफेसर एलेना कोरोस्टेलेवा ने कहा, आईजीएसडी को वारविक में सतत विकास पर शोध करने के लिए फिर से शुरू किया गया है, इसकी प्रमुख विषय-वस्तु जटिल पारिस्थितिकी तंत्र और जल सुरक्षा है। डॉ. फेंग माओ ने कहा मुझे यह देखकर बहुत गर्व हो रहा है कि कैसे हमारी रणनीतिक सोच, शोध और नेतृत्व अब एक साथ आ रहे हैं। दुनिया भर में अलग-अलग विषयों की जानकारी संबंधी साझेदारी के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के तहत एक अधिक टिकाऊ समाधान इसे सक्षम बनाएगा।

**साभार- डीटीई**

# नए कोच फुल्टन के मार्गदर्शन में प्रो लीग में दबदबा बरकरार रखने उतरेगा भारत

**एजेंसी।** लंदन

**उत्साह** से भरी भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में घरेलू चरण की फॉर्म को शुक्रवार को यहां ओलंपियन बेल्जियम से मुकाबले के साथ शुरू हो रहे यूरोपीय चरण में भी बरकरार रखने की कोशिश करेगी। टूर्नामेंट के यूरोपीय चरण के दौरान भारत आइंडहोवेन में मेजबान नीदरलैंड और अर्जेन्टीना से भी भिड़ेगा।

भारत इस साल की शुरुआत में विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन से उबरकर 2022-23 की प्रो लीग तालिका में शीर्ष पर चल रहा है। टीम इस दौरान विश्व चैंपियन जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम के खिलाफ अजेय रही। भारत ने राउरकेला चरण में तीन सीधी जीत दर्ज की जबकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे मैच में भी शूटआउट जीतकर बोनस अंक जुटाया। भारत आठ मैच में पांच सीधी जीत और दो शूट आउट जीतकर 19 अंक के साथ अभी अंक तालिका में शीर्ष पर है। हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम शुक्रवार को यहां जब बेल्जियम और शनिवार को ग्रेट ब्रिटेन से भिड़ेगी तो उसकी नजरें जीत की लय को बरकरार रखने पर होगी। मेजबान ग्रेट ब्रिटेन की टीम भी अच्छी फॉर्म में चल रही है। टीम ने क्राइस्टचर्च में न्यूजीलैंड के



खिलाफ 5-2 और 6-1 से जीत दर्ज की और आस्ट्रेलिया को भी 2-1 और 3-3 (शूट आउट में 4-2 से जीत) से हराया। ग्रेट ब्रिटेन के भी आठ मैच में चार सीधी जीत और शूट आउट में तीन जीत से 19 अंक हैं। दूसरी तरफ बेल्जियम की टीम मौजूदा सातवें स्थान से बेहतर स्थिति में पहुंचने की कोशिश करेगी। टीम ने मौजूदा सत्र में सिर्फ चार प्रो लीग मैच खेले हैं और उसने अर्जेन्टीना तथा जर्मनी के खिलाफ एक-एक जीत दर्ज की है। यूरोप में होने वाले प्रो लीग मुकाबले भारत के नए कोच क्रेग फुल्टन के मार्गदर्शन में टीम की पहली वास्तविक परीक्षा होगी और देखना होगा कि वह इस बेहद दबाव वाले काम से कैसे निपटते हैं। फुल्टन ने ऑस्ट्रेलिया के ग्राहम रीड की जगह ली है जिनके मार्गदर्शन में भारत ने तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता था। भारत ग्रेट ब्रिटेन से पिछली बार तोक्यो ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में भिड़ा था, जिसमें टीम ने 3-1 से जीत दर्ज की थी। रियो ओलंपिक 2016 से भारत ने बेल्जियम के खिलाफ 19 मैच खेले हैं।

### बेल्जियम से पिछला मुकाबला एंटवर्प में खेला था

**भारत** ने बेल्जियम से पिछला मुकाबला पिछले साल एंटवर्प में खेला था जब प्रो लीग के पिछले सत्र में भारतीय टीम ने पहला मैच 2-3 से गंवाने के बाद दूसरा मैच शूट आउट में जीता था। हरमनप्रीत ने कहा कि वे बेल्जियम से भिड़ने के लिए और इंतजार नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, एक टीम के रूप में भारत ने बेल्जियम के साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्धा शुरू की है, विशेषकर पिछले पांच से छह साल में। हम इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ खेलने का लुत्फ उठाते हैं और टीम हमेशा उनके खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने को लेकर उत्साहित रहती है।

# इंटर मिलान ने इटालियन कप का खिताब जीता

**एजेंसी।** रोम

**लुटारो** मार्टिनेज के दो गोल की मदद से इंटर मिलान ने फियोरेंटीना को 2-1 से पराजित करके इटालियन कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। मार्टिनेज ने बेनफिका और एसी मिलान के खिलाफ महत्वपूर्ण गोल करके इंटर मिलान की चैंपियंस लीग फाइनल में जगह सुरक्षित की थी।




उन्होंने अपना यह शानदार प्रदर्शन जारी रखा और इंटर मिलान को इटालियन कप का महत्वपूर्ण खिताब दिलाया। इंटर मिलान का यह इस सत्र में दूसरा खिताब है। इससे पहले उसने जनवरी में इटालियन सुपर कप का खिताब जीता था और उस मैच में भी मार्टिनेज ने गोल दागा था। इंटर मिलान का लक्ष्य अब चैंपियंस लीग का खिताब जीतना होगा जिसके फाइनल में वह 10 जून को इस्तांबुल में मैनचेस्टर सिटी से भिड़ेगा।

# मुंबई इंडियंस को मिलेगी गुजरात टाइटंस से कड़ी चुनौती

**एजेंसी।** अहमदाबाद

**आकाश** मधवाल की उत्कृष्ट गेंदबाजी से एलिमिनेटर में लखनऊ सुपरजाइंट्स पर बड़ी जीत दर्ज करने से उत्साहित मुंबई इंडियंस की टीम को शुक्रवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दूसरे क्वालीफायर में गत चैंपियन गुजरात टाइटंस की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा।

मधवाल ने बुधवार को चेन्नई में खेले गए एलिमिनेटर में पांच रन देकर पांच विकेट लिए जिससे पांच बार के आईपीएल चैंपियन मुंबई ने लखनऊ को 81 रन से करारी शिकस्त दी। जसप्रीत बुमराह और जोफ्रा आर्चर जैसे खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के बावजूद मुंबई की यह बड़ी जीत दूसरी टीमों के लिए खतरे की घंटी है। मुंबई का इस सत्र में प्रदर्शन उतार-चढ़ाव वाला रहा है लेकिन अब लगता है कि उसकी टीम सही समय पर अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौट आई है। कैमरन ग्रीन, सूर्यकुमार यादव और टिम डेविड ने अभी तक चुनौतियों का अच्छी तरह से सामना किया है।

उनके अलावा युवा बल्लेबाज नेहल बढेरा भी अपना प्रभाव छोड़ रहे हैं जबकि रोहित शर्मा और ईशान किशन की सलामी जोड़ी भी अपनी भूमिका निभा रही है। इससे रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम अपने छठे खिताब की तरफ मजबूती से कदम बढ़ा रही है।

इन बल्लेबाजों के सामने गुजरात के गेंदबाजों की कड़ी परीक्षा होगी जिसकी अगुवाई अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी कर रहे हैं। मधवाल ने लखनऊ के खिलाफ पिछले मैच में गेंदबाजी में चमत्कारिक प्रदर्शन किया। उन्होंने 3.5 ओवर में पांच रन देकर पांच विकेट लिए। टीम को उनसे इसी तरह के अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। मुंबई के अन्य गेंदबाजों में अनुभवी लेग स्पिनर पीयूष चावला और तेज गेंदबाज जेसन बेहरेनडॉर्फ ने भी प्रभावशाली गेंदबाजी की है। पिछले कुछ मैचों में रन लुटाने वाले तेज गेंदबाज क्रिस जॉर्डन में लखनऊ के खिलाफ दो ओवर में सात रन देकर एक विकेट लिया जो कि मुंबई के लिए अच्छा संकेत है। गुजरात टाइटंस पहले क्वालीफायर में महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई वाली चेन्नई सुपर किंग्स की टीम से पराजय झेलने के बाद इस मैच में उतरेगी। उसे लगातार दूसरी बार आईपीएल फाइनल में जगह बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। गुजरात के सभी खिलाड़ियों ने अभी तक अहम योगदान दिया है।

बल्लेबाजी में शुभमन गिल और विजय शंकर ने शानदार प्रदर्शन किया है। गिल चेन्नई के खिलाफ अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन लीग चरण के अंतिम दो मैचों में शतक जड़ने वाला यह सलामी बल्लेबाज मुंबई के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगा। गिल ने गुजरात टाइटंस की बल्लेबाजी की जिम्मेदारी बखूबी संभाल रखी है। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि उन्होंने अभी तक 15 मैचों में 722 रन बनाए हैं।

गुजरात की तरफ से उनके बाद सर्वाधिक रन विजय शंकर ने बनाए हैं लेकिन वह गिल से 421 रन पीछे हैं। शंकर के नाम पर अभी 12 मैचों में 301 रन दर्ज हैं। गिल को इस सत्र में सर्वाधिक रन बनाकर आरसीबी के फाफ डुप्लेसी से ऑरेंज कैप हासिल करने के लिए केवल आठ रन की जरूरत है।



### पांड्या का खराब प्रदर्शन चिंता का विषय

**गुजरात** के लिए हालांकि कप्तान हार्दिक पंड्या का खराब प्रदर्शन चिंता का विषय है। उन्होंने पिछले पांच मैचों में केवल 45 रन बनाए हैं। मध्यक्रम में डेविड मिलर भी बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे हैं। पिछले तीन मैचों में तो वह दहाई के अंक तक भी नहीं पहुंच पाए थे। मुंबई और गुजरात इस सत्र में तीसरी बार एक-दूसरे का सामना करेंगे। अभी तक दोनों टीम ने एक एक मैच जीता है।

### दोनों टीम इस प्रकार हैं

**गुजरात टाइटन्स:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), शुभमन गिल, डेविड मिलर, अभिनव मनोहर, साईं सुदर्शन, रिद्धिमान साहा, मैथ्यू वेड, राशिद खान, राहुल तेवतिया, विजय शंकर, मोहम्मद शमी, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, प्रदीप सांगवान, दर्शन नलकंडे , जयंत यादव, आर. साई किशोर, नूर अहमद, दासुन शनाका, ओडियन स्मिथ, केएस भरत, शिवम मावी, उर्विल पटेल, जोशुआ लिटिल और मोहित शर्मा।

**मुंबई इंडियंस:** रोहित शर्मा (कप्तान), क्रिस जॉर्डन, अरशद खान, जेसन बेहरेनडॉर्फ, डेवाल्ड ब्रेविस, पीयूष चावला, टिम डेविड, राघव गोयल, कैमरन ग्रीन, इशान किशन (विकेटकीपर), डुआन जानसेन, क्रिस जॉर्डन, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल , रिले मेरेडिथ, शम्स मुलानी, रमनदीप सिंह, संदीप वारियर, ऋतिक शौकीन, ट्रिस्टिन स्टब्स, अर्जुन तेंदुलकर, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, सूर्यकुमार यादव।

**मैच शाम 7:30 बजे शुरू होगा।**

## नीरज चोपड़ा के फिनलैंड में अभ्यास को मंजूरी मिली

**नई दिल्ली।** ओलंपिक चैम्पियन भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को जून में होने वाले गोल्ड स्तर के दो टूर्नामेंटों के लिए फिनलैंड में अभ्यास को बृहस्पतिवार को मंजूरी मिल गई।

युवा कार्य और खेल मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार तोक्यो ओलंपिक चैम्पियन चोपड़ा फिनलैंड के कुओर्ताने ओलंपिक ट्रेनिंग सेंटर पर अभ्यास करना चाहते हैं। हाल ही में विश्व रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंचे चोपड़ा ने 2022 में भी वहां अभ्यास किया था। अन्य प्रस्तावों में मिशन ओलंपिक सेल ने टेबल टेनिस खिलाड़ी पायस जैन के ताईवान में अभ्यास को भी मंजूरी दे दी। सीनियर टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा और साथियान ज्ञानशेखरन के निजी कोचों को विभिन्न टूर्नामेंटों में साथ ले जाने को भी मंजूरी दे दी। वित्तीय सहायता में हवाई यात्रा का खर्च, शिविर का खर्च, रहने और चिकित्सा बीमा का खर्च और आउट आफ पॉकेट भत्ता शामिल होगा। एमओसी सदस्यों ने नौकायन खिलाड़ी सलमान खान को टॉप्स विकास समूह में शामिल किया।

## लास वेगास में मैच प्ले के पहले मुकाबले में हारी अदिति

**लास वेगास।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक को यहां बैंक ऑफ होप एलपीजीए मैच प्ले के शुरुआती दौर के मुकाबले में फ्रांस की पेरिन डेलाकोर के खिलाफ अधिकांश समय बढ़त बनाने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा। अदिति ने अधिकांश समय मुकाबले में बढ़त बनाई हुई थी, लेकिन अंतिम दो होल में पिछड़ गईं। अदिति और डेलोकोर ने अंतिम होल से पहले समान पांच बर्डी की थी लेकिन फ्रांस की खिलाड़ी ने 18वें और अंतिम होल में एक और बर्डी लगाकर भारतीय खिलाड़ी को पछाड़ दिया।

# दूसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचकर खिलाड़ियों ने जज्बा दिखाया: रोहित

### भारत सात जून से शुरू होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारतीय** कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि लगातार दूसरी बार इससे टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में पहुंचकर उनकी टीम के खिलाड़ियों ने अपने जज्बे का शानदार नमूना पेश किया विशेषकर तब जबकि टीम 2021 में खिताबी मुकाबले में हार गई थी। भारत सात जून से शुरू होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की वेबसाइट पर जारी वीडियो में रोहित ने कहा, साउथम्पटन में पहले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के बाद हमने तुरंत ही एकजुट होकर अगले चक्र के लिए तैयारियां शुरू कर दी थी। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि हमने इस चक्र में वास्तव में बहुत अच्छी क्रिकेट खेली। हमारे सामने कई बार चुनौती पेश की गई और उससे पार पाने के लिए केवल कुछ खिलाड़ियों ने ही नहीं बल्कि सभी खिलाड़ियों ने शानदार जज्बा दिखाया। रोहित ने अपने साथी खिलाड़ियों की जमकर प्रशंसा की जिन्होंने 2021 के फाइनल में न्यूजीलैंड से हारने की निराशा के बाद शानदार वापसी की। उन्होंने कहा, यह दो साल का चक्र है और इस दौरान हमने काफी टेस्ट मैच खेले। इस चक्र में कई खिलाड़ी खेले। हर अवसर पर किसी खिलाड़ी ने जिम्मेदारी संभाली। हम उनसे जिस तरह के प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे थे उन्होंने वैसा प्रदर्शन किया। भारत अगले डब्ल्यूटीसी फाइनल में अपने तीन प्रमुख खिलाड़ियों ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह और श्रेयस अय्यर के बिना उतरेगा। यह तीनों खिलाड़ी चोटिल हैं। पहेले डब्ल्यूटीसी चक्र में रोहित के अलावा पंत और अय्यर का औसत ही 40 रन प्रति पारी से ऊपर रहा जबकि उस दौर में बुमराह ने 10 मैचों में 45 विकेट लिए। वरिष्ठ बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने कहा कि टीम को इन तीनों खिलाड़ियों के योगदान को याद करना चाहिए।




# सिंधू, प्रणय मलेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी।** कुआलालंपुर

**भारत** के स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू और एचएस प्रणय ने गुरुवार को यहां विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करके मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।



दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और यहां छठी वरीयता प्राप्त सिंधू ने महिला एकल में जहां जापान की आया ओहोरी को आसानी से सीधे गेम में हराया वहीं प्रणय को चीन के शी फेंग ली को हराने के लिए तीन गेम तक संघर्ष करना पड़ा। पहले कोर्ट पर उतरने वाली विश्व में 13वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने ओहोरी पर दबदबा बनाए रखा और जापान की विश्व में 28वें नंबर की खिलाड़ी को 40 मिनट तक चले मैच में 21-16, 21-11 से पराजित किया। सिंधू क्वार्टर फाइनल में चीन की ही ई मैन झांग से भिड़ेगी। दुनिया में नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करके विश्व में 11वें नंबर के खिलाड़ी ली को एक घंटा 10 मिनट तक चले मैच में 13-21, 21-16, 21-11 से हराया। प्रणय अब इंडोनेशिया के तीसरी वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी और जापान के केंटा निशिमोटो के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे।

# एशिया कप के आयोजन स्थल पर फैसला आईपीएल फाइनल के बाद : जय शाह

### एशिया कप का आयोजन एक से 17 सितंबर तक होना

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारतीय** क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने गुरुवार को कहा कि एशिया कप के आयोजन स्थल का फैसला आईपीएल फाइनल से इतर होने वाली बैठक में किया जाएगा, जिसमें एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के शीर्ष पदाधिकारी भाग लेंगे। जय शाह ने कहा, अभी तक एशिया कप के आयोजन स्थल को लेकर फैसला नहीं किया गया है।

हम अभी आईपीएल में व्यस्त थे, लेकिन श्रीलंका क्रिकेट, बांग्लादेश और अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के शीर्ष पदाधिकारी आईपीएल फाइनल देखने के लिए आ रहे हैं। हम इस पर चर्चा करके उचित समय पर फैसला करेंगे। इस साल एशिया कप का मेजबान पाकिस्तान है, लेकिन भारतीय क्रिकेट टीम केंद्र सरकार की अनुमति के बिना पड़ोसी देश की यात्रा नहीं कर सकती और ऐसे में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से अध्यक्ष नजम सेठी ने एक हाइब्रिड मॉडल का प्रस्ताव रखा जिससे कि चार मैच का आयोजन उनके देश में हो सकता है। एसीसी के सूत्रों के अनुसार सेठी के इस फार्मूले के अनुसार श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल और अफगानिस्तान के लीग चरण के चार मैच पाकिस्तान में होंगे जबकि भारत अपने मैच तटस्थ स्थल पर खेलेगा।

# मैं बुमराह का विकल्प नहीं, सिर्फ अपनी जिम्मेदारी निभा रहा था: मधवाल

**एजेंसी।** चेन्नई

**इंडियन** प्रीमियर लीग के एलिमिनेटर में लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ मुंबई इंडियन्स की 81 रन की आसान जीत में अहम भूमिका निभाने वाले आकाश मधवाल स्वयं को जसप्रीत बुमराह का विकल्प नहीं मानते और टीम द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरा करके खुश हैं। उत्तराखंड के इंजीनियर मधवाल ने बुधवार रात 3.3 ओवर में पांच रन देकर पांच विकेट चटकाए जिससे मुंबई इंडियन्स की टीम फाइनल में जगह बनाने के एक और कदम करीब पहुंच गई।

मधवाल ने मैच के बाद कहा, मैं टीम द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहा हूं। मैं बुमराह का विकल्प नहीं हूं लेकिन मैं जो कर सकता हूं उसे करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहा हूं। मौजूदा सत्र में चेन्नई में एमए चिदंबरम स्टेडियम की पिच से तेज गेंदबाजों को अधिक मदद नहीं मिली, लेकिन मधवाल ने बताया कि क्या चीज उनके पक्ष में रही। मधवाल ने कहा, चेपक का विकेट अच्छा था। आपने देखा होगा कि गेंद रुककर नहीं आ रही थी बल्कि तेजी से निकल रही थी। मैं स्विंग गेंदबाज हूं और मुश्किल लेंथ पर गेंदबाजी करके विकेट हासिल करने की कोशिश करता हूं। मधवाल ने कहा कि कप्तान रोहित शर्मा को पता है कि उनके मजबूत पक्ष क्या हैं और इनका कैसे इस्तेमाल करना है। उन्होंने कहा, रोहित को पता है कि यॉर्कर मेरा मजबूत पक्ष है लेकिन नेट सत्र और अभ्यास मुकाबलों के दौरान उन्हें पता चला कि मैं नई गेंद से भी गेंदबाजी कर सकता हूं।

मधवाल ने कहा, इसलिए उन्हें पता था कि स्थिति की जरूरत के अनुसार मेरा इस्तेमाल कैसे करना है। इस बीच सुपरजाइंट्स के तेज गेंदबाज नवीन उल हक ने कहा कि उन्होंने बुधवार को स्टेडियम में कोहली, कोहली के नारों का लुत्फ उठाया क्योंकि इससे उन्हें अपनी टीम के लिए अच्छा करने का जज्बा मिला। मौजूदा आईपीएल के लीग चरण के दौरान नवीन और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के स्टार बल्लेबाज कोहली के बीच तीखी बहस हुई थी।



### मुंबई की टीम फाइनल में जगह बनाने के एक और कदम करीब पहुंच गई

# डब्ल्यूटीसी फाइनल में माइकल नेसर को मिल सकता है मौका: मैकडोनाल्ड

**एजेंसी।** मेलबन

**ऑस्ट्रेलिया** के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड काउंटी क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर रहे माइकल नेसर से काफी प्रभावित हैं और उन्होंने कहा कि किसी खिलाड़ी के चोटिल होने पर इस ऑलराउंडर को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल और एशेज श्रृंखला के लिए टीम में शामिल किया जा सकता है। नेसर ने काउंटी क्रिकेट में ग्लैमोर्गन की तरफ से खेलते हुए अभी तक तीन पारियों में 123, 86 और 90 रन बनाए हैं।

अगले महीने होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल और एशेज के पहले दो टेस्ट मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया की 17 सदस्यीय टीम में नहीं चुना गया है लेकिन कोच मैकडोनाल्ड ने कहा कि उन्हें मौका मिल सकता है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच डब्ल्यूटीसी फाइनल सात जून से ओवल में खेला जाएगा जबकि पांच टेस्ट मैचों की एशेज श्रृंखला 16 जून से शुरू होगी। मैकडोनाल्ड ने कहा, हम जानते हैं कि वह (नेसर) कैसा प्रदर्शन कर रहा है। नेसर और सीन एबोट विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तैयारियों के लिए लंदन में टीम से जुड़ेंगे। एबोट भी अभी काउंटी क्रिकेट में सें की तरफ से खेल रहे हैं और जरूरत पड़ने पर ऑस्ट्रेलियाई टीम से जुड़ने के लिए उपलब्ध हैं। मैकडोनाल्ड ने कहा, मेरा मानना है कि चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने स्पष्ट कर दिया था कि परिस्थितियों को देखते हुए अन्य खिलाड़ियों को भी मौका मिल सकता है और अगर जोश हेजलवुड विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए फिट नहीं हो पाते हैं तो हमारे पास माइकल नेसर और सीन एबोट को टीम में शामिल करने का विकल्प है। मुझे लगता है कि यह हमारे लिए फायदे की बात है कि वे काउंटी क्रिकेट में खेल रहे हैं।



### अभी तक तीन पारियों में 123, 86 और 90 रन बनाए

# डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए स्पष्ट पसंद होंगे भरत: शास्त्री

**एजेंसी।** दुबई

**भारत** के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले महीने इंग्लैंड में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में विकेटकीपर की भूमिका के लिए केएस भरत टीम प्रबंधन की स्पष्ट पसंद होंगे। भारत की पहली पसंद के विकेटकीपर ऋषभ पंत कार दुर्घटना से उबर रहे हैं और उनके विकल्प लोकेश राहुल की भी दाहिनी जांघ की सर्जरी हुई है।

भारतीय टीम प्रबंधन इस बात को लेकर दुविधा में है कि ओवल में सात जून से शुरू होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए भरत और इशान किशन में से किसे चुना जाए। शास्त्री ने कहा कि भरत ने इस साल की शुरुआत में बोर्डर-गावस्कर श्रृंखला के दौरान विकेटकीपिंग की थी, इसलिए उन्हें उम्मीद है कि प्रबंधन इस 29 वर्षीय को इशान पर तरजीह देगा। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू में कहा, आपको देखना होगा कि कौन बेहतर विकेटकीपर है। क्या यह भरत है या इशान किशन? अब तथ्य यह है कि भरत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौका दिया गया था जहां उन्होंने सभी टेस्ट मैच खेले थे, मुझे लगता है कि वह एकादश में चुने जाने के लिए स्पष्ट पसंद होंगे। भरत ने विकेटकीपर के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन उम्मीद के मुताबिक बल्लेबाजी नहीं कर पाए। वह स्पिन की अनुकूल पिचों पर सिर्फ 101 रन ही बना पाए। दूसरी ओर किशन को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौका नहीं मिला और आईपीएल के दौरान राहुल के चोटिल होने के बाद उन्हें डब्ल्यूटीसी की भारतीय टीम में शामिल किया गया। शास्त्री ने संकेत दिया कि डब्ल्यूटीसी फाइनल के स्थल की परिस्थितियां तय करेंगी कि अंततः किस विकेटकीपर को खेलने का मौका मिलता है। शास्त्री ने कहा, देखिए, यह एक और कड़ा (फैसला) है। अब अगर दो स्पिनर खेल रहे हैं, तो आप चाहेंगे कि भरत खेलें। हालांकि भरत ने सिर्फ चार टेस्ट खेले हैं लेकिन लंबे प्रारूप में 90 प्रथम श्रेणी के मैचों का उनका घरेलू अनुभव उनका पलड़ा भारी करता है। दूसरी ओर इशान ने अभी टेस्ट में पदार्पण नहीं किया है और उन्होंने 48 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं।

कार्तिक ने कहा, मुझे लगता है कि भरत आसान पसंद होंगे क्योंकि इशान किशन को पदार्पण करना है और सीधे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में खेलना उम्मीद से कुछ ज्यादा हो जाएगा। उन्होंने कहा, और तथ्य यह है कि केएस भरत शायद बेहतर विकेटकीपर होने के कारण अपना पलड़ा भारी कर देते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि वे फाइनल के लिए केएस भरत के साथ जाएंगे।

### फाइनल के लिए भरत और इशान किशन में से किसे चुना जाए

### इशान ने भरत की तुलना में अधिक उपलब्धि हासिल की

**इशान** ने भरत की तुलना में बल्ले से अधिक उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने पिछले साल के अंत में चटगांव में बांग्लादेश के खिलाफ एकदिवसीय दोहरा शतक बनाया था। भारत और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के अनुभवी विकेटकीपर दिनेश कार्तिक को लगता है कि भरत के अनुभव को उन्हें डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए स्वतः पसंद बनाना चाहिए।



## माउंट एवरेस्ट पर चढ़ी अस्मिता दोर्जी

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन (टीएसएएफ) की वरिष्ठ प्रशिक्षक और दिग्गज पर्वतारोही अस्मिता दोर्जी (39 साल) ने माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने में सफलता हासिल की है। टाटा स्टील ने यहां विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। अस्मिता 23 मई की सुबह दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ने में सफल रहीं।

# रियाल मैड्रिड की जीत में छाए रहे बाहर बैठे विनीसियस जूनियर

**एजेंसी।** मैड्रिड

**रियाल** मैड्रिड की स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा में रायो वालेकानो पर 2-1 से जीत में विजई गोल भले ही रोड्रिगो ने दागा लेकिन इस मैच में ब्राजील के उनके साथी विनीसियस जूनियर छाए रहे जो चोटिल होने के कारण बाहर बैठकर मैच देख रहे थे।

रोड्रिगो ने गोल करने के बाद हवा में मुट्ठी भींची और अपने साथी विनीसियस के प्रति अपना समर्थन जताया। रविवार को वैलेंसिया के दर्शकों द्वारा विनीसियस के खिलाफ की गई नस्लीय टिप्पणियों के बाद रियाल मैड्रिड का यह पहला मैच था जिसमें उनकी टीम ने अपने साथी खिलाड़ी के प्रति पूरी तरह से समर्थन व्यक्त किया। रोड्रिगो ने मैच के बाद कहा, विनी के प्रति अपार समर्थन शानदार रहा। उसके साथ जो कुछ हुआ वह किसी के साथ भी हो सकता है। हम जानते हैं कि फुटबॉल में कई बार ऐसा हुआ है लेकिन हमें खुशी है।